रांची, शुक्रवार
27:10:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 सामूहिक गोलीबारी में 22 मारे गये .. .. ..
झारखंड 9 श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर के .. .. ..
अभिव्यक्ति 6 भागवत के भाषण से उठते नये सवाल .. ..
विनोद भानुशाली की थ्रिलर 10



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 292
epaper.rashtriyakhabar.com
आश्विन, शुक्लपक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080



## शहर >> अपडेट

### हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन से झारखंड गौरवान्वित

रांची: भारत में पहली बार एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप आयोजित किया जा रहा है। पहली बार आयोजित होने वाले इस बड़े टूनार्मेंट की जिम्मेदारी झारखंड को दी गई है। इसे यादगार बनाने के लिए झारखंड सरकार हर कोशिश कर रही है।27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मोरहाबादी स्थित अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होने वाले इस चैंपियनशिप को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि इस खेल के आयोजन से झारखंड में और खेल को बढ़ावा मिलेगा और खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे। मीडियाकर्मियों से बातचीत के दरमियान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आमतौर पर इस तरह के खेल के आयोजन में हजार रुपए तक की टिकट की व्यवस्था होती है।

मॉब लिंचिंग

### दुमका के हंसडीहा मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर हेमंत सरकार पर हमला

# झूठ बोलने की आदत से मजबूर हैं मुख्यमंत्री : बाबूलाल

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका के हंसडीहा मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर हेमंत सरकार पर हमला किया है। बाबूलाल ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झूठ बोलने की आदत से मजबूर हैं। कहते हैं कि उनके शासन में प्रदेश में मॉब लिंचिंग की एक भी घटना नहीं हुई है, जबकि उनके जिले में ही आदिवासी युवक की सरेराह हत्या कर दी गयी है। कहा कि हेमंत सोरेन सिर्फ अपने घोटालों को छिपाने के लिए आदिवासी समाज को ढाल बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को समझकर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस घटना में संलिप्त दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जाये।गौरतलब है कि 22 अक्टूबर को हंसडीहा थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव के पास चरवाहों ने एक आदिवासी छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक का नाम आनंद लाल सोरेन है। वह पोडैय़ाहाट स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में दसवीं का छात्र था। वह फुटबॉल मैच देखकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक से भैंस को ठोकर लग गयी। इतनी छोटी से बात के लिए वहां मौजूद चरवाहों ने छात्र को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला।

# विधायक प्रदीप यादव ने परिजनों से की मुलाकात

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** जिला में हंसडीहा थाना क्षेत्र के मड़गामा में भैंस को धक्का मारने वाले 16 वर्षीय किशोर की ग्रामीणों द्वारा पिटाई से हुई मौत का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के मृतक के गांव पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर खूब बयानबाजी हो रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडा ने हेमंत सरकार सरकार और राज्य की पुलिस को घेरा है।कुरमाहाट गांव सरैयाहाट प्रखंड में पड़ता है जो पौड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव का विधानसभा क्षेत्र है। विधायक प्रदीप यादव बुधवार शाम गांव पहुंचे। उन्होंने ईटीवी भारत को फोन पर बताया कि उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की, इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय मुखिया भी मौजूद रहे। लोगों ने न्याय की मांग की, इस पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बातचीत की। सीएम ने मिलने के लिए 30 अक्टूबर का समय भी दिया है। विधायक ने कहा कि मृतक के परिजनों को तत्काल सरकार 10 लाख रुपए का मुआवजा दे और इसमें जो भी दोषी हैं तत्काल उनकी गिरफ्तारी की जाए।गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर सत्ताधारी दलों पर निशाना साधा है। अपने पोस्ट में उन्होंने इंडीया के दलों के साथ साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। इसके साथ ही सांसद ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए हैं।

### सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो के साथ मंच किया था साझा

# पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव 28 अक्टूबर को कांग्रेस में वापसी करेंगी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** जनवरी 2023 में पहले माटी-फिर पार्टी का नारा देकर कांग्रेस छोड़ने वाली गीताश्री उरांव 10 महीने बाद वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी कांग्रेस पार्टी की आ अब लौट चलें के तर्ज पर हो रही है। बता दें कि गीताश्री उरांव ने खुद इस बात का ऐलान किया है। बता दें कि 28 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की मौजूदगी में गीताश्री दोबारा कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन करेंगी। बता दें कि इस साल की शुरूआत में 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता की मांग और नियुक्ति नियमावली में भोजपुरी-मगही और अंगिका जैसी भाषाएं शामिल किए जाने को लेकर जारी आंदोलन के बीच गीताश्री उरांव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।सोनिया गांधी को संबोधित पत्र में गीताश्री उरांव ने कहा था कि प्रदेश की सरकार और सरकार में शामिल उनकी पार्टी झारखंडी जनभावना के अनुरूप काम करने में असफल रही है। उन्होंने कहा था कि मैं भारी मन से इस्तीफा दे रही हूं। बता दें कि गीताश्री उरांव सिसई विधानसभा सीट से विधायक रही हैं। प्रदेश की सरकार में शिक्षा मंत्री भी रह चुकी हैं। गीताश्री उरांव जनवरी से लेकर गर्मियों के मौसम तक 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता की मांग को लेकर जारी आंदोलन में काफी मुखर रही थीं। केवल इतना ही नहीं! गीताश्री उरांव ने झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम के साथ भी मंच साझा किया था। गीताश्री उरांव हाल ही में झारखंड की राजनीति में नए-नए उभरे जयराम महतो के साथ भी मंच साझा कर चुकी हैं। उन्होंने सिल्ली के पूर्व झामुमो विधायक अमित महतो के साथ भी मंच साझा किया। तब अमित महतो द्वारा पार्टी बनाने का ऐलान किए जाने को लेकर उन्होंने कहा था कि मुझे धोखे में रखा गया।

# गीता थामेंगी भाजपा का दामन, सरयू की होगी वापसी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी, चाईबासा सांसद और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा और पूर्व मंत्री एवं जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय का भाजपा में जाना करीब-करीब तय हो चुका है। दोनों नेता पांच राज्यों की मतगणना 3 दिसंबर के बाद दिल्ली या चाईबासा में भाजपा में शामिल हो सकते हैं। दोनों नेताओं की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई राष्ट्रीय नेताओं से वार्ता हो चुकी है।कोड़ा दंपती को भाजपा में वापसी की पहल खुद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मरांडी अपने संकल्प यात्रा के दौरान चाईबासा के होटल सन साइन में कोड़ा दंपती से मिले। तीनों नेताओं के बीच बंद कमरे में करीब आधे घंटे बातचीत हुई। जानकारी के अनुसार मरांडी ने दोनों नेताओं को भाजपा शामिल होने की पटकथा लिखी। जानकारी के अनुसार गीता कोड़ा का भाजपा में जाने की संभावना प्रबल हो चुकी है। मगर मधु कोड़ा जाएंगे या नहीं यह स्पष्ट नहीं है।गृह मंत्री और भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार अमित शाह जब चाईबासा दौरे पर आए थे, तो उन्होंने कोल्हान को लेकर कड़ी नाराजगी निवर्तमान अध्यक्ष दीपक प्रकाश से की थी। केंद्रीय नेतृत्व फिर से कोल्हान में अपनी पकड़ बनाना चाहता है। मगर कोई ऐसा चेहरा नहीं है जिसके सहारे वह कोल्हान की नैया पार लगा सके। उसके बाद से ही भाजपा की पैनी नजर कांग्रेस की वर्तमान सांसद गीता कोड़ा पर लग गयी। तब से लेकर लगातार गीता कोड़ा का भाजपा में जाने की चचाएं आम होती गयी। मगर हर बाद गीता कोड़ा ने इसका पुरजोर खंडन किया। इसके बाद जब मरांडी प्रदेश अध्यक्ष बनने तो वह निजी तौर पर इस अभियान में जुट गए। वे खुद इसकी दिशा में पहल की। भाजपा के लोग भी जानते हैं कि अगर गीता कोड़ा भाजपा में आ गयी तो न केवल चाईबासा सीट बल्कि पूरे कोल्हान भाजपा की पकड़ में आ जाएगा। तरह-तरह के प्रलोभन कोड़ा दंपत्ति को दिया जा रहा है। बतातें चलें कि मधु कोड़ा पहले भाजपा में थे और आएसएस के पाठशाला से निकले नेता रहे हैं। अगर आगामी दिनों कोड़ा दंपती भाजपा में जाते हैं तो कोई अचरज वाली बात नहीं होगी। इस संबंध में गीता कोड़ा से संपर्क साधा गया मगर उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका।पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को केंद्रीय नेतृत्व ने ओड़िशा का राज्यपाल बनाकर अपनी मंशा साफ कर दी है कि प्रदेश में गुटबाजी का कोई स्थान नहीं है। दास को राज्य की राजनीति से सफाया कर बाबूलाल मरांडी को सेफ स्पेश दे दिया है।

# बजट की तैयारी में हेमंत सरकार विभागों को दिया यह निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट बनाने में लग गई है। वित्त विभाग ने सभी विभागों को 15 दिसंबर तक योजना बजट मांग पत्र भेजने को कहा है। विभाग ने 24 नवंबर तक स्थापना बजट और 8 दिसंबर तक राजस्व लक्ष्य का विभागों से प्रस्ताव की मांग की है। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह ने चालू वित्तीय वर्ष की खर्च नहीं हो सकने वाली राशि 31 दिसंबर तक सरेंडर करने की हिदायत विभागीय प्रधानों को दी है। वित्त विभाग ने अगले बजट के लिए योजना विकास बजट को लेकर सभी विभागों से केंद्र और राज्य से मिलने वाले आर्थिक संसाधनों की जानकारी मांगी है। साथ ही, राजस्व प्राप्तियों का लक्ष्य भेजने का भी निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक, ये रिपोर्ट आने के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए योजना आकार तय होगा। वित्त विभाग द्वारा विभागों को जारी बजट निर्देश में कहा गया है कि अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन की मांग की गणना 1 सितंबर 2023 के आधार पर ही विभाग करें। कहा गया है कि बजट मांग पत्र में कर्मचारियों और अधिकारियों की स्वीकृत बल तो बताएं लेकिन, खाली पदों के लिए इस आधार पर वेतन की मांग नहीं करें कि आगामी माहों में पदों पर नियुक्ति संभावित है। एकमुश्त राशि के नाम पर पैसे मांगने की प्रवृत्ति पर भी वित्त विभाग ने आपत्ति जताई है। कहा है कि एकमुश्त प्रावधान के तहत विभाग को 10 लाख रुपए ही रखना है। कई विभागों में इसके विपरीत इस मद में करोड़ों की राशि रख दे रहे हैं। इस पर महालेखाकार ने आपत्ति जताई है।जानकारी के मुताबिक प्रत्येक प्रशासी विभाग वैसी छोटी-छोटी स्कीमों की पहचान करेंगे, जिनका कार्यान्वयन पंचायत स्तर से कराया जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण, अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र, प्राथमिक विद्यालयों, जन भागीदारी आधारित माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन योजनाएं भूमि समतलीकरण योजना इसमें शामिल रहेगा।

कार्यसमिति

### बाबूलाल मरांडी 28 अक्टूबर को संकल्प यात्रा खत्म करने के बाद अपनी नई टीम की घोषणा कर सकते हैं

# नवंबर पहले सप्ताह में हो सकता है भाजपा की नयी प्रदेश कार्यसमिति का गठन

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** नवंबर के पहले सप्ताह में भाजपा की नयी प्रदेश कार्यसमिति का गठन होने की संभावना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 28 अक्टूबर को संकल्प यात्रा खत्म करने के बाद अपनी नई टीम की घोषणा कर सकते हैं। भाजपा ऑफिस के सूत्रों के मुताबिक, नई कार्यसमिति में शामिल किये जाने वाले नेताओं की लिस्ट लगभग तैयार है। थोड़ी-बहुत बदलाव के बाद बाबूलाल मरांडी की सहमति के बाद नई कार्यसमिति की घोषणा हो जाएगी। नई कार्यसमिति में अधिकांश नये चेहरे नजर आएंगे। कई जिलाध्यक्षों के बदले जाने की भी चर्चा है।भाजपा ने जुलाई महीने में बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। लेकिन 4 महीने बाद भी उन्होंने अपनी नई टीम की घोषणा नहीं की है। पार्टी की कमान संभालने के बाद अगस्त से ही वे संकल्प यात्रा में निकल गये। उनकी व्यस्तता के कारण नई कार्यसमिति का गठन नहीं हो पाया है। 28 के बाद वे अपनी यात्रा से फ्री होकर सांगठनिक कार्यों और संगठन को दुरुस्त करने में अपनी ऊर्जा लगाएंगे। इस बीच वे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होने वाले चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने जाएंगे। केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें चुनाव में स्टार प्रचारक बनाया है।फिलहाल भाजपा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की बनाई हुई कॉन्फिडेंशियल कार्यसमिति काम कर रही है। जुलाई 2020 में प्रदेश महामंत्री, मंत्री, उपाध्यक्ष, प्रवक्ता समेत अन्य पदों पर करीब 40 पदाधिकारियों के नाम की आधिकारिक घोषणा हुई थी, लेकिन कार्यसमिति सदस्यों की कोई लिस्ट जारी नहीं की गई थी। दीपक प्रकाश का कार्यकाल खत्म होने के बाद पूर्व की कार्यसमिति एक्सटेंशन पर चल रही है।

## पेज एक का शेष

### भव्य मंदिर का उदघाटन .. .. ..

और नई अयोध्या टाउनशिप परियोजना के गति पकड़ने के बीच कई राज्य सरकारों ने अयोध्या में जमीन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से संपर्क किया है। इसमें राज्योंक समेत कई देशों ने भी यूपी की योगी सरकार से 5 एकड़ जमीन की मांग की है। उत्तर प्रदेश हाउसिंग बोर्ड ने नई अयोध्या टाउनशिप परियोजना में राज्य अतिथि गृह के लिए गुजरात को 6,000 वर्ग मीटर जमीन पहले ही आवंटित कर दी है। टाउनशिप परियोजना हाउसिंग बोर्ड द्वारा लागू की जाएगी जो लखनऊ-अयोध्या एनएच-27 पर 1,407 एकड़ भूमि पर बनेगी। बाद में परियोजना का विस्तार 1,800 एकड़ तक किया जाएगा। राज्य अपने गेस्ट हाउस खोलने के लिए अयोध्या में जमीन चाहते हैं।

अयोध्या प्रशासन के मुताबिक, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण कोरिया ने भी अयोध्या में 5 एकड़ जमीन मांगी है, जिसे नई अयोध्या टाउनशिप परियोजना में आवंटित किया जाएगा। नई टाउनशिप दो चरणों में बनेगा। पहले चरण में 539 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। परियोजना का पहला चरण 11 नवंबर को अयोध्या में दीपोत्सव समारोह के बाद शुरू किया जाएगा। अयोध्या प्रशासन के अनुसार, परियोजना के लिए मांझा, मांझा तिरुआ, मांझा बरहटा और शाहनवाजपुर सहित कई गांवों में जमीन खरीद ली गई है। हाउसिंग बोर्ड के अतिरिक्त आवास आयुक्त नीरज शुक्ला ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड को भूमि आवंटन के लिए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, सिक्किम, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश से आवेदन प्राप्त हुए हैं। हमने उन्हें जवाब भेजकर अयोध्या में स्थल का दौरा करने के लिए कहा है। राज्य सरकारों को भूमि तभी आवंटित की जाएगी, जब उनके प्रतिनिधि साइट पर जाएंगे और अपनी सहमति देंगे। शुक्ला ने आगे कहा कि राज्य सरकार अयोध्या में अपना गेस्ट हाउस भी बनाएगी। लगभग 100 मठों और आश्रमों ने भी अयोध्या में भूमि के लिए आवेदन किया है। लेकिन, अयोध्या में जमीन की कमी के कारण हाउसिंग बोर्ड के लिए इतने सारे मठों को जमीन आवंटित करना संभव नहीं होगा। इसलिए, हम मठों को भूमि आवंटित करने के लिए लॉटरी प्रणाली अपनाएंगे। राम मंदिर के बाद, नई टाउनशिप परियोजना अयोध्या में आने वाली अगली मेगा परियोजना होगी। राज्य सरकार ने मंदिर शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए इस परियोजना की परिकल्पना की है क्योंकि अगले साल जनवरी में राम मंदिर भक्तों के लिए खुलने के बाद अयोध्या में भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी।

### जिंदा ऑक्टोपस खाया .. .. ..

कारावास की सजा सुनाई गई थी कि यह एक सैन-नकजी दुर्घटना थी - इससे पहले कि उसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरी कर दिया गया था। क्योंकि उस पर लगे आरोपों के मामले में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले थे।

### सीटों के बंटवारे का फैसला .. ..

अब ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। वे अब ऐसी धमकियों को चुनौती देते हुए कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं, उन्होंने कहा।

### बिजली कंपनियों को भी .. .. ..

उपयोग की जाने वाली अतिरिक्त बिजली कई जगहों पर सेवा में व्यवधान पैदा कर रही है। इस बार, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि 2050 में, अकेले एसी के लिए भारत की बिजली की मांग अफ्रीका की वर्तमान कुल मांग से अधिक हो जाएगी।

दूसरी तरफ यह मुद्दा फिर से गरमा गया है कि जब आम आदमी पार्टी ने बिजली से अपनी पैठ बनाने का काम प्रारंभ किया था तो उस वक्त बिजली कंपनियों के ऑडिट का मामला जबरन ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अरविंद केजरीवाल ने उसी वक्त यह कहा था कि फर्जी आंकड़ों के जरिए बिजली कंपनियां अधिक मुनाफा कमाने के बाद भी अपना घाटा बढ़ाकर दर्शा रही है। अब अडाणी कोयला आयात का मामला सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बन चुका है कि इस एक गड़बड़ी की वजह से हर भारतीय उपभोक्ता की जेब से कितनी रकम अधिक वसूली जा रही है।

### वहां पर जीवन होने का .. .. ..

क्रेटर संरचनाएं जिन्हें बेंच-एंड-नोज लैंडफॉर्म कहा जाता है, संभवतः प्राचीन नदी तलों के अवशेष हैं।

उपग्रह डेटा, क्यूरियोसिटी छवियों और स्ट्रैटिग्राफी के 3 डी स्कैन - या लाखों वर्षों से जमा चट्टान की परतों, जिन्हें स्ट्रेटा कहा जाता है - के संयोजन पर एक कंप्यूटर मॉडल को प्रशिक्षित करके प्राचीन मंगल ग्रह की मिट्टी के क्षरण को मैप करने वाला पहला अध्ययन था। मेक्सिको की खाड़ी के समुद्र तल के नीचे। विश्लेषण से सामान्य मंगल ग्रह की क्रेटर संरचनाओं के लिए एक नई व्याख्या का पता चला, जो अब तक, कभी भी नदी के नष्ट हुए जमाव से जुड़े नहीं रहे हैं।

कर्डेनस ने कहा, इससे पता चलता है कि ग्रह पर कहीं और अनदेखे नदी भंडार हो सकते हैं, और मंगल ग्रह के तलछटी रिकॉर्ड का एक बड़ा हिस्सा मंगल ग्रह के इतिहास की रहने योग्य अवधि के दौरान नदियों द्वारा बनाया गया हो सकता है। पृथ्वी पर, नदी गलियारे जीवन, रासायनिक चक्र, पोषक तत्व चक्र और तलछट चक्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। सब कुछ इस ओर इशारा कर रहा है कि ये नदियाँ मंगल ग्रह पर भी समान व्यवहार कर रही हैं।

अपने कंप्यूटर मॉडल को डिजाइन करने में, कर्डेनस और उनकी टीम ने पृथ्वी के स्ट्रैटिग्राफी के 25 साल पुराने स्कैन के लिए एक नया उपयोग पाया। कर्डेनस ने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा एकत्र किए गए, मेक्सिको की खाड़ी के समुद्र तल के नीचे के स्कैन ने मंगल ग्रह की एक आदर्श तुलना प्रदान की।

टीम ने पृथ्वी पर वास्तविक, रिकॉर्ड किए गए स्ट्रैटिग्राफी के 3डी स्कैन का उपयोग करके मंगल ग्रह जैसे क्षरण का अनुकरण किया। जब उन्होंने सिमुलेशन चलाया, तो मॉडल ने क्षरणकारी मार्टियन परिदृश्यों का खुलासा किया, जो नदी की लकीरों के बजाय स्थलाकृतिक बेंच और नाक का निर्माण करते थे, जो गेल क्रेटर के अंदर क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा देखे गए भू-आकृतियों के लगभग समान दिखाई देते थे।

कर्डेनस ने कहा, हमारे शोध से संकेत मिलता है कि मंगल ग्रह पर पहले की तुलना में कहीं अधिक नदियाँ हो सकती हैं, जो निश्चित रूप से मंगल पर प्राचीन जीवन के बारे में अधिक आशावादी दृष्टिकोण पेश करती है। यह मंगल ग्रह का एक दृश्य प्रस्तुत करता है जहां अधिकांश ग्रह पर कभी जीवन के लिए सही परिस्थितियाँ थीं।

### वायनाड में निपाह वायरस .. .. ..

जॉर्ज ने कहा कि जनता को डरने या घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि जानकारी केवल जागरूकता पैदा करने और लोगों को सतर्क और सतर्क करने के लिए दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वायरस के संबंध में स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों का समन्वय किया जा रहा है और निपाह संक्रमण के संदिग्ध मामलों से निपटने के लिए स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निपाह वायरस का संक्रमण पूरे भारत में कहीं भी संभव है, लेकिन चूंकि वायनाड में चमगादड़ों में इसका पता चला है, इसलिए उन्होंने हमें सूचित किया और हम निवारक उपायों को मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इसका उद्देश्य केवल जागरूकता पैदा करना है। जॉर्ज राज्य में निपाह प्रकोप की वर्तमान स्थिति के बारे में पत्रकारों से बात कर रहे थे, जिसने पिछले महीने कोझिकोड जिले में छह लोगों को संक्रमित किया था और जिनमें से दो की मौत हो गई थी।

मंत्री ने कहा कि वे सभी लोग जो संक्रमित लोगों की संपर्क सूची में थे, उन्होंने अपना अलगाव और संगरोध अवधि पूरी कर ली है। उन्होंने यह भी कहा कि यह गर्व की बात है कि राज्य निपाह से मृत्यु दर, जो लगभग 70-90 प्रतिशत है, को 33 प्रतिशत तक सीमित करने में सक्षम है। मंत्री ने वायरस से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कोझिकोड-विशिष्ट मानक संचालन प्रोटोकॉल (एसओपी) जारी करने जैसे विभिन्न उपायों का भी उल्लेख किया।



27:10:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 292 | epaper.rashtriyakhabar.com | आश्विन, शुक्लपक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

न राज्यं प्राप्तमित्येव वर्तितव्यम साम्प्रतम।

श्रियं ह्यविनयो हन्ति जरा रूपमिवोत्तमम॥

**भावार्थ :** प्राप्त होनेवाले राज्य को अविनय/ अक्खड़ता/ उद्दंडता/ हठ/ स्वेच्छाचारिता/ बिना मंत्रिमंडल तथा वरिष्ठ सभासदों से मशविरा लिए मनमाने ढंग से नहीं चलाना चाहिए, क्योंकि उद्दंडता राजलक्ष्मी को वैसे ही नष्ट कर डालती है जैसे बुढ़ापा सुंदरता को नष्ट कर देता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 27.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .13 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .51 बजे

## चीन ने मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान:** चीन ने शेनझोउ-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान गुरुवार को प्रक्षेपित किया। इसमें सवार तीन अंतरिक्ष यात्रियों को एक अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पर लगभग छह महीने तक कक्षा में रहने के लिए भेजा गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के ऊपर अंतरिक्ष यान, उत्तर पश्चिम चीन में जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से प्रक्षेपित किया गया। सीएमएसए के उप निदेशक लिन जकियांग ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यान में तांग होंगबो, तांग शेंगजी और जियांग शिनलिन अंतरिक्ष यात्री हैं। वे विभिन्न कक्षा में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुप्रयोग पेलोड परीक्षण तथा प्रयोग करेंगे। श्री लिन ने कहा कि तीनों यात्री अतिरिक्त वाहन संबंधी गतिविधियां करेंगे, अतिरिक्त वाहन पेलोड स्थापित करेंगे और अंतरिक्ष स्टेशन के रखरखाव और अन्य कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शेनझोउ-17 अंतरिक्ष यात्री पहली बार अतिरिक्त वाहन प्रायोगिक रखरखाव करेंगे, जो एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है।

## पुलिस चौकी में लगी आग से कई हथियार जले

**पटना:** बिहार में पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र में सगुना मोड़ पुलिस चौकी में आज अचानक लगी आग में कई राइफल और कारतूस जलकर राख हो गए। सूत्रों ने यहां बताया कि चौकी में गुरूवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख चारो ओर अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंच कर आग को बुझाने का प्रयास किया। सूत्रों ने बताया कि करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी में पुलिस के दो राइफल और 100 से अधिक कारतूस के जलकर खाक होने की बात सामने आ रही है। इस बीच नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राजेश कुमार ने सगुना मोड़ पुलिस चौकी आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया और कहा कि आग की सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया।

## ताइवान के पूर्व कर्नल को 20 वर्षों की सजा

**ताइपे:** ताइवान वायु सेना के सेवानिवृत्त कर्नल लियू शेंग-शू को चीन के लिए सैन्य जासूसी करने के आरोप में 20 वर्षों की जेल की सजा सुनाई गई है। कर्नल लियू को चीन को सैन्य गुप्त सूचनाएं प्रदान करने के लिए अन्य सक्रिय-ड्यूटी अधिकारियों की भर्ती करने का भी दोषी ठहराया गया। नौसेना और वायु सेना के पांच अन्य अधिकारियों को उनकी संलिप्तता के लिए छह महीने से 20 वर्षों की जेल की सजा सुनाई गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार कर्नल लियू को 2013 में चीन की कारोबारी यात्रा के दौरान भर्ती किया गया था। वह कथित रूप से मुखबिरों का एक नेटवर्क चलाता था और उन्हें मुखौटा कंपनियों के माध्यम से भुगतान करता था। अभियोजकों ने कहा कि उसे सैन्य खुफिया जानकारी देने के लिए भुगतान किया गया था, जैसे कि हवाई जहाज और युद्धपोतों के कार्यों पर विवरण आदि। उसकी जेल की सजा के अलावा, अधिकारियों ने उसकी तथाकथित अवैध कमाई 5,14,000 अमेरिकी डॉलर जब्त किए। ताइवान हाई प्रॉसिक्यूटर ऑफिस की काऊशुंग शाखा ने जनवरी में कर्नल लियू और छह अन्य अधिकारियों पर आरोप लगाए थे जिसमें से एक को बरी कर दिया गया।

## त्रिपुरा में गोमती नदी से प्राचीन मूर्ति बरामद

**अगरतला:** त्रिपुरा के उदयपुर में मंगलवार को देवी दुर्गा के विसर्जन के दौरान गोमती नदी से लगभग 400 किलोग्राम वजन की एक प्राचीन पत्थर की मूर्ति मिली। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने गुरुवार को इस बरामदगी की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मूर्ति के हाथ नहीं हैं और यह किसी अमूर्त महिला की आकृति जैसी दिखती है। पुलिस ने विशेषज्ञों की पुष्टि के लिए इसे आरके पुर थाने में अपने कब्जे में ले लिया है। मूर्ति लोकनाथ मंदिर क्षेत्र के पास नदी में तब मिली जब नगर पालिका कर्मचारी विसर्जन प्रक्रिया की व्यवस्था कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि लंबे समय तक पानी के संपर्क में रहने के कारण मूर्ति कुछ हद तक क्षत-विक्षत हो गई है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**घोषणा** › श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारी मिले प्रधानमंत्री से

# भव्य मंदिर का उदघाटन 22 जनवरी को होगा

- खुद नरेंद्र मोदी ने भी जानकारी सांझा की
- हिंदू नेताओं को आमंत्रित करने की योजना
- कई अन्य देशों ने भी मांगी है यहां जमीन

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** पूर्व अनुमान के मुताबिक ही अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का उदघाटन की तिथि अब सार्वजनिक हो गयी है। इस बात का अनुमान पहले ही लगाया गया था कि जनवरी के तीसरे सप्ताह में इसकी तिथि रखी जाएगी। इसके बाद ही चुनाव आयोग देश में चुनाव संबंधी अन्य एलान करेगा। इसी अनुमान के मुताबिक आज श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की और उन्हें मंदिर के उदघाटन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके बाद यह घोषणा हुई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होंगे जो देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।



**श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट चंपत राय ने पुष्टि की**

भगवान राम की मूर्ति 22 जनवरी को मंदिर में स्थापित की जाएगी और पीएम मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। ट्रस्ट की योजना अभिषेक समारोह के लिए 136 सनातन परंपराओं के 25,000 से अधिक हिंदू धार्मिक नेताओं को आमंत्रित करने की है। अभिषेक समारोह में भाग लेने वाले 25,000 संतों के अलावा, 10,000 विशेष अतिथि भी होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2019 में एक फैसले में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इसके बाद केंद्र ने निर्माण चरण के दौरान निर्णय लेने के लिए श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की स्थापना की। ट्रस्ट की देखरेख में मंदिर का काम निरंतर गति से आगे बढ़ रहा है। रामलला की मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में होगी। मंदिर की आधारशिला 5 अगस्त, 2020 को पीएम मोदी ने रखी थी। भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कल देश भर के लोगों से इस अवसर का जश्न मनाने के लिए मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन से पहले अधिकारियों को अयोध्या का सौंदर्यीकरण करने और अत्याधुनिक शहरी सुविधाएं प्रदान करने का आदेश दिया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनूंगा। उन्होंने लिखा, जय सियाराम! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है। मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा। पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन भावनाओं से भरा है। हाल ही में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारी मुझसे मिलने मेरे आवास पर आए थे। उन्होंने मुझे श्री राम मंदिर के अभिषेक के अवसर पर अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। यह पोस्ट हिंदी में है, साथ में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की तस्वीर भी है।

इस बीच यह सूचना भी सार्वजनिक हुई है कि राम मंदिर निर्माण का पहला चरण पूरा होने ›› पेज 2 भी देखें

दक्षिण कोरिया के एक व्यक्ति के अजीब शौक की जानकारी मिली

# जिंदा ऑक्टोपस खाया तो हार्ट अटैक हुआ

राष्ट्रीय खबर



**सियोल:** दक्षिण कोरिया में एक 82 वर्षीय व्यक्ति को जीवित ऑक्टोपस या सान-नकजी का एक टुकड़ा खाने के बाद दिल का दौरा पड़ा। जिंदा ऑक्टोपस का यह एक स्थानीय व्यंजन है जिसमें ताजे कटे हुए - और अभी भी हिलते हुए - टेंटेकल्स शामिल होते हैं। फायर स्टेशन के एक अधिकारी के अनुसार, देश के दक्षिणी सिरे के पास के शहर ग्वांगजू में फायर स्टेशन के अधिकारियों को सोमवार सुबह एक रिपोर्ट मिली कि सैन-नकजी का एक टुकड़ा एक आदमी के गले में फंस गया है। अधिकारी ने कहा, जब पहले वहां पर पहुंचे, तो उस व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट हुआ और उन्होंने सीपीआर दिया। अधिकारी ने यह नहीं बताया कि वह व्यक्ति जीवित बचा या नहीं।

सैन-नकजी एक छोटे ऑक्टोपस को संदर्भित करता है जिसे काटकर कच्चा परोसा जाता है, जिसे अक्सर दक्षिण कोरिया के तटीय क्षेत्रों या समुद्री भोजन बाजारों में खाया जाता है। हालाँकि डिश का नाम जीवित ऑक्टोपस है, लेकिन यह थोड़ा भ्रामक है - ऑक्टोपस को परोसने से पहले मार दिया जाता है, उसके तम्बू को भागों में काट दिया जाता है। हालाँकि, इसे काटने के तुरंत बाद परोसा जाता है, और यह इतना ताजा होता है कि टेंटेकल्स की नसें अभी भी सक्रिय रहती हैं - जिससे ऑक्टोपस जीवित दिखाई देता है क्योंकि यह प्लेट पर घूमता रहता है।

सैन-नकजी को अक्सर तिल के तेल, तिल के बीज और कभी-कभी अदरक के साथ परोसा जाता है और इसकी बनावट चबाने जैसी होती है। यह व्यंजन पहले भी सुर्खियां बटोर चुका है, स्थानीय मीडिया ने पिछले कुछ वर्षों में भोजन करने वालों की जीवित ऑक्टोपस के कारण दम घुटने या दम घुटने से मौत के कई मामले दर्ज किए हैं।

शायद सबसे प्रसिद्ध मामले में, जिसे ऑक्टोपस हत्या कहा जाता है, एक दक्षिण कोरियाई व्यक्ति को 2012 में अपनी प्रेमिका की हत्या करने और यह दावा करने के लिए आजीवन ›› पेज 2 भी देखें

# सीटों के बंटवारे का फैसला राज्य इकाइयों करेंगी: खडगे

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी की राज्य इकाइयां आगामी विधानसभा चुनावों के लिए क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे पर अपने फैसले खुद लेंगी, उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा अभी होनी बाकी है। श्री खड़गे ने पत्रकारों से कहा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक, समावेशी गठबंधन (इंडिया) में शामिल पार्टियों के साथ सीट बंटवारे पर निर्णय संबंधित राज्यों की स्थानीय कांग्रेस इकाइयों पर छोड़ दिया गया है। स्थानीय कांग्रेस नेता पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टियों के प्रदर्शन के आधार पर यह तय करेंगे कि अपने संबंधित राज्यों में भारतीय गठबंधन पार्टियों के साथ जाना है या नहीं। चूंकि वर्तमान में फोकस पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर है, इसलिए लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय ब्लॉक में पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा सामने नहीं आई है, उन्होंने कहा। सभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त कांग्रेस के दिग्गज नेता ने कहा कि पूरे देश में भाजपा विरोधी लहर चल रही है क्योंकि भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। भाजपा पिछले चुनावों के अपने अभियानों के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। लोग भाजपा शासन से निराश हैं, श्री खड़गे ने कहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह जाकर लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। वह लोगों से कह रहे हैं कि वे राज्य में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों या मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को नहीं बल्कि उन्हें ध्यान में रखते हुए भाजपा को वोट दें। यदि भाजपा सत्ता में आई तो क्या श्री मोदी किसी राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे? लोग जानते हैं कि वास्तव में उनके लिए कौन काम करेगा और कौन नहीं और उसी के अनुसार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने विरोधियों के खिलाफ आयकर (आईटी) विभाग जैसी एजेंसियों से छापेमारी कराकर अपने आलोचकों और विपक्ष को दबाने के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है.केंद्र की भाजपा सरकार विपक्षी दलों को आईटी छापों से धमकी देना कोई नई बात नहीं है। लोग इसे जानते हैं। वे ›› पेज 2 भी देखें

# महबूबा मुफ्ती फिर से पार्टी अध्यक्ष चुनी गयी

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को तीन साल के कार्यकाल के लिए फिर से पार्टी अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी ने गुरुवार को श्रीनगर में चुनाव कराया। पार्टी के एक नेता ने कहा कि पार्टी उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान वीरी ने अध्यक्ष पद के लिए सुश्री मुफ्ती का नाम प्रस्तावित किया था और पार्टी महासचिव गुलाम नबी हंजुरा ने इसका समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि सुश्री मुफ्ती के पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने पीडीपी का गठन 1999 में कांग्रेस छोड़ने के बाद किया था। पार्टी ने 2003 में कांग्रेस के साथ और बाद में 2015 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ प्रदेश में सरकार बनाई थी। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद, कई संस्थापक सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी।

## कतर में आठ भारतीय नौसेना के अधिकारियों को मौत की सजा

**नयी दिल्ली :** कतर में लंबे समय से कैद आठ भारतीय नागरिकों को वहां की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यहां यह जानकारी साझा करते हुए भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को आश्वासन दिया है कि भारत सरकार उनकी रक्षा के लिए सभी कानूनी एवं राजनयिक सहायता उपलब्ध कराएगी। मंत्रालय के बयान में कहा गया, हमें प्रारंभिक जानकारी मिली है कि कतर की प्राथमिक अदालत ने आज अल दहरा कंपनी के आठ भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया। मंत्रालय ने कहा, हम इन भारतीय नागरिकों को मृत्युदंड के फैसले से हतप्रभ हैं और विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं, और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। बयान में कहा गया, हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और इस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम फैसले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाएंगे।

अडाणी कोयला आयात पर चिंतित है केंद्र सरकार

# बिजली कंपनियों को भी अब परेशानी होने लगी

- देश में बिजली की मांग बढ़ी है
- केंद्र का कोयला आयात का निर्देश
- केजरीवाल ने पहले लगाया था आरोप

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** अडाणी की कंपनी द्वारा इंडोनेशिया से कोयला आयात और अधिक कीमत पर उनकी बिक्री ने बिजली उत्पादन के पूरे गोरखधंधे पर फिर से राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया है। वैसे भी ऊर्जा संबंधी आंकड़े यह बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग काफी बढ़ गई है। लेकिन आपूर्ति ठीक से नहीं हो पाने के कारण कई स्थान लोड शेडिंग से प्रभावित हैं। समस्या मुख्य रूप से कोयला उत्पादन में संकट और कोयला आयात करने वाले बिजली संयंत्रों के बंद होने से बढ़ी है। जनता के आक्रोश को देखते हुए, केंद्र ने पिछले मार्च में आयातित कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों को पूरी क्षमता से संचालित करने का आदेश दिया। इस बार में बिजली मंत्रालय ने कहा कि यह आदेश अगले जून तक लागू रहेगा। इसके बीच ही अचानक यह राज खुला कि कम कीमत पर आयात करने के बाद कई गुणा अधिक कीमत पर उन्हें देश में बेचा जा रहा है। इसके तथ्य भी सार्वजनिक हो चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि गर्मी में केंद्र को बिजली की समस्या की आंच महसूस हो सकती है जबकि चुनावी माहौल में भाजपा पहले से ही इस आंच का सामना कर रही है।

सरकार की तरफ से दलील दी गयी है कि कोयले की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है। पानी और बिजली की आपूर्ति भी कम हो गई है। आयातित कोयला आधारित संयंत्रों से बिजली की आपूर्ति आवश्यक है। टाटा ट्रॉम्बे, अदानी पावर मुंद्रा, एस्सार पावर गुजरात, जेएसडब्ल्यू रत्नागिरी जैसे केंद्रों को निर्देश दिया गया है। इस तरफ, वितरण कंपनियां लंबे समय से दावा कर रही हैं कि ग्राहकों को सूचित किए बिना एसी के लिए ›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › मंगल ग्रह पर प्राचीन नदियों के साक्ष्य क्यूरियोसिटी रोवर ने खोजे

# वहां पर जीवन होने का यह नया संकेत

- तमाम आंकड़ों का विश्लेषण किया गया
- नदी रही होगी तो जीवन भी रहा होगा
- थ्री डी मॉडल बनाकर भी जांचा गया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अंतरिक्ष शोध यान क्यूरियोसिटी रोवर को प्राचीन मंगल नदियों के नए साक्ष्य मिले, जो जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत हैं। क्यूरियोसिटी रोवर के डेटा के नए विश्लेषण से पता चलता है कि आज मंगल ग्रह पर मौजूद अधिकांश क्रेटर कभी रहने योग्य नदियाँ रही होंगी।



पेन स्टेट में भूविज्ञान के सहायक प्रोफेसर और खोज की घोषणा करने वाले एक नए पेपर के मुख्य लेखक बेंजामिन कर्डेनस ने कहा, हम इस बात के सबूत ढूंढ रहे हैं कि मंगल ग्रह संभवतः नदियों का ग्रह था। हम पूरे ग्रह पर इसके संकेत देखते हैं। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने सहस्त्राब्दियों से मंगल ग्रह पर क्षरण का अनुकरण करने के लिए संख्यात्मक मॉडल का उपयोग किया और पाया कि सामान्य ›› पेज 2 भी देखें

**यह विश्लेषण स्नैपशॉट नहीं है, बल्कि परिवर्तन का एक रिकॉर्ड है**

कर्डेनस ने कहा, हमारे पास मंगल ग्रह के बारे में बेहतर ढंग से समझने के लिए सब कुछ है कि कैसे इन नदी जैसे निशानों की स्ट्रेटीग्राफिक रूप से व्याख्या की जा सकती है, आज चट्टानों के बारे में समय के साथ जमा हुई तलछट की परतों के रूप में सोच सकते हैं। यह विश्लेषण स्नैपशॉट नहीं है, बल्कि परिवर्तन का एक रिकॉर्ड है। आज हम मंगल ग्रह पर जो देखते हैं वह एक सक्रिय भूगर्भिक इतिहास के अवशेष हैं, न कि समय में जमे हुए कुछ परिदृश्य। मंगल ग्रह से उपग्रह डेटा के पूर्व अध्ययनों ने प्राचीन नदी के अवशेषों के संभावित उम्मीदवारों के रूप में कटाव वाली भू-आकृतियों की पहचान की थी, जिन्हें फ़्लूवियल कटक कहा जाता है। गेल क्रेटर पर क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा एकत्र किए गए डेटा का उपयोग करते हुए, टीम को नदी जमाव के संकेत मिले जो कि नदी के किनारे से जुड़े नहीं हैं, बल्कि बेंच-एंड-नोज भू-आकृतियाँ हैं जो कभी भी प्राचीन नदी जमाव से नहीं जुड़ी हुई हैं।

# वायनाड में निपाह वायरस का पता चला, चेतावनी जारी

राष्ट्रीय खबर



**तिरुअनंतपुरम:** आईसीएमआर ने वायनाड में चमगादड़ों में निपाह वायरस की मौजूदगी का पता लगाया है। इस जानकारी के बाद केरल सरकार ने बुधवार को कहा कि आईसीएमआर ने उन्हें राज्य के वायनाड जिले में चमगादड़ों में निपाह वायरस की मौजूदगी के बारे में सूचित किया है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने अपने द्वारा एकत्र किए गए चमगादड़ों के नमूनों के अध्ययन के आधार पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, आईसीएमआर ने कहा है कि उसे वायनाड में चमगादड़ों में वायरस की मौजूदगी मिली है। यह वहां के पारिस्थितिकी तंत्र की निरंतरता है। इस साल निपाह वायरस का प्रकोप वायनाड के पड़ोसी कोझिकोड जिले में हुआ था और छह लोग इससे संक्रमित हुए थे, जिनमें से दो की मौत हो गई थी। ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बेड़ो के नये अंचलाधिकारी ने किया प्रभार ग्रहण

**बेड़ो :** अंचल के नये अंचाधिकारी प्रताप मिंज ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व सीओ सुमंत तिर्की ने नये सीओ को प्रभार सौंपा। मौके पर नये अंचाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि बेड़ो अंचल क्षेत्र में किसी भी तरह का मामला हो आम नागरिक मुझसे सिधे संपर्क कर सकते हैं। मैं यथा संभव नियम संवत हल करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर ज्ञात हो कि पूर्व सीओ सुमंत तिर्की का स्थानांतरण कोडरमा जिला में एलआरडीसी के पद पर हो गया है। मौके पर प्रधान सहायक फारुख नदीम, कनीय अभियंता मो सद्दाम, बीपीओ संजय तिर्की, मनोरंजन देघारिया, मुकेश उरांव समेत अंचल कर्मी मौजूद थे। वहीं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, पूर्व जिप्स मनोज लकड़ा, रसीद मीर, लीला मुंडा, बुधराम उराँव ने बुके देकर स्वागत किया।

**अपराध** चंदनकियारी बरमसिया मुख्य पथ से करीब 200 मीटर की दूरी पर

# गुवाई नदी के नजदीक पेड़ पर लटका सड़ा हुआ शव पुलिस ने किया बरामद

- शव की हालत इतनी खराब थी कि दूर तक उसकी दुर्गंध मिल रही थी।
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** गुवाई नदी के नजदीक एक पेड़ पर लटका सड़ा हुआ शव पुलिस ने बरामद किया है। क्षत विक्षत अवस्था के कारण शव की पहचान नहीं हो पायी है। घटना चंदनकियारी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने चंदनकियारी बरमसिया मुख्य पथ से करीब 200 मीटर की दूरी पर चंदनकियारी श्मशान घाट के सामने कपड़े से लटका हुआ शव को देखा। शव की हालत इतनी खराब थी कि दूर तक उसकी दुर्गंध मिल रही थी। वही शव में कीड़े लग गए थे। स्थानीय पुलिस ने बड़ी मशक्कत से शव को पेड़ में लगे फंदे से उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस आसपास पूछताछ भी की, लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार यह शव 8 से 10 दिनों पूर्व का है। फिलहाल यह मामला हत्या या आत्महत्या का है, इसकी अनुसंधान में चंदनकियारी पुलिस जुटी है।

## न्यूज फटाफट

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर सांसद ने की प्रेसवार्ता



चांडिल : ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाइस्कूल मैदान में गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का शुक्रवार को आगमन को लेकर प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम का तैयारी एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया गया। वहीं सांसद श्री सेठ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वादा खिलाफी व केन्द्र सरकार की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने में असफलता को जनताओं के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी कल ईचागढ़ विधानसभा में संकल्प यात्रा में दहाड़ेंगे, जिसका तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं कोल्हान प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा में टीकर मैदान में सुबह 10 बजे कार्यक्रम है और 10 हजार समर्थकों का पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जोर सोर से कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष बिजय महतो, जिला महामंत्री राकेश सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज महतो, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर दास महतो, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, जिला युथ उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो, मंडल अध्यक्ष फटीक चन्द्र गोराई, भाजपा नेता भूषण चन्द्र मुर्मू, अनिल सिंह, नकूल घोष आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीसरी बार बने संजय चौधरी श्याम कला भवन के अध्यक्ष



**चांडिल :** 23 नवंबर को होने वाले 27 वां श्री श्याम जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर श्रवण जालान की अध्यक्षता मे एक बैठक श्याम मंदिर चांडिल मे हुआ। जिसमें जन्मोत्सव के आयोजन पर चर्चा किया गया एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार संजय चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। संजय शर्मा को संयोजक एवं दुर्गा चौधरी और संजय बागड़ीया संजय को सह संयोजक बनाया गया, परमानंद पसरी को सचिव एवं रोहित चौधरी को कोषाध्यक्ष, मोंटी चौधरी को सह कोषाध्यक्ष, राजीव साव एवं पवन जालान को उपाध्यक्ष, चंदन रूंगटा एवं हरीश सुलतानीया को सह सचिव बनाया गया। इसके पूर्व बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर समिति के द्वारा अनुदान कुपन का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अरुण रूंगटा, मारवाड़ी युवा मंच के सचिव गौरव बागड़िया बिक्रम जालान, अश्विनी शर्मा, पंकज जालान मनोज राय, रॉबिन चौधरी, परवीन पसरी, पवन शर्मा, गिरी कुंडू, मयंक रूंगटा, सहित काफी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ईचागढ़ विधानसभा के 12 सड़कों का निकला टेंडर

**चांडिल :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा के 12 महत्वपूर्ण सड़कों का टेंडर निकला। जिसमें नीमडीह प्रखंड के रामनगर बांदु पथ से हेवन से लावा होते हुए अण्डा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, कुकड़ू प्रखंड के रुपरु से सीरुम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, लेटमदा से जारगो तक का सुदृढ़ीकरण, डेरे से रेलवे लाईन तक का सुदृढ़ीकरण, छातारडीह से जारगो मोड़ भाया महादेबेड़ा तक का सुदृढ़ीकरण तेरह करोड़ चौहतर लाख चौदह हजार सात सौ रुपये व ईचागढ़ प्रखंड में आरईओ रोड से कुंद्रीलोंग ग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण,कुंद्रीलोंग (भागाबांध) से धातकीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण, बड़ाआमड़ा से जाहेरडीह भाया सिलदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, गौरांगकोचा से करनडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण, नागासेरेंग से कुटाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, कुटाम से काठघोड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, नागासेरेंग बाजार से डूंगरीडीह भाया आमनदीरी सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण चौदह करोड़ सैतालिस लाख ईकतीस हजार दो सौ रुपये की लागत से निर्माण होने वाले सड़क का टेंडर निकला।

# मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित सभागार में डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर शुक्रवार से शुरू होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी संवाददाताओं को दी। मौके पर ईआरओ बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, ईआरओ बेरमो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर डीईओ सह डीसी श्री चौधरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हत्ता तिथि 01.01.2024 के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार एकीकृत मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन दिनांक 27.10.2023, दावे और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 27.10.2023 से 9.12.2023 को, दावे एवं आपत्ति का निराकरण की तिथि 26.12.2023 निर्धारित है। वहीं, मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम प्रकाशन 5.01.2024 को होगा। इस दौरान मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान तिथि 28-29 अक्टूबर 2023 एवं 4-05 नवम्बर 2023 है। उन्होंने बताया कि जिले के चार विधानसभा गोमिया, बेरमो, बोकारो एवं चंदनकियारी की जनसंख्या 22 लाख 60 हजार 778 है। इसमें मतदाताओं की संख्या 14 लाख, 36 हजार 389 है।

## विभाग की लापरवाही से क्षेत्र के लोगों में पानी के लिए मचा त्राहिमाम



राष्ट्रीय खबर

**जैनामोड़ :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुंटरी पंचायत स्थित केन्दुआडीह में संचालित जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना पूरी तरह से सफेद हाथी के रूप में विराजमान हो गया है। ठेकेदार बिनोद लाल बीमारी से लाचार होकर सभी विभागीय कार्य से अलग होना चाहता है। लेकिन विभाग अपनी उत्तरदायित्व से अपना पल्ला झाड़ रहा है। जिस कारण जैनामोड़ ?जलापूर्ति योजना से जुड़े 9 पंचायत के लोगों को नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। इस मामले को लेकर बांधडीह उतरी के मुखिया बलराम तिवारी और जैना पंचायत के मुखिया आनंद महतो के नेतृत्व में बैठक पानी टंकी प्रांगण में आयोजित किया गया। बैठक में जिला पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता राम प्रवेश राम ने कहा कि उच्च स्तरीय जांच के बाद मामला पर कार्रवाई किया जाएगा। आनंद महतो के नेतृत्व में निर्णय लिया गया कि पांच दिनों के अंदर विभाग द्वारा स्थाई समाधान नहीं किया गया तो जैनामोड़ जलापूर्ति योजना का गेट जाम करके आंदोलन किया जाएगा। बैठक में रितेश ?मिश्रा, अमर कुमार मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, राखी कुमारी, लखी देवी, जल सहिया सदस्य उपस्थित थे।

### चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा पांच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ



**बोकारो :** चिन्मय मिशन बोकारो के तत्वाधान में पांच दिवसीय गीता ज्ञान-यज्ञ 1 से 5 नवंबर तक गीता भवन, जगन्नाथ मंदिर, बोकारो में आयोजित की जा रही है। चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या परमपूज्य स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती इस ज्ञान-यज्ञ कि प्रवचनकर्ता है। इनके सुमधुर वचनों से भगवद्गीता, अध्याय 15 - पुरुषोत्तम योग पर व्याख्यान करेगीं। ज्ञात हो की परम पूज्य स्वामी संयुक्तानंद सरस्वती भगवद्गीता, रामायण एवं वेदो पर देश के विभिन्न प्रांतो में सैकड़ो ज्ञान-यज्ञ का आयोजन कर चुकी है। उनकी मधुर वाणी एवं सरल भाषा के कारण श्रोतागण भक्ति भाव में डूब जाते हैं। 1 से 5 नवंबर तक आयोजित ज्ञाण-यज्ञ में बोकारो-चास के सैकड़ो भक्तगण भक्ति-रस का लाभ उठा सकेंगे और इसे अपने दैनिक जीवन में उपयोग में लाकर, अपने जीवन को और खुशहाल एवं अनुशासन प्रिय बना सकेंगे। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ने कहा कि भगवद्गीता एक धर्म ग्रंथ के साथ-साथ जीवन जीने की अद्भुत शैली है। भगवद्गीता भगवान के द्वारा गाया हुआ वह ज्ञाण है जो सभी मानव को सही दिशा दिखाता है हमारी अज्ञानता को दुर करता है और हमारे आत्मविश्वास को जगाता है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सभी योजनाओं को 15 नवंबर तक करें पूर्ण : डीडीसी


**बोकारो :** चंदनकियारी प्रखंड सभागार में गुरुवार को डीडीसी कीर्तीश्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदनकियारी, अंचल अधिकारी, चंदनकियारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, बोकारो, जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो, सहायक अभियंता, विद्युत अवर प्रमंडल, चंदनकियारी, वरीय लेखा पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो, डीपीएम, जेएसएलपीएस, एरिया प्लानिंग एक्सपर्ट, रुर्बन मिशन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों तथा जेएसएलपीएस के महिला समूह की दीदी आदि शामिल हुए।

### प्रबंधन की वादाखिलाफी नीति से रैयत मजदूर परेशान

**तालगड़िया :** नियोजन की मांग को लेकर पूर्व में हुई वार्ता के अनुसार बुधवार को भागाबांध रजवार टोला के के रैयत वेदांता-इलेक्ट्रोस्टील के कार्यालय पहुंचे। परंतु प्रबंधन की ओर से वार्ता के लिए कोई अधिकारी ने रूचि नहीं लिया। दिन भर कार्यालय के बाहर बैठे ग्रामीण बैरंग लौट आए। कहा कि प्रबंधन के कथनी और करनी में अंतर है। मौके पर रथु रजवार, निताय रजवार, प्रदूम रजवार, कालीपद रजवार, गुहीराम रजवार, संजय रजवार, सुनिल रजवार, राकेश रजवार आदि उपस्थित थे।

# अन्न की देवी लक्खी पूजा कल, तैयारी पूरी

राष्ट्रीय खबर



**तुपकाडीह :** अन्न की देवी कही जाने वाली मां लक्खी की पूजा शनिवार को तुपकाडीह के नुतनडीह, महादेववर, कुम्हारडीह, पथुरिया आदि गांवों में स्थित मंदिरों में विधि विधान के साथ के साथ होगी। सभी स्थानों में पूजा की तैयारी एवं माता जागरण कराने का निर्णय हो गया हैं। नुतनडीह पूजा कमेटी के अध्यक्ष कलाचंद महतो, कुम्हारडीह के रंजीत साव ने बताया कि मूलतः किसान और बंग भाषी लोग का परिवार इस पूजा के आने की खुशी प्रत्येक वर्ष करते हैं। नूतनडीह में वर्ष 1969 से पूजा होती हैं। तब के पुराने लोग अब सभी दिवंगत मोती लाल ठाकुर, डोमन हजाम, सूदन महतो, महाबीर साव, अन्दू महतो, हीरालाल महतो आदि ने मंदिर का निर्माण करवाया था। लक्खी मंदिर के प्रांगण में ही 108 फिट ऊंचा हरि मंदिर का निर्माण हो रहा हैं।

# बुढमू में ऐतिहासिक गुतरू मेला सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरु मेला गुरुवार को संपन्न हो गया। मेला का उदघाटन बुढ़मू बीडीओ धीरज कुमार, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहु, जिप सदस्य रामजीत गंझु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने किया। मेला में बुढ़मू समेत खलारी, चतरा, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदगा समेत अन्य जगहों से हजारों मेलार्थी शामिल हुए। मेला में मेलार्थियों ने कृषि उपकरण, मिठाई, ईख समेत घरेलू समानो की जमकर खरीदारी किया। मेला में आयोजन समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसका दर्शकों ने देर शाम तक लुत्फ उठाया। गुतरू मेला में बुढ़मू अंचलाअधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी , पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव समेत कई नेता और गण्यमान्य लोग शामिल हुए। इस मेले के साथ कई मांगलिक कार्य क्षेत्र में गुतरु मेला के बाद ही शादी समेत अन्य कार्य आरंभ होते हैं। क्षेत्र में परंपरा है कि गुतरु मेला में ही लड़का व लड़की को शादी के लिए देखने की परंपरा होती है। आज के समय मे भी यह परंपरा चलती आ रही है। मेला में विधि व्यवस्था की कमान बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय संभाले हुए थे। मेला के सफल आयोजन में कमेटी के राहुल कुमार,संदीप कुमार,मधुसुदन पाहन,शिवचरण महतो,नागेश्वर महतो आदि लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

### सारजमडीह में दुर्गा पुजा व रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन



**तमाड़ :** तमाड प्रखंड क्षेत्र के सारजमडीह बड़ा तालाब पर दुर्गा बिसर्जन सह रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किगा गया। हर वर्ष कार्यक्रम का आयोजन राधा रानी सार्वजनिक मंदिर समिति करती है। इस अवसर पर बड़ा तालाब पर दुर्गा सहित अन्य प्रतिमाओं का विधि पूर्वक विसर्जन कर लोगों ने नम आँखो से माता को भावभीनी बिदाई दी। हजारों लोग मेला देखने पहुंचे और मेला का लुफ्त उठाया। लोग करीब 60 फिट ऊँचे रावण दहन पर आतिशबाजी को देख मंत्रमुग्ध हो गए। अजंबर सिंह मुंडा, संतोष कुमार गुप्ता और अमृतेश पाठक ने संयुक्त रूप से आग जलाकर रावण का दहन किया। वक्ताओं ने कहा की आज हमारे अंदर के रावण को खत्म कर स्वच्छ समाज का निर्माण करना है। इससे पूर्व सैकड़ों महिलाओं द्वारा पंडाल परिसर में सिंदूर खेल का आयोजन किया गया। माँ दुर्गा सहित अन्य प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। मेला को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि ललित कृष्ण मुंडा पं सस दानी सिंह महतो. ललित कृष्णा, ललित गुप्ता, कन्हाई सिंह मुंडा, शशि भूषण सिंह मुंडा, दुलाल दास, अजम्बर सिंह मुंडा आदि का सारानीय योगदान रहा।

# पंचायत स्तरीय करम मिलन समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**तमाड:** आदिवासी सांस्कृतिक रक्षा मंच कुदंला द्वारा आयोजित पंचायत स्तरीय करम मिलन समारोह बुधवार को पंचायत भवन कुदंला में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस करम मिलन समारोह का कार्यक्रम बहनों द्वारा करम डाली गाड़कर तथा पहान द्वारा आदिवासी विधि-विधान के साथ करम डाली की पूजा करते हुए किया गया। पूजा के बाद प्रसाद वितरण एवं अतिथियों द्वारा आदिवासी संस्कृति और परंपरा पर भाषन प्रवचन किया गया। अपने संबोधन में ग्राम प्रधान सहदेव सिंह मुण्डा, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष-प्रेम शाही मुण्डा, , सिदाम मुंडा, प्रोफेसर लखिन्द्र सिंह मुंडा, प्रोफेसर देवानंद सिंह मुण्डा, प्रोफेसर श्रीकृष्ण सिंह मुण्डा ने कहा कि करम मिलन का यह त्यौहार आपसी भाईचारा प्रेम और संस्कृति परंपरा संरक्षण के साथ ही प्रकृति के साथ अपने को जोड़कर पेड़ पौधे का संरक्षण और संवर्धन करना उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा पदाधिकारी शिवप्रसाद सिंह मुंडा के साथ-साथ कुंदला पंचायत के तमाम ग्राम प्रधान एवं मुखिया शकुंतला देवी, पंचायत समिति बुधनलाल मुण्डा, समाज सेवी बोध मुण्डा, भोला नाथ मुण्डा, सुशीला देवी, यमुना देवी, पवन मुण्डा, सुधन टूटी, विरोला देवी, अनिता देवी, सुमित्रा देवी, सुषमा कुमारी, सोमवारी देवी, अर्जुन मुण्डा, मंगला मुण्डा, प्रमुख रुप से उपस्थित हुए वहीं कार्यक्रम में पूरे पांचपरगना क्षेत्र से हजारों महिला पुरूष अपने आदिवासी वेषभूषा में उपस्थित हुए एवं अपने सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन मनमोहक रूप से किया। इस कार्यक्रम में मुंडा, उरांव, पुरान, लोहरा, इत्यादि विभिन्न जनजातीय समुदाय के जिनमें मुन्शी मुण्डा, उदार कान्त मुण्डा, पूर्ण चंद्र सिंह मुण्डा, मेघलाल मुण्डा, सुरेश मुण्डा, रामा मुण्डा, गोमेया मुण्डा जगमोहन मुण्डा, बुधराम मुण्डा, महेश मुण्डा, अभिमन्यु मुंडा,कौशल्या मुण्डा, दनेल मुण्डा, श्याम चांद मुण्डा, सुन्दर मुण्डा, सुरजू मुण्डा, सहदेव मुण्डा, रामधन मुण्डा, दुबराज मुण्डा,सहित हजारों महिला पुरूष शामिल थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

बोकारो थर्मल

## बोकारो थर्मल को नदी में छाई बहाना पड़ा भारी

# एचओपी नंदकिशोर चौधरी को बोकारो थर्मल से हटा दिये गये

▶▶ आनंद मोहन प्रसाद बोकारो थर्मल के नए एचओपी बनाये गये हैं

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो थर्मल प्लांट से छाई बहाने के मामले पर डीवीसी के आला अधिकारियों ने बड़ी कार्यवाही करते हुए डीवीसी बोकारो थर्मल के एचओपी नंदकिशोर चौधरी बोकारो थर्मल से हटा दिया गया हैं। उनको ओएसएंडयू कोलकाता बनाये गया गया हैं।

वहीं मीजिया के आनंद मोहन प्रसाद बोकारो थर्मल के नए एचओपी बनाये गये हैं। इधर ओएंडएम के सीनियर जीएम



एसएन प्रसाद एफजीडी के सीनियर जीएम बनाये गये हैं। एस भट्टाचार्य ओएंडएम के जीएम व एस भद्रा सीएसई एंड सीएंडआई के जीएम बनाये गये हैं। यह तबादला डीवीसी कोलकाता एचआर के सीनियर जीएम एनवी रमन्ना के पत्रांक संख्या 1923 के आधार पर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बोकारो थर्मल प्लांट से कोनार नदी में छाई बहाने के मामले को लेकर प्लांट करीब 50 घंटे बंद रहा था। जिसके कारण दो इंजीनियरों पर कोलकाता मुख्यालय द्वारा कार्रवाई की गई थी।

बोकारो थर्मल पावर प्लांट ऐश हैंडलिंग के डिप्टी चीफ इंजीनियर अभिजीत दुले और पॉल्यूशन कंट्रोल के डिप्टी चीफ इंजीनियर सोमेन मंडल को कोनार नदी में छाई बहाने के मामले में सस्पेंड किया गया था। इस मामले को लेकर कोलकाता मुख्यालय से प्लांट के प्रोजेक्ट हेड पर भी गाज गिराते हुए उन्हें मुख्यालय बुला लिया गया है।

### मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर हरिनाम सुमिरन एवं सत्संग आयोजित



**रामगढ़ :** शरद पूर्णिमा के अवसर पर डॉक्टर अजित कुमार के चित्तरंजन सेवा सदन एवं रिसर्च सेंटर गोला के परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 28 अक्टूबर को हरि नाम सुमिरन एवं सत्संग आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सेवा सदन के प्रबंधक वंदना अम्बष्ट ने बताया कि पुणे (महाराष्ट्र) से मनीषी, चिंतक, ज्ञानमार्ग के पथिक, सद्मार्ग मिशन के प्रवर्तक पंडित संजय भारद्वाज मौजूद होंगे। जिनके द्वारा वैचारिक प्रबोधन होगा। साथ ही सामूहिक हरिनाम सुमिरन और सत्संग के साथ भंडारा आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि कार्यक्रम में 11:00 बजे श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा होगी। 12:00 बजे से प्रबोधन एवं सत्संग होगा। साथ ही 1:30 बजे से भंडारा होगा। क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

**शहर ›› अपडेट**

### मूर्ति विसर्जन को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा

**पलामू :** प्रखंड क्षेत्र में मां शक्ति की आराधना का महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। नवरात्र को लेकर पिछले कई दिनों से हरिहरगंज शहर सहित खाप कटैया, रक्सेल तेंदुआ, कटैया, ढाब, सूलतानी, खड़गपुर, बेलौदर, अररूआ कला सहित कई जगहों पर मां दुर्गा की आराधना की धूम रही।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››**

### हरिहरगंज : नव विवाहिता महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**हरिहरगंज /पलामू :** शहरी क्षेत्र के पाठक बिगहा ग्राम निवासी नवविवाहित महिला ने गुरुवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि मृतिका पाठक बिगहा गांव निवासी रंजीत कुमार की 21 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी अपने ही घर में जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज थाना के एसआई निर्भय कुमार, रेणुका टुडू पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और जहर खाने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतिका बिहार राज्य के मोहनिया थाना अंतर्गत समहुता गांव निवासी सुरेंद्र पासी की पुत्री है। एस आई निर्भय कुमार ने बताया कि मृतिका ने आत्महत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है। वहीं पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

# डीएवी गुवा में स्वच्छता जागरूकता अभियान



राष्ट्रीय खबर

**गुवाः** भारत के उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहगामी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड,रॉ मटेरियल डिवीजन,गुआ लौह अयस्क खान के मुख्य महाप्रबंधक (खान) कमल भास्कर एवं डीएवी गुवा प्राचार्या उषा राय के मार्ग दर्शन में डीएवी गुवा में स्वच्छता जागरकता अभियान चलाया गया। पूरे विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर मच्छरों को भगाने हेतू सेल प्रबंधन दिशा निर्देशित बड़बील की टीम द्वारा विद्यालय परिसर में केमिकल स्प्रे किया गया। मौके पर प्राचार्या उषा राय ने कहा कि साफ -सफाई के साथ-साथ क्षेत्र को हरा भरा रखने हेतु पौधों को लगाना अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय विभिन्न क्षेत्रों में फलदार पौधों का वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा किए जाने का प्रयास सदैव जारी रखना चाहिए। स्वच्छता सुव्यवस्था की सीढ़ी है। अतः स्वच्छता को बनाए रखने हेतू सदैव पहल किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छता की लालिमा को बनाए रखने हेतू सभी को एक जवाब देही के तहत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देनी चाहिए।

# बोकारो जिप अध्यक्ष ने बुके देकर नव पदस्थापित गोमिया बीडीओ का किया स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनियाः** बोकारो जीप अध्यक्ष सुनीता व भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चितरंजन साव ने संयुक्तरूप से प्रखंड कार्यालय पहुंच नव पदस्थापित गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो से मिलने पहुंचे। इस दौरान में उन्होंने नवपदस्थापित बीडीओ महादेव कुमार महतो को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए बधाई दिया। इस मौके पर गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़े,समाजसेवी प्रदीप तिवारी उर्फ (बबलू) मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, भाजपा नेता चितरंजन साव ने गोमिया प्रखंड की विभिन्न समस्याओं एवं विकास के मुद्दे पर उनसे चर्चा साझा किया और कहा कि प्रखंड क्षेत्र का जितना विकास होना था,वह अब तक नही हो पाया है।उन्होंने यह भी कहा कि जनता की वर्षो पुरानी मांग तेनुघाट अनुमंडल को शीघ्र जिला बनाने के लिए सड़क से लेकर राज भवन रांची तक संघर्षरत हूँ।वहीं बीडीओ महादेव कुमार महतो ने भी जिप अध्यक्ष व भाजपानेता को अभिवादन स्वीकार किया।और कहाकि प्रखंड क्षेत्र की हर समस्याओ का निदान करने के साथ ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। वही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होनेपर तुरंत उनसे संपर्क करने कीबात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के संचालित सभी जनकल्यानकारी योजनाओं को धरातलपर उतारनेमें आप सबकी सहयोग की अपेक्षा है,जिससे प्रखंड का विकास हो सके।मौके पर रामेश्वर महतो, बिनोद, रंजीत प्रजापति तथा कई लोग उपस्थित थे।



# तीरंदाजी में फोकस, सब्र और एकाग्रता को बहुत महत्व दिया जाता है:वीर सिंह मुंडा



राष्ट्रीय खबर

**गुवाः** मेंघाहातुबुरु दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन फुटबॉल मैदान में किया गया ।आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक चुनौती पूर्ण प्रदर्शन महिला एवं पुरुषों के द्वारा की गई ।प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय राउंड के विजेता के आधार पर दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया ।आयोजन समिति के संचालक वीर सिंह मुंडा, बीरबल गुड़िया, सरगिया अंगारिया, सानिका गुड़िया व अन्य प्रतियोगिता को खास तौर से आयोजित कराया ।आयोजित कार्यक्रम में सेल पदाधिकारी मुख्य अतिथि श्री अवधेश, सहायक महाप्रबंधक श्री अजीत एवं श्रीमती अर्चना के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । महिलाओं केविजेता प्रतिभागियों में श्रीमती हीरामणि देवगम, सोनीवारी सिंकू, सीता हेस्सा, सुदुगन सिरका,सावित्री होनहागा, मनी कुई,सुमित्रा बोइपाई,सोमवारी गोप,पदमा सिंकू को पुरस्कृत किया गया । दूसरी ओर पुरुष वर्ग में विजेता रामेश सुरीन, नंदो बोयपाय, बोन्ज सिद्धू, मंगल गोप, सीता राम मांझी, सोमा लोमगा, दीपक मारला, सोहन गुडिया मोटाय गागराई एवं जोगा लोमगा को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक वीर सिंह मुंडा ने कहा कि तीरंदाजी एक ऐसा खेल है, जिसमें फोकस, सब्र और एकाग्रता को बहुत महत्व दिया जाता है। देखते ही देखते आर्चरी ने पूरे विश्व में अपनी एक अलग ही जगह बना ली है ।वर्तमान समय में तीरंदाजी की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो चुकी है ।मेधावी खिलाड़ियों की छिपी हुई प्रतिभा को प्रतियोगिता के माध्यम से ही निखारा जा सकता है ।



### मातृ शोक संतिप्त परिवार से मिलने पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री

**पाकुड़ :** संथाल परगना जॉन के पूर्व प्रवक्ता व वर्तमान में पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट निरंजन कुमार मिश्रा व समाजसेवी सह पत्थर व्यवसाई विभाष मिश्रा की बुजुर्ग माताजी की गत दिवस अष्टमी के दिन निधन हो गई। इसकी सूचना प्राप्त होते ही ग्रामीण विकास विभाग सह विधायक दल के नेता श्री आलमगीर आलम निरंजन मिश्रा जी के निवास स्थान पर मुलाकात की एवं शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। मालूम हो कि महाअष्टमी के दिन लगभग 3:00 बजे निरंजन मिश्रा जी की माता जी का स्वर्गवास हो गई थी। वे काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्हें काफी जगह दिखाया गया। अधिक उम्र होने के कारण कई प्रकार की दिक्कतें उनके सामने आई। रविवार को अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ी दोपहर के पश्चात उनके देहांत हो गई। इसकी सूचना प्राप्त होते ही मंत्री जी उनके आवास पर उनसे मिले एवं आवश्यक वातार्लाप की।


## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

## -: आवश्यक सूचना:-

पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा **Jharkhand Women's Asian Champions Trophy-2023** का आयोजन दिनांक-27.10.2023 से 05.11.2023 तक मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित है, इस अवसर पर सुगम यातायात हेतु यातायात एवं पार्किंग की निम्नवत व्यवस्था की गई है:-

1. उपायुक्त आवास मोड़ से माननीय सांसद श्री शिबू सोरेन आवास होकर मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम तक सिर्फ टीम बसें/मीडियाकर्मी एवं पासधारी वाहन प्रवेश कर सकेंगे, सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

2. पार्किंग व्यवस्था -

☞ टीम बस/हॉकी इंडिया एवं अति महत्वपूर्ण वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी टी.ओ.पी. परिसर के अन्दर बने पार्किंग स्थल में होगी।

☞ लाल पासयुक्त वाहन (वी.वी.आई.पी. वाहन पास) - मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के पीछे वाहन पार्क कर सकेंगे।

☞ वेस्ट स्टैण्ड 1st फ्लोर एवं 2nd फ्लोर के दर्शक तथा मीडियाकर्मी जिन्हें क्रमशः नारंगी/नीला/हरा वाहन पास निर्गत किया गया है, अपने वाहन मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के आगे/पीछे निर्धारित क्षेत्र में वाहन पार्क करेंगे।

☞ गेट नम्बर-03 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम के दक्षिण मोरहाबादी मैदान में कर सकेंगे।

☞ गेट नम्बर-04 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग करमटोली धुमकुड़िया परिसर/आई.एम.ए. परिसर/माननीय श्री शिबू सोरेन आवास के बगल मार्ग में कर सकेंगे।

☞ यातायात पुलिस राँची का -
Twitter - @TrafficRanchi
Facebook - Ranchi Traffic Police
Whatsapp- 8987890772

**पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।**




PR 309948 (Police) 23-24


शिविर ▶ ओएनजीसी के तत्वाधान में साड़म में लगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

# नेत्र शिविर में 252 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई

▶▶ इस शिविर में ओएनजीसी के अधिकारी नदारत दिखे

▶▶ नेत्र रोग बढ़ती जा रही हैं और लोग अंधेपन का शिकार बन जाते हैं

राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** साड़म पश्चिमी पंचायत भवन प्रांगण में गुरुवार को ओएनजीसी के सौजन्य से अनुग्रह नारायण स्वयं सेवी संस्था, दिल्ली व अग्रवाल लेजर एवं इम्प्लांट सेंटर बोकारो के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। गोमिया के विधायक डॉ लम्बोदर महतो व स्थानीय मुखिया शोभा देवी ने विधिवत रूप से शिविर का उदघाटन किया।इस दौरान संस्था के संजय ओटवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं इस शिविर में ओएनजीसी के अधिकारी नदारत दिखें।



इस अवसर पर विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने कहा कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है,और मनुष्य जीवन में नेत्रों का विशेष महत्व रहता है और यदि नेत्र ही ठीक न हो तो व्यक्ति के लिए अनेक विकट परिस्थितियां खड़ी हो जाती हैं,इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और समय-समय पर इनकी जांच करवाते रहना चाहिए। उन्होंने इस तरह के शिविर लगाने के लिए संस्था के लोगो को धन्यवाद दिया।वहीं उन्होंने शिविर में ओएनजीसी के अधिकारियों के नदारद रहने पर कड़े शब्दों में निंदा भी की।मुखिया शोभा देवी ने कहा कि दिन प्रतिदिन नेत्रों से संबंधित कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन लोग अपने कामकाज में इस प्रकार डुबे हुए हैं कि इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं देते है।जिससे नेत्र रोग बढ़ती जा रही हैं और लोग अंधेपन का शिकार बन जाते हैं। यदि समय पर उपचार किया जाए तो निश्चित रूप से इससे बचा जा सकता है।

इस शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ आलोक अग्रवाल एवं उनके टीम के द्वारा 252 लोगों के आंखों का जांच किया गया,जिसमे से 65 लोगो के आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन हेतु शुक्रवार को बोकारो स्थित अग्रवाल लेजर एवं इम्प्लांट सेंटर ले जाया जाएगा।वहीं कई लोगो को जाँचप्रान्तनिशुल्क दवाएं एवं चश्मे भी वितरित किये गये। मौके पर पंसस चांदनी देवी,विष्णुलाल सिंह, पूर्व मुखिया घनश्याम राम,जयप्रकाश तिवारी, मोहन नायक, सुधीर ठाकुर,विकास जैन,सोहित प्रसाद,मिथुन चंद्रवंशी, अटल हलधर,रामदास राम,परिमल डे, सुरेश यादव,संजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

# भागवत के भाषण से उठते नये सवाल

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने सालाना भाषण में जिन मुद्दों का उल्लेख किया है, उनका गहन विश्लेषण जारी है। लोग यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि दरअसल संघ प्रमुख वर्तमान मोदी सरकार के कार्यो से वाकई संतुष्ट हैं या संघ के स्वयंसेवकों को कोई और ही परोक्ष निर्देश दे रहे हैं। इसके बीच ही राम मंदिर के उदघाटन का कार्यक्रम भी सार्वजनिक किया गया है। ऐसे में सवाल यह उठा है कि रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा के अभाव से लगातार जूझ रहे हासिम शेख और राम केवट अगर एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दरबार में हाजिर हो जाएं तो पूछें, क्या होगा? अयोध्या नगरी में नए मंदिर का प्रयोग, उन्हें जवाब नहीं मिलेगा, कड़ी फटकार मिलेगी। जो लोग रामलला की घर वापसी के आनंद से अपनी दैनिक भूख-प्यास नहीं बुझा सकते, उन्हें संघ परिवार के शासनकाल में न केवल डांट-फटकार, बल्कि तरह-तरह की सजाएं



भी मिल सकती हैं। नरेंद्र मोदी और उनके सहयोगी जिस नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, उसमें हिंदुत्व सब से ऊपर है। इसलिए विजयादशमी यानी दशहरे के दिन संघ प्रमुख ने घोषणा की कि 22 जनवरी को राम मंदिर के दरवाजे खोले जाएंगे और मुख्यमंत्री ने बताया कि अगली रामनवमी नए मंदिर में मनाई जाएगी। तय तारीख तो पहले से ही पता थी, लेकिन जिस तरह से रावण वध के दिन मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी की जुगलबंदी को प्रचारित किया गया, उससे इसका महत्व कम हो गया।जाहिर है, यह सत्ताधारी खेमे का चुनाव अभियान है। उस अभियान का मुख्य लक्ष्य बेशक अगले साल का लोकसभा चुनाव है, लेकिन उससे पहले कम से कम पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल चरण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वोट के हिसाब-किताब को लेकर भाजपा के सामने अखिल भारतीय और प्रांतीय दोनों ही स्तरों पर कई समस्याएं हैं, लेकिन चिंताएं भी कम नहीं हैं। ऐसे में शासकों में भावनात्मक राजनीति करने की चाहत बहुत प्रबल है। राम मंदिर उसी राजनीति का एक औजार है। यह मंदिर न केवल उत्तर और पश्चिम भारत के तथाकथित गढ़ में, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी अखंड हिंदुत्व का प्रचार-प्रसार करने के अभियान में एक बड़ा कदम है। राम मंदिर के निर्माण, वास्तुकला और लेआउट में जिस तरह से देश के विभिन्न क्षेत्रों की सामग्रियों, शैलियों और प्रथाओं को समायोजित किया गया है, उससे एक राजनीतिक लक्ष्य स्पष्ट है, जो अखंड हिंदुस्तान है। इसके द्वारा राजनीतिक हिंदुत्व के वाहक और वाहक अंक ज्योतिष के वर्चस्व को मजबूत करना चाहते हैं। भाजपा अस्सी के दशक से ही इस व्यवस्था को अपना रही है। कड़ी मेहनत जाति के बहुआयामी विभाजनों से टूटे भारतीय समाज को एक अभिन्न इकाई के ढाँचे में बाँधना कभी आसान नहीं था। उसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में सामाजिक विभाजन सीधे राजनीति के दायरे में आ गया, मंडल बनाम कमंडल का ऐतिहासिक तनाव शुरू हुआ, एक तनाव जो अभी भी व्याप्त है। संघ परिवार अल्पसंख्यकों को शत्रु बताकर और सनातन परंपराओं को पुनर्जीवित करके अखंड हिंदू धर्म की अपनी छत्रछाया को और अधिक विस्तारित करने के लिए उत्सुक है, लेकिन जाति की जटिलताएं उस छत्रछाया को धुंधला करती जा रही हैं - न कि केवल उच्च जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों के बीच संघर्ष और दलित, प्रत्येक वर्ग के भीतर यह संघर्ष व्याप्त है। यही कारण है कि भाजपा जाति गणना की मांग का विरोध करना चाहती है - वे जानते हैं कि गणना एक नया भानुमती का पिटारा खोलेगी। यहां तक कि विपक्षी खेमे में भी, विशेषकर कांग्रेस जैसी पार्टियों में, इस संघर्ष का प्रभाव स्पष्ट है। लेकिन मामला बीजेपी के लिए सबसे जटिल है, क्योंकि ईमानदारी उसका मंत्र है। फिलहाल नरेंद्र मोदी की मुख्य चिंता यह है कि उस मंत्र की महिमा का उपयोग रामलला की रक्षा के लिए कैसे और कितना किया जा सकता है। और, राम कैवर्त और हाशिम शेख? प्रधानमंत्री ने सोचा होगा कि अगले साल गणतंत्र दिवस पर राम मंदिर के दरवाजे सबके लिए खोलने की खुशखबरी उन्हें मिलेगी। वे जानते हैं कि यह विचार सही है या गलत। इसके बीच राहुल गांधी ने अफसरशाही और मीडिया में अन्य पिछड़ी जातियों की भागीदारी पर जो सवाल खड़ा किया है, वह देश के बहुमत को सही प्रतीत हो रहा है। इस बात पर श्री गांधी ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से बातचीत में भी जोर दिया है। इसलिए तमाम समीकरणों को एक साथ मिलाकर ही संघ प्रमुख के भाषण को निहितार्थ को समझना होगा। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि खुद को संघ से ऊपर समझने की गलती नरेंद्र मोदी और अमित शाह कर चुके हैं। दूसरी तरफ विद्यार्थी परिषद से निकले नेताओं को दरकिनार करना भी अब असर दिखाने लगा है। ऐसे में राहुल गांधी का ओबीसी का मुद्दा भी कुछ न कुछ गुल खिलाने जा रहा है और संघ परिवार जमीनी स्तर पर इस बात से अवगत है।

# पेंटागन की रिपोर्ट के अनुरूप भारत को तैयार कीजिए

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन नई रिपोर्ट चौंकाने वाली है।भारत के लिए ये चिंताकर है। भारत चीन सीमापर रिपोर्ट चीन की युद्ध तैयारी का खुलासा करती है। साथ ही इस बात का संकेत है कि भारत को अपनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करना होगा। अपने बूते पर मजबूत करना होगा। स्वदेशी तकनीक से मजबूत करना होगा।अपने को इस तरह ढालना होगा कि एक साथ दो देशों से युद्ध की स्थिति का वह मजबूती के साथ मुकाबला कर सके।

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन नई रिपोर्ट भारत के सचेत करने के लिए है। इसमें कहा गया है कि चीन भारत से लगी सीमा एलएसी (लाइन आफ एचुअल कंट्रोल )पर बड़े स्तर पर जंग की तैयारी कर रहा है पेंटागन की रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन एलएसी पर अपने सैन्य जमावड़े को कम नहीं कर रहा है। बल्कि बदले वह अपनी सैन्य क्षमता बढ़ा रहा है। वह सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ा रहा है। परमाणु



**अशोक मधुप**
वरिष्ठ पत्रकार

हथियार से लेकर लॉन्ग रेंज बैलिस्टिक मिसाइल की क्षमता में इजाफा कर रहा है। चीन एलएसी के पास अंडरग्राउंड स्टोरेज सुविधा, सड़क, दोहरे इस्तेमाल वाले गांव, एयर फिल्ड और हेलीपैड बना रहा है।चीन युद्ध के सभी डोमेन में अपनी सेना को सक्रिय रूप से आधुनिक बना रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग का लक्ष्य 2049 तक चीन की सेना को विश्व-स्तरीय बनाने का है। चीन ने 3,488 किलोमीटर लंबे एलएसी के पास अपनी सेना को 2023 में भी तैनात रखा।

चीन ने एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र (लद्दाख) में शिनजियांग और तिब्बत सैन्य जिलों के डिवीजनों द्वारा समर्थित सीमा रेजिमेंटों को तैनात किया है। ये बल टैंक, तोपखाने, एयर डिफेंस मिसाइल और अन्य हथियारों से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, चीन ने पूर्वी (सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश) और सेंट्रल (उत्तराखंड, हिमाचल) क्षेत्रों में लाइट-टू-मेडियम संयुक्त-आर्म्स ब्रिगेड (सीएबीएस) को तैनात किया है। चीन के डोकलाम के पास भूमिगत भंडारण सुविधाएं तैयार की है। वह एलएसी के पास नई सड़कें बना रहा है। चीन ने भूटान में विवादित क्षेत्रों में नए गांव बसाए हैं। उसने पंगोंग झील पर दूसरा पुल तैयार किया है। इसके साथ ही हवाई अड्डे और कई हेलीपैड तैयार किए हैं।

दोनों देशों की सेनाएं लगभग तीन साल से आधुनिक शस्त्रों के साथ आमने-सामने हैं। भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। कई जगह तो वह बहुत ही नजदीक हैं। भारत चीन के बीच सीमा विवाद का कोई हल नहीं निकल रहा। सीमा पर तनाव होने के बावजूद शांति है। तीन साल पहले हुए गलवान घाटी संघर्ष के और बाद में 2022 में अरुणाचल के तवांग घाटी में बाद कोई घटना नहीं हुई। यह सब बहुत ही अच्छा है। लेकिन चीन के इरादे कुछ और कहतें हैं। उसकी तैयारी कुछ और इशारा करती हैं।हालाकि वह पहले भी कभी ऐसा पड़ौसी नही रहा, जिसका यकीन किया जा सके, जिस पर विश्वास किया जा सके। दूसरे अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन की नई रिपोर्ट अब आई है किंतु सीमा के हालात से भारत वाकिफ नही होगा, ऐसा नही लगता।उसे भी सब पता होगा। आज दुनिया के हालात बहुत बदले हुए हैं।भारत का संकट का मित्र रूस यूक्रेन युद्ध में फंसा हुआ। अमेरिका और मित्र देश यूक्रेन की शस्त्र आदि से पूरी मदद कर रहे हैं।ऐसे हालात में रूस और चीन की नजदीकी बढ़ रही है।ऐसे में चीन से युद्ध में रूस हमारे साथ आएगा, ऐसा नही लगता।उसे तो यूक्रेन युद्ध में अपनी फंसी टांग निकालने से ही समय नही मिल रहा।हालाकि आज अमेरिका का रवैया बता रहा है कि वह भारत के साथ है किंतु वह कभी विश्वसनीय मित्र नही रहा। यहीं हाल उसके मित्र देश कनाडा आदि का है।कनाडा से तो एक सिख आतंकी की कनाड़ा में मौत के बाद भारत के रिश्ते काफी खराब हुए हैं। अमेरिका और उसके कई मित्र देश भारत के फरार और इनामी आंतकियों को शरण दिए हुए हैं।हालांकि चीन के मुकाबले के लिए अमेरिका को भारत की बड़ी जरूरत है। वह मानता है कि चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए उसे भारत का साथ चाहिए।किंतु अमेरिका ड़ेढ साल से ज्यादा समय से रूस के साथ चल रहे यूक्रेन के युद्ध में सभी तरह से यूक्रेन की मदद कर रहा है। अब उसके मित्र देश इस्राइल और हमास में युद्ध शुरू हो गया। यहां भी उसे इस्राइल की शस्त्रों आदि से मदद करनी पड़ रही है। इस्राइल हमारा मित्र देश है किंतु वह खुद युद्ध में लगा है।ऐसे में संकट में हमें इन सबसे मदद की उम्मीद नही करनी चाहिए। युद्ध के लिए हमें युद्ध का अपने बूते पर अपनी तकनीक से मुकाबला करना होगा।हालाकि वर्तमान हालात में जबकि अमेरिका यूक्रेन और इस्राइल में फंसा है, चीन के लिए अच्छा अवसर है कि वह वियतनाम पर कब्जा करले। वियतनाम पर वह काफी समय से गिद्ध दृष्टि लगाए है। बार बार वियतनाम के पास युद्धाभ्यास करने में लगा हुआ है।

जो भी हो चीन की तैयारी हमें यह बताने के लिए काफी है, कि उसका कोई भरोसा नही किया जा सकता। दूसरे दुनिया की दो शक्तियां अमेरिका और रूस यूक्रेन में लगी हैं। अब अमेरिक इस्राइल में फंस गया । दुनिया की तीसरी शक्ति चीन अभी शांति के साथ अपने को मजबूत करने में लगा है। उससे भारत के लिए सदा सचेत रहने और उससे युद्ध के लिए अपने को तैयार करने के लिए लगे रहना होगा। भारत का इसके लिए भी तैयार रहना होगा, कि चीन के साथ युद्ध की हालत में चीन का मित्र देश पाकिस्तान भी भारत के खिलाफ मोरचा खोल सकता है।इसे देखते हुए एक साथ दो मोरचों पर युद्ध के लिए तैयार करना होगा।

अब तक चीन का रवैया युद्ध करना नहीं, युद्ध का हौवा खड़ा करके सामने के देश पर दबाव बनाकर लाभ उठाना रहा है। किंतु इस बार वह अपनी इस रणनीति में कामयाब नही हो पा रहा। चीन ने भारत सीमा पर सेना बढ़ाई तो भारत ने भी सीमा पर सैना तैनात कर दी। इतना ही नहीं भारत ने आधुनिक तोप और लड़ाकू विमान भी तैनात कर दिए हैं। चीन से बात करने के लिए सामने वाले का मजबूत होना और सीना तान कर सामने खड़ा होना जरूरी है। आज भारत इस हालत में है। उसने स्पष्ट भी कर दिया है कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिये तैयार है।

पूरा देश जानता है कि चीन हमारा दुश्मन है, कभी दोस्त नहीं हो सकता। इसके बावजूद सस्ते के लालच में हम चीन का बना सामान खरीद रहे हैं। हममें देशभक्ति सिर्फ सोशल मीडिया पर नजर आती है। फेसबुक पर नजर आती है, व्हाटसएप पर नजर आती है, इंस्ट्रागाम पर दिखाई देता है। व्यवहार में ऐसा नहीं है। चीन के सीमा पर सेना तैनात करने के बाद से चीनी सामान बहिष्कार का आंदोलन इस तरह चला था कि लगता था कि कोई भारतीय चीन का बना सामान नहीं खरीदेगा।

# ईमानदारी महान गुण है

प्रेरक-प्रसंग



नाव गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। रामनगर के लिए खुलने ही वाली है, बस एक-दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है - 'आ जाओ, खड़े क्यों हो, क्या रामनगर नहीं जाना है?' नवयुवक ने कहा, 'जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता।?' क्यों भैया, रोज तो इसी नाव से आते-जाते हो, आज क्या बात हो गयी? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम जाओ। अरे! यह भी कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना। नवयुवक ने सोचा, बड़ी मुश्किल से तो माँ मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती हैं। कल भी यदि पैसे का प्रबन्ध नहीं हुआ, तो कहाँ से दूँगा? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब कापियाँ एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला- अजीब मनमौजी लड़का है। छप-छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोड़ता है। भींगे कपड़े पहनकर वह घर पहुँचता है। माँ रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठी।

अरे! तुम्हारे कपड़े तो भीगें हैं? जल्दी उतारो।

नवयुवक ने सारी बात बतलाते हुए कहा, तुम्ही बोलो मां, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहां तक उचित था? यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा। गंगा पार करके आया हूं। मां रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, 'बेटा, तू जरूर एक दिन बड़ा आदमी बनेगा।' वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी।

नजरिया

# टिकटों पर विरोध से दबाव में भाजपा



**रमेश सराफ धमोरा**
स्वतंत्र-पत्रकार

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फामूर्ला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छः लोकसभा सदस्य एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।


राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनो नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।

**दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई।**

जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज है कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थी। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे।असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता हैं। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है। जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। .. ..जारी ।

जानकारी

# बैंगलोर से ऊटी कैसे पहुंचें?



यदि आप गाड़ी नहीं चलाना पसंद करते हैं और केवल सवारी का आनंद लेना चाहते हैं तो एक अन्य विकल्प सड़क मार्ग से बैंगलोर से ऊटी तक टैक्सी किराए पर लेना है। बैंगलोर से ऊटी तक का मार्ग आधुनिक सड़क किनारे कैफे और रेस्तरां से भरा हुआ है, जहां आप पहाड़ों के दृश्यों का आनंद लेते हुए त्वरित कॉफी या चाय ब्रेक के लिए रुक सकते हैं। यदि आप बेंगलुरु से ऊटी तक निजी टैक्सी किराए पर लेना या अकेले गाड़ी चलाना पसंद नहीं करते हैं, तो परिवहन के कई अन्य विकल्प भी उपलब्ध हैं।

**बेंगलुरु से ऊटी बस द्वारा**

यदि आप दक्षिण भारत में हैं तो ऊटी निश्चित रूप से घूमने के लिए एक खूबसूरत जगह है। बेंगलुरु शहर सड़क मार्ग द्वारा ऊटी से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है और बेंगलुरु से लगभग 300 किमी की दूरी पर है। आप ऊटी के रास्ते में कई आकर्षणों का आनंद लेते हुए मामूली किराए का भुगतान करके बैंगलोर से ऊटी के लिए एसी या नॉन-एसी बस बुक कर सकते हैं। यदि आप दक्षिण भारत में हैं तो ऊटी निश्चित रूप से घूमने के लिए एक खूबसूरत जगह है। बेंगलुरु शहर सड़क मार्ग द्वारा ऊटी से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है और बेंगलुरु से लगभग 300 किमी की दूरी पर है। आप ऊटी के रास्ते में कई आकर्षणों का आनंद लेते हुए मामूली किराए का भुगतान करके बैंगलोर से ऊटी के लिए एसी या नॉन-एसी बस बुक कर सकते हैं।

# Realme GT 5 Pro देगा 50MP कैमरा के साथ दस्तक




नई दिल्ली: Realme ने जल्द ही चीन में Snapdragon 8 Gen3 चिप वाला Realme GT 5 Pro लॉन्च करेगी। यह स्मार्टफोन इस साल नवंबर या दिसंबर में चीनी बाजार में रिलीज हो सकता है। अब ब्रांड ने ग्लोबल मार्केट में अपनी एंट्री को कंफर्म करते हुए टीजर जारी किया है। यहां हम आपको Realme GT 5 Pro के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Realme GT 5 Pro की कीमत**

Realme GT 5 Pro की कीमत 4,000 युआन (लगभग 45,349 रुपये) होने की संभावना है।

**Realme GT 5 Pro का ग्लोबल लॉन्च टीजर**

पोस्टर के अनुसार, फर्म ने ग्लोबल मार्केट के लिए Snapdragon 8 Gen 3 चिप से लैस एक नए जीटी सीरीज फोन की झलक पेश की है। हालांकि पोस्टर में फोन का नाम नहीं बताया गया है, लेकिन यह काफी साफ है कि ब्रांड ग्लोबल मार्केट के लिए Realme GT 5 Pro को पेश कर सकता है। जीटी 5 प्रो के बारे में अब तक काफी अफवाहें लीक हो चुकी हैं।

**Realme GT 5 Pro के अनुमानित स्पेसिफिकेशंस**

Realme GT 5 Pro में BOE द्वारा सप्लाई OLED पैनल होगा जो कि 1.5K रेजॉल्यूशन और 144Hz रिफ्रेश रेट का सपोर्ट करता है। फोन एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड Realme UI 5 पर चलेगा। इस फोन में सिक्योरिटी के लिए इन-स्क्रीन फिंगरप्रिंट सेंसर होगा।

कैमरा सेटअप की बात की जाए तो Realme GT 5 Pro के फ्रंट कैमरे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, इसके रियर पैनल में एक सर्कुलर कैमरा मॉड्यूल होने की उम्मीद है। इसमें डक्र सपोर्ट वाला 50 मेगापिक्सल का सोनी IMX966 प्राइमरी कैमरा, एक IMX851 अल्ट्रा-वाइड लेंस और 3X ऑप्टिकल जूम वाला एक IMX890 टेलीफोटो कैमरा होगा।





टॉप ट्वीट



"मैंने तो ये कहा था कि मैंने टीवी पर देखा- प्रधानमंत्री जी देवनारायण जी के मंदिर में लिफाफा डाल आए। खोला गया तो उसमें 21 रुपये निकले। ये जो काम करते हैं उससे भी यही दिख रहा है कि मोदी जी का लिफाफा खाली है। महिला आरक्षण, ओबीसी जाति जनगणना, ईआरसीपी सब खोखले वादे हैं क्योंकि मोदी जी का लिफाफा खाली है।"

प्रियंका गांधी वाड्रा
कांग्रेस महासचिव



"रामायण एक बड़ा प्रोजेक्ट हैं। उस पर बहुत सारा काम करना होगा। अब तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। मैं चाहता हूं कि जल्द सब कुछ तय हो जाए। फिलहाल मैं कई और कहानियां भी सुन रहा हूं।यदि सब सही रहा, तो रामायण मेरी अगली फिल्म हो सकती है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहता हूं। भगवान श्रीराम की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।"

रणबीर कपूर
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## घर हम अब छोड़ चुके हैं



पर्व त्यौहार को भूल चुके हैं
हासिल करने जीवन का लक्ष्य ।
अब घर हम छोड़ चुके हैं सफल
बनाने जीवन का पथ ।।
बेसक किस्मत के धनी नही हैं
पर मेहनत में कमी नहीं।
कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प
से दौड़ लगाने में कमी नहीं।।
बाबूजी का कठिन परिश्रम और उनके मेहनत का अंश ।
पाई पाई का रख रहा और झेल रहा सामाजिक बिसमता का दंश।।
याद मुझे वो मां का चूल्हा जिसमे पकती मुश्किल से दाल।
उस धुएं के अंदर घुटती और सफेद हो रहे मां के बाल।।
सफलता और संघर्ष कहानी कब लेगी एक सार्थक मोड़।
लगे पड़े हैं झेलने को अपने जीवन के हर मोड़ पर होड़।।
संघर्ष कहानी लिखते लिखते आंखों में आते अश्रु के बूंद।
क्या घिसना नियती बन बैठा खून पसीना वाली बूंद।।
जीवन के इस चौराहे खड़ा होकर कर रहा विचार।
भविष्य पड़ा अंधकार में बंद पड़े हैं चारो राह।।
फिर भी मन में दृढ़ संकल्प हासिल करना जरूर हीं लक्ष्य।
चाहे पथ में बाधा आए वेधना है वो सटीक लक्ष्य।।

**श्री कमलेश झा भागलपुर बिहार**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### जज बने डीएवी के पूर्ववर्ती छात्र

**बेरमो** : गोमिया-बिहार के सीतामढ़ी में सिविल जज के रूप में पदस्थापित डीएवी पब्लिक स्कूल, स्वांग के पूर्ववर्ती छात्र अभिषेक कुमार को प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने विद्यालय में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्हें डीएवी का प्रतीक चिह्न और उपहार भी प्रदान किया। डॉ शर्मा ने कहा कि यह हमारे विद्यालय और स्वांग के लिए अत्यंत ही गौरव का विषय है।

## सिटी अपडेट्स >>

### मगनपुर निवासी की कोयम्बटूर में हुई मौत



**रामगढ़** : मगनपुर निवासी मुन्ना महतो के पुत्र अनीश कुमार (21 वर्ष) की मौत गत दिन कोयंबटूर में हो गई। इसकी सूचना परिजनों को 25 अक्टूबर को मिली। परिजनों ने बताया कि अनीश कुमार कोयंबटूर में एक निजी क्षेत्र की कम्पनी लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) में कार्यरत था। मृतक घर का एकलौता पुत्र था। उसकी मौत की सूचना मिलते हीं गाँव में मातम छा गया तथा घरवालों एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव के गाँव पहुँचते हीं शोकाकुल ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते हीं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी मृतक के घर पहुँची तथा शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी कि शोक की इस घड़ी में हम सभी आपके साथ है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 27 को सोशल मीडिया पर 1 घंटे का विशेष अभियान

**हजारीबाग** :हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में फेसबुक, ट्विटर आदि पर 1 घंटे का विशेष हैश टैग अभियान 27 अक्टूबर को सुबह 11 से 12 बजे के बीच चलाने का निर्देश दिया है मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है। की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए आगामी 27 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ माई बीएलओ चलाया जा रहा है। बताया कि 27 अक्टूबर को सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे ऐसे में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं, विभिन्न वर्गों के सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं से अपील की जा रही है कि वे अपने बूथ पर मौजूद अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सेल्फी लेकर सुबह 11 से 12 बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपरोक्त हैशटैग के साथ पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि उक्त अभियान न केवल मतदाता जागरूकता के लिए सहयोगी साबित होगा बल्कि पूरे निष्ठा से कार्य कर रहे सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के मनोबल को बढ़ाने वाला भी होगा। उन्होंने सभी जिलों में सक्रिय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर युवा ओं से भी अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने हेतू अपने स्तर से भी यथासंभव स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करें।

**जयकारा** दशहरा के अवसर पर माता रानी का जागरण एक विशेष महत्व रखता है

# विजयादशमी को सिमुलिया-गुंडरी में खूब गूंजा 'जय श्री राम' का जयकारा

▶▶ भक्ति की बयार संग बहते हुए खूब मनोरंजन करते हैं

▶▶ महेश चौधरी ने स्वरचित खोरठा भजन गीत गाकर लोगों से खूब प्रशंसा बटोरा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग दशहरा के अवसर पर माता रानी का जागरण एक विशेष महत्व रखता है। जागरण के माध्यम से जहां लोग कला- संस्कृति और कलाकारों का सम्मान करते हैं वहीं भक्ति की बयार संग बहते हुए खूब मनोरंजन करते हैं। जागरण में जाकर एक विशेष ही अनुभूति होती है। विजयादशमी के अवसर पर बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड स्थित गांव सिमुलिया स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में लगातार दूसरी वर्ष माता रानी के जागरण का भव्य आयोजन स्थानीय दुर्गा पूजा समिति सिमुलिया- गुंडरी की ओर से मंगलवार को किया गया। जिसमें धनबाद के टीम सरगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने अपने मधुर आवाज का जादू ऐसे बिखेरा की दर्शक झूमने को मजबूर हो गए । कलाकारों ने हिंदी, भोजपुरी, खोरठा, नागपुरी और बंगाली भाषा में एक से बढ़कर एक भजन दर्शकों के बीच परोसा। बांगड़िया ग्राम निवासी महेश चौधरी ने स्वरचित खोरठा भजन गीत गाकर लोगों से खूब प्रशंसा बटोरा ।

हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर यहां पहुंचे इंजिनियर अमन कुमार और युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह बोकारो के चर्चित युवा समाजसेवी नितेश भरद्वाज का सिमुलिया- गुंडरी ग्राम वासियों ने गलगलटांड़ मोड़ से भव्य और अभूतपूर्व स्वागत करते हुए सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ उन्हें सिधाटांड़, माचाटांड़, सिमुलिया और गुंडरी ग्राम भ्रमण कराते हुए सिमुलिया दुर्गा मंडप प्रांगण तक लाया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में जय श्री राम और जय माता की उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। लोगों ने अपने घरों से निकलकर हिंदूवादी युवा इंजिनियर अमन के सम्मान में खूब नारे बुलंद किए। इंजिनियर अमन और नितेश भरद्वाज भी गाड़ी के ओपन रूफ से लोगों का हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहें थे ।दुर्गा पूजा समिति सिमुलिया- गुंडरी द्वारा आयोजित द्वितीय भगवती जागरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन इंजिनियर अमन , नितेश भरद्वाज, चंदनकियारी थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि नरेश चौधरी, स्थानीय पंसस युधिष्ठिर महथा सहित अन्य बुजुर्गों ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। मौके पर इंजिनियर अमन कुमार ने लोगों को संदेश देते हुए कहा की 'कास्ट से पहले राष्ट्र' जरूरी है।

## न्यूज फटाफट

### मैट्रिक में उर्तीण छात्र भी इंजिनियर बनने का सपना कर सकता है साकार



**हजारीबाग** :हजारीबाग किसी भी कंपनी में काम कर रहे लोग भी अब इंजिनियर बनने के सपने को साकार कर सकते हैं। दरअसल आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को तीन वर्षीय डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की मान्यता मिलने के बाद अब वर्किंग प्रोफेशनल में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की भी मान्यता एआईसीटीई के द्वारा प्रदान की गई है। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि वर्किंग प्रोफेशनल में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के लिए इलेक्ट्रिकल, सिविल और कंप्यूटर साइंस में मान्यता प्रदान की गई है। इस कोर्स के लिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में वैसे लोग भी नामांकन कराकर इंजिनियर बनने का सपना साकार कर सकते हैं, जो किसी पंजीकृत इंडस्ट्री या कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि काम कर रहे लोगों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा के साथ साथ शाम या सुबह में ऑफलाइन या विद्यार्थियों के सुविधानुसार कक्षाओं की सुविधा भी प्रदान की जाएगी ताकि काम करते हुए भी आसानी से इन क्षेत्रों में पढ़ाई पूरी की जा सके। डॉ गोविंद ने बताया कि किसी पंजीकृत इंडस्ट्री या कंपनी से एक वर्ष का अनुभव पाए व्यक्ति सीधे दूसरे वर्ष में नामांकन करा सकता है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स दरअसल काम कर रहे लोगों के लिए अधिक लाभप्रद साबित होगा। साथ ही इन कोर्सों से कौशल विकास को और मजबूती मिलेगी।

### संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**तेनुघाट** : बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में तेनुघाट में मिश्रा के ही कार्यालय में संपन्न हुई । मिश्रा ने बैठक में बताया कि समिति के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को एक ज्ञापन दे कर जानकारी दी जा रही है कि सीसीएल द्वारा यूको पार्क बनाए जाने के बेरमो के जनता विरोधी नहीं है । लेकिन स्वांग प्राचीन हवाई अड्डा का प्रांगण हमारे पूरे बेरमो अनुमंडल का बहुमूल्य धरोहर है । जो वर्तमान एवं भविष्य में भी अत्यंत उपयोगी है व रहेगा । वर्तमान समय में उस स्थान पर खेलकूद, एयर फोर्स, आर्मी पुलिस में भरती आदि प्रतियोगिता में पास होने के लिए अभ्यर्थियों का या अभ्यास स्थल के रूप में अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है । इसके अलावा इस स्थान पर ड्राइविंग सिखाने, आम सभा संपन्न कराने का अत्यंत उपयुक्त स्थल है । प्रातः काल में भ्रमण के लिए भी अत्यंत आवश्यक व महत्वपूर्ण स्थान है । इसलिए उन्हें दिए जा रहे ज्ञापन में यह निवेदित किया जा रहा है कि सीसीएल के पास पार्क के लिए अनेको खाली स्थान उपलब्ध है जो पार्क बनाने के लिए अत्यंत उपयुक्त है । जैसे स्वांग डीएवी स्कूल के पूरब लगभग 25 एकड़ जमीन खाली पड़ा हुआ है, हजारी मोड़ से वाशरी के मार्ग में काफी जमीन खाली पड़ा है, यह दोनों ही स्थान पार्क के लिए अत्यंत उपयुक्त है । इसलिए अनुमंडल पदाधिकारी से निवेदन है कि हम सभी बेरमो अनुमंडल के आम जनता के उपयोगिताओं एवं उज्जवल भविष्य को देखते हुए स्वांग हवाई अड्डा को यूको पार्क में परिवर्तित ना किया जाए । वहीं समिति के सचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति द्वारा एक पत्र लिख कर बताया जा रहा है कि बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट को जिला का दर्जा देने संबंधी मांग को लेकर दिनांक 7 नवंबर 2023 को अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो के मुख्यालय तेनुघाट में एकदिवसीय धरना एव प्रदर्शन तथा संबंधित विषय लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपने संबंधित सुचना के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिसमें यह भी बताया जा रहा है की अनुमंडल के सातों प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को तथा 111 पद यात्रियों के साथ सीधे मुख्यमंत्री महोदय को बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट को जिला बनाने संबंधी ज्ञापन सोपा जा चुका है ।

## तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़**: पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शुरू किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्रखंड सभागार एवं अंचल सभागार में किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम दिवस में ग्राम पंचायत भारतीचालाकरी, चिरकी,कुम्हारलालों ,बांध, चिलगा,मधुबन एवम पालगांज पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। यहां यह बता दें कि प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा । उसके पश्चात बाकी के बचे पंचायतों में प्रशिक्षण कार्यक्रम बैचवार किया जाना हैं ।प्रशिक्षण में वार्ड सदस्यों को अपने अधिकार ,दायित्व ,पंचायती राज अधिनियम आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण शिविर में विभाग से नामित मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह,गोपीनाथ पंकज ,बालेश्वर साव एवम लक्ष्मीकांत मौर्य के द्वारा संयुक्त रूप से विषयवार प्रशिक्षण दिया गया । साथ ही एएफसी इंडिया की राज्य परियोजना निदेशक रिचा चौधरी द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी, बीपीआरओ,सचिन कुमार प्रखंड समन्वयक (पंचायती राज),प्रखंड नाजिर अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग**: चौपारण मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर एसडीओ मैम पूनम कुजूर की उपस्तिथि व बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा की अध्यक्षता में बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक हुई। बैठक में वोटर आईडी कार्ड में दावा आपत्ति को लेकर कई निर्देश दिया गया। बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा ने बताया कि दिनांक 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 तक दावा आपत्ति अवधि निर्धारित है। जिसमें वरिष्ठ नागरिक हो या दिव्यांगजन सभी के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण या शुद्धिकरण हो सकेगा। वहीं सभी पात्र नागरिक जो 01 अक्टूबर 2024 को या पहले 18 वर्ष के हो जाएंगे। फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में पंजीकरण करना है। साथ ही दर्ज विवरणी में संशोधन, आवास का स्थानांतरण / मौजूदा मतदाता सूची में प्रविष्टियों में सुधार / एपिक का प्रतिस्थापन / पीडब्ल्यूडी का अंकन भी करवाया जा सकता है। साथ ही आम नागरिकों से एक त्रुटि मुक्त एवं समावेशी मतदाता सूची बनाने में सहयोग करने की भी अपील की गई है। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर दिनांक 27.10.2023 को पूर्वाहन 11.00 बजे से मध्याहन 12.00 बजे के मध्य अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर वहाँ उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर अपने सभी सोशल मिडिया हैडलैश पर प्राउड ऑफ बीएलओ के साथ पोस्ट करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड पर भी टैग करने की अपील की गई।

## पुजा समिति ने अलग अलग आकर्षक झाकियों को ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग**: केरेडारी के गरीकलां में आयोजित सात अलग अलग झाकियों को दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रतिमा विसर्जन में शामिल होने पर सुंदर आकर्षक ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिव शक्ति युवा क्लब शिव मंदिर चौक द्वारा राधा कृष्ण की आकर्षक सुंदर चलंत झूले पर झूलता झांकी की प्रस्तुति पर बड़ा आकर्षक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पंचवटी नगर द्वारा प्रस्तुत नंदी पर सवार भगवान भोलेनाथ की चलायमान झांकी को लेकर दूसरा स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। श्री राम चौक द्वारा निकाली गई प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चंद्रयान की सफलता पर आधारित झांकी प्रस्तुत करने पर तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रेडसन क्लब बेल चौक द्वारा प्रस्तुत मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभू श्रीराम की शेरों से सुशोभित झांकी प्रस्तुत करने पर चतुर्थ पुष्कर प्रदान किया गया। विकास युवा क्लब वैद्य मुहल्ला द्वारा प्रस्तुत वीर बजरंग बली की भव्य झांकी प्रस्तुत करने पर व मेन चौक गरीकलां द्वारा प्रस्तुत भगवान भोलेनाथ की शिव लिंग और कुशवाहा क्लब महुआ चौक द्वारा शिव पार्वती का गणेश जी द्वारा चलंत परिक्रमा की झांकी प्रस्तुत करने पर सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम शांति सौहार्द के साथ संपन्न होने पर मुखिया हितनारायण साव ने सभी क्लब के सदस्यों और पूजा समिति को बधाई दी है। पूजा के आयोजक मंडली द्वारा आजसू पार्टी के बड़कागांव विधान सभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी और भाजपा के रामगढ़ जिला किसान मोर्चा के प्रभारी राजू साव को भगवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं भव्य आकर्षक झांकी निकालने को लेकर केरेडारी बड़कागांव टंडवा सिमरिया बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सांसद के सौजन्य महिला मोर्चा की बहनें निकली बनारस भ्रमण के लिए



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के सौजन्य से हजारीबाग लोकसभा की भाजपा महिला मोर्चा की बहनें बनारस भ्रमण को गयी हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर महिला मोर्चा की बहनों ने बनारस जाने की इच्छा जताई थी। जयंत सिन्हा ने इस पर उन्हें जल्द ही एक यात्रा का आयोजन करवाने के लिए कहा था। इसके परिणामस्वरूप महिलाएं 'काशी दर्शन यात्रा' पर निकली हैं। यह यात्रा 3 दिनों की है, जिसमें कुल 42 महिलाएं शामिल हैं। यह सभी बनारस में विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगी। हजारीबाग से यात्रा निकलने पर महिला मोर्चा की बहनों ने सांसद जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सभी इस यात्रा को लेकर बेहद प्रसन्न और उत्साहित हैं। हमारे भाई जयंत सिन्हा ने इस यात्रा के रूप में हमें रक्षाबंधन का उपहार दिया है। काशी विश्वनाथ का दर्शन कर हम हजारीबाग व रामगढ़ समेत देश की प्रगति के लिए कामना करेंगे। इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि मेरी बहनें काशी दर्शन को जा रही हैं। इस यात्रा का आयोजन कर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं भगवन शंकर से सभी बहनों की कुशल यात्रा के लिए कामना करता हूँ। हमारी क्षेत्र की महिलाओं को हर सुविधा मिले इसके लिए सदैव कार्यरत हूँ। हमारी महिलाएं सशक्त, आत्मनिर्भर व स्वाबलंबी बनें, मेरा यही प्रयास है।

**गांजा के पौधे** प्रखंड कार्यालय से पांच सौ मीटर पर लहलहा रहा गंजा का पौधा

## गांजा का पौधा देखकर पदाधिकारी कर रहे हैं नजर अंदाज

▶▶ करियापुर चौक नशा कारोबारी का सेफ जगह माना जा रहा है

▶▶ हदारी गांव में चौक पर गांजा का दर्जनों पौधा ल लाहा रहा है

▶▶ किसी का नजर गांजा के पौधा पर नहीं पड़ा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग**: इचाक काला रोड इचाक मोड़ से इचाक जाने वाला रोड के मात्र 5 फीट के बगल में हदारी गांव में चौक पर गांजा का दर्जनों पौधा ल लाहा रहा है। प्रखंड कार्यालय से 500 मीटर व पुलिस स्टेशन से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर लगा है। इस सड़क से प्रखंड के सभी आला अधिकारी प्रतिदिन शाम सुबह आना-जाना लगा रहता है। लेकिन किसी का नजर गांजा के पौधा पर नहीं पड़ा। जबकि गंज का फसल उगाना अवैध या दंडनीय अपराध माना गया है। फिलहाल देखा जाए तो इचाक में नशा का कारोबार पेड़ की जड़ जैसा युवाओं को जकड़ रखा है। युवा पीढ़ी नशा में बर्बाद हो रहे हैं। शराब और ब्राउन शुगर के साथ-साथ गांजा का भी नशा करने पर युवा पीढ़ी अमृत के स्वाद जैसा लेने पर महसूस कर रहे हैं।

नशा को रोकथाम के लिए किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं करना नशा कारोबारी का मनोबल बढ़ा हुआ है। यहां तक की इचाक मोड, सिझुआ स्कूल के आसपास, इचाक पुराना कालीमंडा, सूर्य मंदिर के आसपास, दरिया चौक, बरका खुर्द रतनपुर सरकारी विद्यालय के समीप, करियापुर चौक नशा कारोबारी का सेफ जगह माना जा रहा है। नशा के कारण क्षेत्र में चोरी डकैती जुआ का वारदात दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। समाजसेवी बटेश्वर मेहता, दिगंबर कुमार मेहता ,युवा नेता गौतम कुमार ,समाजसेवी नेत्री रेणु कुमारी ने सरकार से कार्रवाई करने हेतू नशा मुक्ति प्रखंड बनाने की मांग किया है।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के लिए बैठक

▶▶ सभी नागरिकों को जागरूक करना अनिवार्य होगा

▶▶ 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा आपत्ति का समय निर्धारित की गई

राष्ट्रीय खबर

**केरेडारी** :केरेडारी केरेडारी मुख्यालय सभागार भवन में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 हेतु सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने बैठक आयोजित किया। बैठक में क्षेत्र के बीएलओ और पंचायत सेवक उपस्थित हुए। बैठक में आज से होने वाले मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने बताया की 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत समावेशी योजना एवं सभी नागरिकों को जागरूक करना अनिवार्य होगा। नागरिकों को निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार वोटर हेल्प लाइन सर्विस की जानकारी देना है। प्रथम चरण का कार्य पूरा होने के उपरांत द्वितीय चरण के कार्य के दौरान सभी बीएलओ को घर घर भ्रमण करना होगा। आवश्यकता के अनुसार प्रपत्र 6,7,8 की सूची साथ में रखना होगा। साथ ही मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन होने के बाद कोई भी नागरिक अपना नाम फोटो एवं अन्य त्रुटि को बतलाते हैं तो उसे दावा आपत्ति कार्यक्रम के तहत सुधार भी करना है। जिसके लिए 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा आपत्ति का समय निर्धारित की गई है।

## प्रदेश >> अपडेट

### आयुक्त के सचिव पलामू प्रमंडल के रूप में पदभार ग्रहण किया

**पलामू:** आयुक्त के सचिव पलामू प्रमंडल के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो थे, जिनसे वे पदभार ग्रहण किया। अरविंद कुमार झारखंड प्रशासनिक सेवा के द्वितीय बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में हजारीबाग में कार्यरत थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### इलाजरत अनील पासवान की ब्रेन हेमरेज से हुई मौत

**हरिहरगंज/पलामू :** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत अररूआ कला गांव निवासी करीब 49 वर्षीय अनील पासवान की ब्रेन हेमरेज नामक बीमारी की ईलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अनील का बीएचयू में ब्रेन हेमरेज का ईलाज चल रहा था। बुधवार की देर रात परिजनों द्वारा उसका शव गांव लाया गया और गुरुवार को नजदीकी बटाने नदी घाट पर सैंकड़ों लोगों की माजूदगी में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। जिसकी मुखाग्नि मृतक का ज्येष्ठ पुत्र राजू पासवान ने दी। परिजनों ने बताया कि बीते 9 अक्टूबर को डाल्टनगंज मेदिनीनगर कोर्ट परिसर में अचानक ब्रेन हेमरेज होने पर उसे पहले सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। किंतु स्थिति नाजुक देख डाक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति में कोई सुधार नहीं होता देख परिजन उसे बीएचयू बनारस ले गए थे। करीब तेरह दिन आईसीयू ट्रामा सेन्टर में ईलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। इसकी असामयिक मौत से एक ओर जहां मृतक की पत्नी मीना देवी , पुत्र राजू पासवान, बिक्रम पासवान,रविरंजन, पुत्री गायत्री देवी,सुनैना कुमारी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हैदरनगर मुख्य पथ की जर्जर हालत से ग्रामीण परेशान

**मोहम्मदगंज:** पलामू हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र का अति महत्वपूर्ण पंसा – हैदरनगर मुख्य पथ की जर्जर हालत से नाराज ग्रामीणों ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सड़क पर उतर गये।इसमें मोहम्मदगंज प्रखंड पंसा से लेकर हैदरनगर के इस्लामगंज तक करीब 36 ग्राम व टोलों के हजारों ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला के रुप में करीब दस किलोमीटर तक बनाकर रोड नहीं वोट नहीं का नारा को बुंलद किया। इसमें शामिल लोग पंसा पंचायत सचिवालय से शंखनाद कर चेचरिया, खरखोल, रामबांध, हसनपुर, रहमानिया हाई स्कूल मोड़, कोसीआरा, बलडिहरी, केवाल, कनौदा होते इस्लामगंज मोड़ तक करीब दस किलोमीटर चलकर हैदरनगर के पंसा मोड़ तक आये। जिसमें आम अवाम, महिलाएं, पुरुष, नौजवान व कई पंचायतों के वर्तमान व पूर्व प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया है। इस आंदोलन का नेतृत्व मोहम्मदगंज के जिला परिषद सदस्य अंजू देवी, मुखिया अबू नसर सिद्दिकी व विकास कुमार सिंह, जिप प्रतिनिध युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ,सत्येंद्र सिंह,उपप्रमुख नगीना सिंह,के अलावे मुजीबुद्दीन खान, आशफाक खान, मो. वसीम खान ने किया। हैदरनगर पंसा मोड़ पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस अंतर जिला व अंतर्राज्यीय पथ का वर्षों से सरकार व प्रतिनिधियों ने मरम्मति व जीर्णोद्धार के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर सरकारी राशि के साथ बलात्कार करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अब आगे कभी भी ग्रामीण इस का बलात्कार नहीं होने देंगे।

---

**निर्देश** ▶ उपायुक्त ने चंदाली स्थिति निर्माणाधीन नया समाहरणालय भवन का किया निरीक्षण

# बदलाव एवं त्रुटियों में सुधार करने के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

▶▶ कमरों के निर्माण में आवश्यकता अनुसार बदलाव करने के निर्देश दिए

▶▶ समाहरणालय भवन के डिजाइन को भी देखा

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने चंदाली स्थित निमार्णाधीन नए समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण में उपयोग किए जाने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता जांच की वहीं उन्होंने समाहरणालय भवन के डिजाइन को भी देखा। उन्होंने स्वयं सभी कमरों का निरीक्षक करते हुए आवश्यक बदलाव एवं त्रुटियों में सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने कुछ कमरों के निर्माण में आवश्यकता अनुसार बदलाव भी करने के निर्देश दिए वहीं प्रत्येक फ्लोर में बनाए गए कमरों में कौनसे विभाग का कार्यालय बनाया जाएगा उससे संबंधित भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने इस दौरान भवन निर्माण में उपयोग होने वाले ईंटों की मशीनी जांच कर क्वालिटी टेस्ट किया।उपायुक्त ने समाहरणालय भवन के आस पास बने भवनों को भी देखा उन्होंने चंदाली पुलिस लेन में बने बैरेक्स के पुनः निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया।इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त हेमंत सती सहित संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक कार्यपालक अभियंता एवं अन्य कर्मी मौजूद रहें।

## भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय के शहीद भगत सिंह चौक के समीप स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से बुधवार रात भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी आनंद पंडित ने फीता काट कर किया। भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम में सूर संगम म्यूजिकल ग्रूप- चितरा-देवघर तथा प्रीतम डांस ग्रूप-कोलकाता (झांकी डांस) के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कला की प्रस्तुति दी। सूर संगम म्यूजिकल ग्रूप-चितरा-देवघर से आए कलाकारों में गायक भास्कर मिश्रा, उमेश प्रियदर्शी, गायिका स्वीटी राज, पूनम यादव, वाद्ध यंत्र वादक में विकास यादव- की-बोर्ड, संजय मंडल-ढोलक, काकन धीवर हैंड सोनिक, जुगनू ऑक्टोपैड शामिल थे। गायक एवं गायिकाओं ने बड़ा प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी, चलो बुलावा आया है, ऐ गणेश के मम्मी, पाव भर भांग पिया द ना सहित कई अन्य भक्ति गीतों से लोगों का मन मोह लिया। कलाकारों ने हिंदी, बंग्ला, भोजपुरी में एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं तथा दर्शकों की तालियां बटोरी। झांकी नृत्य-प्रीतम डांस ग्रूप-कोलकाता के महिला व पुरुष कलाकारों ने मां दुर्गा के द्वारा महिषासुर के बध का प्रदर्शन कर दर्शकों को झुमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम के सफल संचालन में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अमल राय, विनय भगत, बासुदेव कर्मकार, अनिकेत सिंह, कृष्णजीत सिंह, आशिष सिंह, रामनारायण भगत, राम साहा, पप्पू सिंह, चित्तरंजन कर्मकार, पार्थ मोदक, पियुश कुमार, बीरबल प्रसाद मंडल सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। भक्ति जागरण संध्या कार्यक्रम में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के को लेकर थाना प्रभारी आनंद पंडित, एसआई अभिषेक कुमार, एएसआई अनिल कुमार सिंह, मृत्युजंय कुमार पुलिस बल व चौकीदारों के साथ मुस्तैद थे।

## कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 ,आगामी 23 नवंबर से

राष्ट्रीय खबर

**हुसैनाबाद,पलामू :** आगामी तेईस नवम्बर दिन गुरुवार से प्रारंभ होने वाले कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 के सफल आयोजन हेतु जपला स्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब कार्यालय में एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने किया। बैठक में टूनार्मेंट को और बेहतर बनाने के लिए सभी सदस्यों से हर बिंदु पर राय ली गई। सभी टीमों को खेल के साथ खेलाडियों का अनुशासन, शारीरिक प्रशिक्षण तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। सुपर-8 में क्वालीफाई करने वाले सभी टीमों को पांच बाहरी खिलाड़ियों को शामिल करने की छूट दी गई है लेकिन लीग मैच में सभी टीम के सदस्यों की स्थानीयता अनिवार्य है। कर्नल कप में भाग लेने वाले इच्छुक टीम आगामी 15 नवंबर तक अपना आवेदन टीम सूची के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी की मेहनत के बदौलत हम लोग इस टूनार्मेंट को हर बार सफल बना रहे हैं और लागातार चौथे वर्ष इसका आयोजन किया जा रहा है। इसे भव्य और यादगार बनाने के लिए कमेटी के सदस्यों के अलावा सभी टीमों के खिलाड़ियों तथा स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हम लोग स्थानीय बच्चों को फुटबॉल के माध्यम से एक नया अवसर प्रदान कर रहे हैं। इस बैठक में स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष मानिकचंद सिंह, मनोज शर्मा, विनय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर निर्णायक नेहाल मिर्जा सगीर अहमद, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह भानु प्रताप सिंह, विरेन्द्र रवि व चंचल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।कर्नल ब्रिगेड फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 के रूपरेखा का जनकारी कमिटी की आगामी बैठक में 5 नवंबर दिन रविवार को दिया जाएगा।

विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

## सड़क विहीन नहीं रहेगा क्षेत्र का एक भी गांव: कमलेश

राष्ट्रीय खबर

**हुसैनाबाद,पलामू:** अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहे डंडीला गांव को आजादी के 76 वर्ष बाद पक्की सड़क मिली। गुरुवार को हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने डंडीला गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। यह गांव आजादी के 76 वर्ष बाद भी सड़क सुविधा से वंचित था। लोग पगडंडियों के सहारे बगल के गांव आने के बाद बाजार हाट, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आते जाते हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। लगातार सड़क निर्माण के साथ साथ विकास के अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। 2019 के पूर्व और 2019 के बाद का आकलन कोई भी कर सकते हैं। स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। इसके बाद विधायक श्री सिंह ने भाई बिगहा में परता मोड़ पर पुलिया का निर्माण व निकाह भवन का जीर्णोद्धार कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वह जात पात धर्म की राजनीति से परे विकास की राजनीति में विश्वास रखते हैं। क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य समान हैं। उन्हें कभी तकलीफ में नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि जल्द ही बंशी पर गांव में अल्पसंख्यक भाइयों की सुविधा के लिए निकाह भवन का निर्माण कराया जाएगा।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त\ मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के आयोग की ओर से निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसके तहत दिनांक 27 अक्तूबर 2023 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार के लिए दिनांक 27 अक्तूबर से 09 दिसंबर 23 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन के लिए दिनांक 26.दिसंबर. 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 28 अक्टूबर 2023, 29 अक्टूबर 2023 एवं 04.11.2023 तथा 05.11.2023 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, सेक्स वकर्स, 80+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन होमलेस पीपुल, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के दिनांक 28.11.2023 से 03.12.2023 तक समावेशी सप्ताह का आयोजन करने के लिए तिथि निर्धारित है।

**बैठक** ▶ नए चेहरों को किया गया शामिल

# कबड्डी संघ का हुआ पुनर्गठन, महा संरक्षक बने अम्लान कुसुम ,जवाहर सिंह बने पुनः अध्यक्ष

▶▶ नई कमिटि की गठन किया गया है

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़:** सूचना भवन में जिला कबड्डी संघ की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पुरानी जिला कबड्डी संघ को भंग करते हुए नई कमिटि की गठन किया गया है। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक हैदर हुसैन एवं साहेबगंज कबड्डी संघ के सचिव सह पर्यवेक्षक मनोज कुमार एवं चुनाव अधिकारी अजय कुमार यादव मौजूद थे। नई कमिटि में महासंरक्षक अम्लान कुसुम सिन्हा, संरक्षक लुत्फल हक एवं अजहर इस्लाम, अध्यक्ष जवाहर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सेवा ब्रित दत्ता, विक्रम कुमार शर्मा, महबूब आलम, सचिव अमरीना प्रवीण, संयुक्त सचिव संजय कुमार भगत, शर्मिष्ठा गुप्ता, प्राण प्रिय भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष विवेकानंद मंडल, मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार नागालिया एवं मकसूद आलम को जगह मिली। वहीं तकनीकी पदाधिकारी के रूप में शिवधन मुर्मू, स्नेहा पटेल, आलमगीर आलम, नितीश राउत, जय यादव, रिमी राउत, श्रीकांत घोष, कृष्ण रजक, कार्तिक कुमार मंडल, अनुराग गोस्वामी, प्रीति कुमारी, मरियम मुर्मू, रसीधन यादव को शामिल किया गया है जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रवीण कुमार सिंह, निरंजन कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार सिंह, रामप्रसाद सिन्हा, दीपक कुमार साह, शर्मिला रजक, जयप्रकाश आजाद, प्रवीण कुमार, अजीत शर्मा, संदीप कुमार मंडल, तारक साह एवं अजय कुमार यादव शामिल किया गया है।
पर्यवेक्षक हैदर हुसैन ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि पाकुड़ जिला कबड्डी संघ की पूर्व कमिटि को भंग करते हुए वर्ष 2023-27 के लिए नई कमिटि के नामों की घोषणा कर दी गई है। नई कमिटि में नए चेहरे को भी शामिल किया गया है। इधर जवाहर कुमार सिंह को एक बार पुनः पाकुड़ जिला कबड्डी संघ का अध्यक्ष बनाए जाने पर आभार प्रकट किया है।

---

## न्यूज फटाफट

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान गहरे पानी में डूबा युवक, घंटों तलाश के बाद मिला, मौत



**पाकुड़ :** जिले के नगर थाना क्षेत्र के कालीभासान तालाब घाट पर मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक की तलाब में डूबने से मृत्यु हो गई है। मृतक युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नामूपाड़ा निवासी 22 वर्षीय आकाश कर्मकार के रूप में हुई है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रतिमा को तलाब में विसर्जित करने के लिए गए।सभी युवक बाहर आ गए, लेकिन आकाश बाहर नहीं आया। तब उसकी तलाश शुरू की। काफी देर बाद उसे काफी मशक्कत के साथ पानी से बाहर निकला। आनन फानन में सदर अस्पताल सोनाजोड़ी लाया गया जहाँ डॉक्टरों की टीम ने बचाने का काफी कोशिश किया पर उसे बचा नही पाया।

### शोक संतिप्त परिवार से मिले सांसद, अध्यक्ष व पूर्व जीप अध्यक्ष



**पाकुड़ :** शोक संतृप्त परिवार से लगातार मिलने जुलने का कार्यक्रम जारी है। संथाल परगना जॉन के पूर्व प्रवक्ता व वर्तमान में पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट निरंजन कुमार मिश्रा व समाजसेवी सह पत्थर व्यवसाई विभाष मिश्रा की बुजुर्ग माताजी की गत दिवस निधन हो गई थी। जानकारी प्राप्त होने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल सांसद विजय कुमार हंसदा, जिला अध्यक्ष श्याम यादव, कांग्रेस महासचिव उदय लकवानी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष व भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू जी निरंजन मिश्रा जी के पुराने निवास स्थान पर मुलाकात की एवं शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। इसके पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम परिवार से मिलकर हाल-चाल जाना। मालूम हो कि महाअष्टमी के दिन लगभग 3 :00 बजे निरंजन मिश्रा जी की माता जी का स्वर्गवास हो गई थी। वे काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्हें काफी जगह दिखाया गया। अधिक उम्र होने के कारण कई प्रकार की दिक्कतें उनके सामने आई। रविवार को अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ी दोपहर के पश्चात उनके देहांत हो गई। इसकी सूचना प्राप्त होते ही मंत्री जी उनके आवास पर उनसे मिले एवं आवश्यक वातार्लाप की।

### दो दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन में सांसद विजय हसदा पहुंचे खिलाड़ियों से किया परिचय



**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के आभुवा पंचायत के गेम स्पोर्टिंग क्लब सीमलजोड़ी- खगड़ा की ओर से दो दिवसीय एवं तेलियापोखर पंचायत के चांदपुर बागानपाडा स्पोर्टिंग क्लब की ओर तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच का उद्घाटन सांसद विजय हांसदा, जिप अध्यक्ष जुली खिष्टमुनि हेम्ब्रम, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसेफिना हेंब्रम सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही बॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। वहीं गेम स्पोरटिंग क्लब सिमलजोरी खगड़ा में आयोजित फाइनल खेल में पेड़ा होड़ टीम और मुगाईगाल टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेल अंतिम समय तक दोनों ही टीमें बराबरी पर समाप्त हुआ। साथ ही दोनों की बीच पेलेंटी सुट आउट कराया गया। जिसमें पेड़ा होड़ टीम ने पेलेंटी सुट आउट मे मुगाईगाल को तीन-दो गोल से पराजित किया। सांसद ने विजेता टीम को बड़ा खस्सी तथा उपविजेता टीम को छोटा खस्सी देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर बागानपाडा स्पोर्टिंग क्लब चांदपुर में फाइनल मुकाबला दशरथ ब्रदर टीम और तेलियापोखर के बीच खेला गया। जिसमे दशरथ ब्रदर टीम ने तेलियापोखर टीम को एक गोल से पराजित किया। विजेता दशरथ ब्रदर टीम को 30 हजार रुपये नगद एवं उपविजेता तेलियापोखर टीम को 25 हजार रुपये नगद एवं सेमीफइनल मे पांच-पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कुणाल अलफ्रेंड हेम्ब्रम, उपाध्यक्ष कलाम अंसारी, जेम्स सुशील हेम्ब्रम, मुखिया मरियम मरांडी, पंचायत समिति विजय साहा, फूलटन शेख के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

### अकेलवा मैदान में 50 फिट का बनाया गया था रावण का पुतला

**पलामू :** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, धर्मपत्नी पूनम जायसवाल और पुत्र सह जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने नवरात्र के समापन पर डाली बाजार के कौशल नगर स्थित अकेलवा मैदान में आयोजित मेला व भक्ति जागरण का शुभारंभ फीता काटकर किया। कार्यक्रम में जिला पार्षद व मुखिया ने क्षेत्र के सम्मानित लोगों को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला पार्षद ने अपने क्षेत्र में 27 अक्टूबर को करीब तीन करोड़ की लागत से कई योजनाओं का शिलान्यास करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 से इस मैदान में मेरे पिता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा मेला व रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि रावण का पुतला दहन के बाद लोगों को अपने अंदर की रावण रूपी अहंकार को जलाने की जरूरत है तभी हम समाज में एकरूपता और शांति सौहार्द का वातावरण कायम कर सकते हैं। उन्होने कहा कि आज भी रावण जैसे लोग समाज को तोड़ने और अशांति फैलाने के लिए खुल्लेआम घूम रहे है। जिसे हमें पहचानने की जरूरत है। कार्यक्रम में लोक कलाकार शिव कुमार चौधरी, शिशिर शुक्ला व चांदनी सिंह ने अपनी सुर और कला का जलवा बिखेर एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महेजर यादव, जायसवाल टिंबर के प्रो अरुण कुमार जायसवाल, पं स शहाबुद्दीन अंसारी, अल्पना देवी, गीता देवी,उप मुखिया नगीना खातून ने लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए वर्षो से कौशल नगर में पर्यावरणविद कौशल किशोर के द्वारा निजी खर्चे पर लगाया जा रहे मेला व भक्ति जागरण की सराहना की।

## शहर >> अपडेट

### इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

**पेटरवार** : पेटरवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध व्यक्ति की रामगढ़ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पेटरवार पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौप दिया। घटना की जानकारी पाकर गुरुवार को दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो पेटरवार प्रखंड के कोडरमा गांव अंतर्गत तुरी टोला स्थित मृतक के घर पहुंचे। मंत्री ने आकस्मिक निधन होने पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत के पार्थिव शरीर के दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया। मंत्री ने सरकारी प्रावधान के अनुरूप मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### एक की मौत दो घायल



**पेटरवार** : पेटरवार एन.एच 23 पेटरवार बोकारो पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के दारिद पंचायत अंतर्गत लुकैया अंसारी मोड़ के पास बुधवार की रात्रि साढ़े 10 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दशमी कुमारी (14 वर्ष) की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पेटरवार पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सड़क पर छटपटा रहे घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां चिकित्सक डॉ हेमलता तिग्गा ने जांचोपरांत दशमी कुमारी को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल सोमर हांसदा (19) ओर साहेब राम हांसदा(17) को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया। जहां दोनों युवकों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि दशमी कुमारी अपने बहन की देवर के साथ मेला देखने बुधवार को पेटरवार आई थी और मेला देखने के बाद एक बाइक में सवार होकर अपनी बहन से मिलने पेटरवार प्रखंड के मायापुर पंचायत अंतर्गत धीरीदाग गांव जा रही थी कि अंसारी मोड़ के पास बिपरित दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिसके कारण दशमी कुमारी की मौत घटना स्थल पर हो गई जबकि उसकी बहन के दो देवर गंभीर रूप से घायल हो गए। पेटरवार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया है।

**आयोजन** कार्यक्रम प्रतिष्ठाचार्य ब्र संजय भैया,सरस, बैतूल के निर्देशन में शुरू हुए

# श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर के निर्माण का शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा**:धर्मनगरी झुमरीतिलैया शहर का 90 वर्ष प्राचीन श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर का नव निर्माण के लिए भव्य शिलान्यास का कार्यक्रम पूज्य जैन संत गुरुदेव सुयश सागर जी के सानिध्य में हुआ। जैन समाज के मंत्री ललित सेठी ने बताया कि पुराने मंदिर की जीर्ण अवस्था को लेकर मंदिर निर्माण कमेटी एवं जैन समाज के पदाधिकारीगण ने निर्णय लिया कि समय और समाज की आवश्यकता को देखते हुए इसे आधुनिक साज सज्जा के साथ भव्यता और दिव्यता प्रदान करते हुए नया निर्माण कराया जाय। पुराने मंदिर का विसर्जन कर दिया गया। विश्व शांति महायज्ञ हवन पूजा के साथ ही सिद्ध चक्र महामंडल विधान को पूरी भक्ति के साथ संपन्न किया गया । तत्पश्चात शिलान्यास का कार्यक्रम हुआ जिसमें 1000 से अधिक श्रद्धालु भक्त पुरुष महिला युवा बच्चे ने भाग लिया। गुरुदेव आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री सुयश सागरजी महाराज ससंघ सानिध्य में अभूतपूर्व ऐतिहासिक सिद्ध चक्र विधान संपन्न हुआ । और साथ साथ मंदिर नव निर्माण शिलान्यास समारोह भी संपन्न हुआ । भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व खनन क्रिया, वास्तु विधान, भूमि शुद्धि आदि मांगलिक कार्य समाज की उपस्थिति में पू गुरुदेव सुयश सागरजी महाराज ससंघ सानिध्य में और प्रतिष्ठाचार्य ब्र संजय भैया,सरस, बैतूल के निर्देशन में शुरू हुए।प्रातः काल हवन आदि मांगलिक कार्य के बाद भगवान को पालकी पर बिठाकर नगर के मुख्य स्थान से शोभायात्रा निकाली गई और साथ साथ मुख्य शिलान्यास कर्ता परिवार सुरेंद्र सरिता सौरभ काला परिवार को सम्मान के साथ बग्गी में बिठाया गया । और नगर परिक्रमा करने के बाद श्री जी का शिलान्यास स्थल पर जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालु बडी संख्या में उपस्थित थे और मंत्रोंचारण के साथ शांति धारा की गई।सर्व प्रथम शिलान्यास स्थल पर शिलान्यास कर्ता परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों का भव्य प्रवेश शिलान्यास स्थल पर हुआ। शिलान्यास स्थल की बहुत ही सुन्दर सजावट और तैयारी की गई।विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद सर्व प्रथम शिलान्यास स्थल सुरेंद्र सरिता सौरभ काला झुमरीतिलैया कोडरमा परिवार को आमंत्रित करते हुए रत्न शिला स्थापित करने का सौभाग्य मिला। परिवार और समाज के पूरे सदस्यों ने मिलकर भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाया।सभी,को रजत स्वस्तिक, स्वर्ण शिला,रजत शिला उपलब्ध कराते हुए समाज के सभी परिवारों को पुण्य अर्जित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूज्य गुरुदेव मुनिश्री सुयश सागरजी महाराज एवं समाज की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने विशेष रूप से सुरेंद्र सरिता सौरभ काला परिवार को बहुत बहुत बधाई दी।पूज्य गुरुदेव श्रमण मुनि सुयश सागर महाराज ने कहा कि कई जन्मों में संचित पुण्य कर्म के फलस्वरूप ऐसा सौभाग्य किसी व्यक्ति को मिल पाता है कि वह जिनालय निर्माण के शिलान्यास का सौभाग्य पा सके। भूमि पूजन में आठ दिशाओं मे आठ शीला रखने का सौभाग्य विमल संजय अजय बरजतया परिवार झुमरी तिलैया, पाना देवी गया परिवार, पूज्य मुनिश्री सुयश सागरजी महाराज,प पू क्षुल्लक श्रुत सागर जी, क्षुल्लक सोहम सागरजी महाराज का पूरे जैन समाज के श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वाद मिला मंदिर निर्माण कमेटी के संयोजक सुरेश झांझरी सुशील छाबड़ा ने भी सभी दान दातार के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि सभी के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होगा जिसे तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राजकुमार अजमेरा ने बताया कि शिलान्यास स्थल पर 35घंटे का विश्व शांति णमोकार महामंत्र का अखंड पाठ चल रहा है ।

12 अदद रॉयल स्टैग, 23 ब्लेंडर प्राइड जप्त

## अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा**:गुरुवार को सहायक उप निरीक्षक मुरशिद आलम खान साथ आरक्षी पवन प्रकाश, आरक्षी रणधीर कुमार तथा महिला आरक्षी नीतू कुमारी सभी रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्य कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं 04/05 पर गश्ती कर रहे थे। इसी क्रम में कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं 04 पर न्यू फूट ओभर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति को एक लाल रंग के ट्रॉली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर उनके पास जाकर पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम व पता राजीव कुमार, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता- शिवजी यादव, सा गर्दनी बाग, पटना (बिहार) का रहने वाला बताया। उसके कब्जे वाले ट्रॉली बैग को खोलकर चेक किया गया तो उसमें 12 अदद रॉयल स्टैग, 23 ब्लेंडर प्राइड पाया गया। अंग्रेजी शराब बोतल के बाबत न तो कोई कागजात दिखाया और ना ही संतोषप्रद जबाब दिया। जिसके बाद अंग्रेजी शराब को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा पकड़े गये व्यक्ति का गिरफ्तारी ज्ञापन बनाते हुए गिरफ्तार किया गया।

सोना तस्करी से जुड़ा हो सकता है मामला

## युवक प्रदीप का शव पत्थर खदान से बरामद

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा**: गत 21 अक्टूबर से झुमरीतिलैया शहर से अपहृत युवक प्रदीप पंडित का शव गुरुवार को डोमचांच के अम्बादाह पत्थर खदान से बरामद किया गया है। मामले को लेकर झुमरीतिलैया की सुनीता देवी ने अपने पति प्रदीप पंडित के अपहरण का आरोप लगाते हुए तिलैया थाना में आवेदन दिया था। उसने आवेदन में कहा था कि उनके पति आश्रम रोड स्थित दलजीत सिंह भाटिया के यहां चालक का काम करते थे और 21 अक्टूबर को उनके साथ कोडरमा गए थे। उसके बाद से वापस घर नहीं लौटे हैं। परिजनों का आरोप है कि मामले में तिलैया पुलिस ने कोई गम्भीरता नहीं दिखाई और प्रदीप पंडित की हत्या कर दी गयी। इधर पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया।यह पूरा मामला सोना की तस्करी से जुड़ा हो सकता है। मंडल कारा के पास 21 अक्टूबर को तकरीबन 250 ग्राम सोने का लेनदेन किया जा रहा था और उसी लेन देन के सिलसिले में चालक प्रदीप दलजीत सिंह भाटिया के साथ गया हुआ था। दलजीत ने प्रदीप के परिजनों को बताया कि लेनदेन में विवाद होने के बाद प्रदीप अपने मालिक दलजीत को लेकर घर लौट आया, लेकिन इसी बीच सोना खरीदने आये लोग उसके घर आ धमके और प्रदीप पंडित का अपहरण कर उसे अपने साथ ले गए। हालांकि इसकी खबर दलजीत सिंह भाटिया ने न तो पुलिस को दी और न ही इसकी जानकारी उस समय प्रदीप के परिजनों को दिया। घटना के एक दिन बाद प्रदीप की पत्नी सुनीता के बयान पर 22 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया और गुरुवार को उसका शव पत्थर खदान से बरामद किया गया। परिजनों ने घटना के पीछे प्रदीप के मालिक दलजीत सिंह भाटिया का हाथ होने का आरोप लगाया है। खदान से शव बरामद होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों के विरोध को देखते हुए अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हालांकि यह भी पहली बार देखने को मिला कि अंत्यपरीक्षण को लेकर अस्पताल परिसर में पुलिस की तैनाती की गयी हो। इधर एसपी अनुदीप सिंह के मुताबिक मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जो भी लोग इस मामले में दोषी होंगे, उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# 'अगले बरस तू जल्दी आना' नम आंखों से दी गई मां दुर्गे को विदाई

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा**: अगले बरस तू जल्दी आना की कामना के साथ बुधवार को मां दुर्गे को विदाई देते हुए प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। इससे पहले सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा का खोंइछा भरकर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद लिया। सिंदूर खेला के समय माहौल भावुक हो गया। ज्यादातर महिलाओं की आंखें नम हो गईं। प्रतिमा विसर्जन से पूर्व सुबह में पूजा पंडालों व मंदिरों में स्थापित कलश का क्षेत्र के नदी, तालाब व सरोवरों में श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया।दोपहर बाद शहर और आसपास के इलाकों में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में शामिल युवा, बच्चे व बुजुर्ग रंग-अबीर उड़ाते हुए और डीजे की धुन पर थिरते चल रहे थे। कोडरमा के बोना काली, कोडरमा बाजार, तिलैया बेलाटांड़, अड्डी बंगला, महाराणा प्रताप चौक, बिशुनपुर रोड, ताराटांड़ आदि जगहों पर स्थापित मां दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित कर दी गईं। विसर्जन यात्रा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और तय रूट चार्ट के अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित तालाब में सुनिश्चित कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ जुलूस में मौजूद रहे। दंडाधिकारी व शांति समिति के सदस्य भी मुस्तैद दिखे।

**आस्था** महिलायें माता से अपने सुहाग की सलामती की कामना

# खोइचा भराई के साथ सिन्दूर खेला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा**:नौ दिन नवरात्रा विसर्जन माँ चली । जी हां विजयादशमी की पूजा पूर्ण होने के बाद इलाके के तकरीबन सभी पूजा स्थलों के समीप बज रहे ये गीत सच सबों को भाव विभोर कर रहे हैं । नौ दिनों के नवरात्रा की अनुपम पवित्र पूजा साधना । फिर महानवमी और विजयादशमी की पूजा का सम्पन्न होना । विजयदशमी की पूजा के उपरांत माता की पारम्परिक तरीके से महिलाओं द्वारा खोइचा भराई की रस्म अदायगी । इस मौके पर सभी पूजा स्थलों पर जुटी महिलाओं ने वर्षों से चली आ रही इस परम्परा का निर्वहन कर खोइचा भराई की रस्म पूरी की । फिर सिन्दूर खेला की परम्परा व रस्म में सबों ने शिरकत किया । चाराडीह दुर्गा पूजा स्थल पर सभी परम्परा पूरी की गयी । मौके पर मौजूद जूही दास गुप्ता ने कहा की यहां हर वर्ष यह आयोजन होता है । उन्होने कहा की इस दौरान सभी सुहागिन महिलायें माता से अपने सुहाग की सलामती की कामना करती हैं । मौके पर उनके अलावा अर्चना सुषमा सोनू अल्पना समेत अन्य कई महिलायें इसमें शिरकत की । शहर के एक अन्य प्रमुख पूजा स्थल अड़ी बंगला पूजा स्थल पर विजयदशमी पूजा सम्पन्न होने के उपरांत खोइचा भराई फिर सिन्दूर खेला आयोजन में महिलाओं ने शिरकत किया । मौके पर इस आयोजन मैं चन्द्रानी सरकार सोमा सरकार शर्मिष्ठा साहा रुपा राय गायत्री दत्ता शोभा राय बोनी चटर्जी पद्मा बनर्जी उमा विश्वास लीला विश्वास मोनिका कविता बेबी छाया समेत काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की । मौके पर चन्द्रानी सरकार और शर्मिस्ठा साहा ने कहा की यह परम्परा वर्षों से चली आ रही है । गौरतलब है की शिवसागर पूजा स्थल समेत अन्य स्थलों पर भी सिन्दूर खेला का आयोजन किया गया । संध्या में विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया । नम आंखों से भक्तों ने माता को बिदाई दी ।



## न्यूज फटाफट

### खिलाड़ी की मौत पर दी गयी श्रद्धांजलि



**कुडू** : कराटे की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी आशी आदिति केरकेट्टा के आकसमिक निधन से कुडू प्रखण्ड के खेल प्रेमियों में शोक छाया है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखण्ड परिसर कुडू में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, कोच अमित कुमार सिंह, आदिति के अभिभावक और सभी खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रख नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मौके पर सीओ श्री सिंह ने कहा कि अत्यंत दु:खद क्षण है। हमने एक प्रतिभावान खिलाड़ी को खो दिया है। उन्होने कहा कि आज कल के बच्चों को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं मानसिक रूप से भी मजबूत होना की जरुरत है।

### पुजा समिति ने भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया आयोजन



**कुडू** :दुर्गा पूजा समिति ओपा कुडू के तत्वाधान में आयोजित रंगारंग भक्ति जागरण कार्यक्रम में बुधवार को हजारों लोगों ने रात भर झूमते रहे। रांची के म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने रात भर शम्मा बंधे रखा। कार्यक्रम की शुरूआत कलाकार इम्तियाज ने चलो बुलावा आया है। माता ने बुलाया है से की। इसके बाद गोल्डी, आशा, निभा ने एक से बढ़कर एक हिंदी, भोजपुरी, नागपुरी गीत गाकर कलाकारों ने समां बांधे रहा। कार्यक्रम के बीच-बीच मे आकर्षक रिकॉर्डिंग डांस कर उपस्थित लोगों को झूमने और नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुचे अतिथियों को बैच और पटा पहनाकर समिति के लोगो ने जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूजा समिति के अध्यक्ष लाल निरोज नाथ शाहदेव, सोनू वर्मा, मुन्ना अग्रवाल, दुबराज वर्मा, लाल प्रभाकर, सुजीत ठाकुर, विजय ठाकुर, प्रदीप यादव, लोकेश ठाकुर, लाल विभय नाथ शाहदेव उर्फ छोटू, रोशन शाहदेव, लाल राजेंद्र, परमेश्वर ठाकुर, सुजीत शाहदेव, कुडू थाना के ए.एस.आई लवकुश सिंह, प्रेम प्रकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### रंगे हाथ चोरी करते चोर धराया

**झुमरीतिलैया**: तिलैया थाना क्षेत्र के वैशाली प्रेस गली में गुरुवार की सुबह एक चोर को रंगे हाथ चोरी करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में वैशाली प्रेस गली, प्रियंका मेंशन निवासी प्रेम नायक, पिता जागो नायक ने थाना में एक आवेदन दिया है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि गुरुवार सुबह लगभग 7:21 बजे मो. इरफान उर्फ राजा, पिता रहमतुल्लाह नामक चोर मेरे घर में चोरी करने के इरादे से आया था। सामान लेकर जब वह जा रहा था इस दौरान उनकी नींद खुली और उन्होंने उसे दौड़कर पकड़ा। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### गुमशुदगी का सनहा कराया दर्ज

**झुमरीतिलैया**: थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्यापुरी निवासी गोविंद सिंह पिता कृष्णा सिंह ने गुरुवार को अपनी पत्नी पूनम देवी की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। थाना को दिये आवेदन में उन्होंने कहा है कि 18 अक्टूबर की सुबह 9:30 बजे उनकी पत्नी बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### नही रहे करमा स्कूल के पूर्व प्राचार्य शिवमूर्ति पांडेय



**कोडरमा**: करमा स्कूल के सेवा निवृत पूर्व प्राचार्य शिव मूर्ति पांडेय का रमा स्थित आवास पर आज निधन हो गया । पिछ्ले कुछ समय से वे अस्वस्थ चल रहे थे । उनके निधन से आसपास के इलाके मैँ सामाजिक लोगों शिक्षा विदों और उनके छात्र रहे काफी संख्या मैँ लोगों ने गहरा शोक जताया है । गौरतलब है की वे अपने सेवाकाल और उसके बाद भी निजी जीवन मैँ हमेशा सादगी भरे जीवन को ही महत्व दिया । अपने निवास से तिलैया शहर तक किसी भी निजी या सामाजिक कार्य के लिए हमेशा पैदल ही आना जाना करते थे । सभी तरह के सामाजिक सरोकारों से पूरा जीवन जुडे रहे । इलाके मैँ शिक्षा के प्रसार के लिए उन्होने सदैव सार्थक भूमिका निभाई । जो भी उनके असंख्य छात्र रहे सबों से असीम स्नेह रखते थे । अपने छात्रों से बरबस मुलाकात होते ही उनके चेहरे पर स्नेह दुलार और अपनत्व भाव सहज ही उभर आते थे । वे सभों से एक समान भाव रख जीवन जीते रहे । अपने सभी शिष्यों को बेहतर देख जान कर जैसे वे फूले नही समाते थे । अपने कार्यकाल मैँ उन्होने हमेशा खेल को लेकर छात्रों को प्रोत्साहित किया । अपने छात्रों के हित के विपरित उन्हें तनिक भी कुछ स्वीकार नही था । अपने सेवा काल मैँ उन्होने अनुशासन को अहमियत दी । इलाके मैँ लोगों ने उन्हें सदैव मान दिया । उनका जिंदगी को यूं अलविदा कह सबों को छोड जाना अत्यंत ही दुखदायी है । नियति के इस फैसले से शिष्यों समेत अन्य सभी की मन मर्माहत और आंखें नम हैं । अलविदा शिष्यों ।

### लोहरदगा के नए डीसी बने अमित कुमार



**कुडू**:प्रखंड उप प्रमुख सह जेएमएम नेता ऐनुल अंसारी ने जिले के नए अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित इस मौके पर समाज सेवी तबरेज अंसारी रहे मौजूद।

## न्यूज फटाफट

### रांची ज़िला क्रिकेट संघ का सत्र (2023-24) आगामी सोमवार से क्वालीफायर प्रतियोगिता होगी शुरू



**रांची:** रांची ज़िला क्रिकेट संघ का सत्र (2023-24) आगामी सोमवार से क्वालीफायर प्रतियोगिता से शुरू होने जा रहा है। क्वालीफायर प्रतियोगिता में कुल 31 टीमों ने भाग लिया है जिसमें से 10 टीम पुरानी है एवम 21 टीम नई को पहली बार रांची जिला क्रिकेट लीग खेलने का मौका दिया जा रहा है इन 31 टीमों को आपस में मैच खेलने के बाद अंक तालिका में सबसे ऊपर की 13 टीमों को इसी सत्र 2023_24 में बी डिविजन में खेलने का मौका मिलेगा। ये सभी मैच गोलचक्र मैदान,नेहरू स्टेडियम,प्रभात तारा मैदान एवम शाखा मैदान में खेला जाएगा।

### खेलो इंडिया वूमेन लीग में राज्य के 12 जिला के 154 खिलाड़ी हुए शामिल

**रांची:** भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया वूमेन लीग महिला सशक्तिकरण के लिए आरके आनंद लॉन बॉल ग्रीन स्टेडियम नामकुम में एक दिवसीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित किया गया ' इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप मे राजेश कच्छप,खिजरी विधायक ,विशिष्ट अतिथि के रूप में बिपिन टोप्पो जिला पार्षद,महासचिव परसिक्षित तिवारी झारखंड जूडो महासंघ ,संतोष सिंह एएसआई नामकुम थाना ,सतीश पॉल मूंजी अध्यक्ष रांची जिला जूडो संघ ने संयुक्त रूप से दीप परवजलित किए ' आए हुए सभी आथियो अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवम प्रतीक चिन्ह देकर रांची जिला जूडो संघ के उपेन्द्र कुमार और अभिषेक कुमार ने स्वागत किया ' यह प्रतियोगिता भारतिय खेल प्राधिकरण के पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार के देखरेख में किया जा रहा है महासचिव महासचिव प्रशिक्षित तिवारी ने सरकार के इस महिला सशक्तिकरण के पहलू को काफी सराहना करते हुए बताया कि जूडो ओलंपिक खेल है इस खेल में खिलाड़ी अपना भविष्य बना सकते हैं राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य एवं देश के लिए पदक जीतने पर सरकार के द्वारा सरकारी नौकरी देने का भी प्रावधान है खासकर महिला अपने आत्म सुरक्षा के लिए जूडो को कारगर हथियार बन सकती हैं प्रतियोगिता में मत अध्यक्ष के रूप में प्रिंस मिश्रा राजीव सिंह रेफरी की भूमिका रेफरी का भूमिका उपेंद्र कुमार अभिषेक कुमार उज्जवल सिंह रिचा तनवीर एवं स्कोर के रूप में दीपक ने निभाई ।

### पेनकैक सिलाट और स्के राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण को तैयार

**पणजी:** देश में मार्शल आर्ट के प्रति बढ़ती दिलचस्पी के बीच जम्मू-कश्मीर में बेहद लोकप्रिय मार्शल आर्ट के दो रूप पेनकैक सिलाट और स्के राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी दिखाई दे रहा है। स्के को कश्मीरी पारंपरिक मार्शल आर्ट के रूप में जाना जाता है और इसका अभ्यास तब से किया जाता है जब मनुष्यों को नियमित रूप से जंगली जानवरों से अपनी रक्षा करने की आवश्यकता होती है। ऐसा कहा जाता है कि बहुत पहले दिया देव नाम के एक राजा ने एक ऐसी सेना स्थापित करने के निर्देश दिए थे जो विशेष रूप से स्के में कुशल हो। मार्शल आर्ट्स गोवा स्काय एसोसिएशन के अध्यक्ष सिद्धेश श्रीपद नाइक ने कहा, ''यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि स्काय को पहली बार राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है। हमारे महासंघ में लगभग 23 राज्यों के खिलाड़ी शामिल हैं, वे सभी इसमें भाग ले रहे हैं।'' 37वें राष्ट्रीय खेलों में गोवा के पदक जीतने की संभावनाओं पर उन्होंने कहा, '' यह खेल गोवा में भी पिछले 20 सालों से खेला जा रहा है. हमारे खिलाड़ी और कोच भी लंबे समय से इससे जुड़े हुए हैं। मार्शल आर्ट इवेंट पेनकैक सिलाट की शुरुआत इंडोनेशिया में हुई लेकिन यह जम्मू और कश्मीर में बहुत लोकप्रिय हो गया है।'' उन्होने बताया कि यह एक लड़ाकू, गैर-आक्रामक मार्शल खेल है जिसमें सामूहिक रूप से इंडोनेशिया से उत्पन्न मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों को शामिल किया गया है।

**पूर्वालोकन** रांची के मरंग गोमके जयपाल सिह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुरू होगा

# भारतीय हॉकी टीम तैयार हैं झारखंड महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी रांची 2023 के लिए

**▶▶ भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड समेत छः टीमें इसमें भाग ले रही है**

**▶▶ ओलंपिक्स क्वालीफायर्स के लिए इन मैचों में खेलना एक बड़ा अवसर है।**

**एजेंसियां**

**रांची:** झारखंड महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी 2023 शुक्रवार को रांची के मरंग गोमके जयपाल सिह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुरू होगा। भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड समेत छः टीमें इसमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, प्रत्येक टीम को राउंड-रॉबिन स्टेज में पांच मैचों में शामिल होना होगा, फिर सेमी-फाइनल में पहुँचने के लिए चार सबसे ऊपर की टीमें आगे बढ़ेंगी। ब्रॉन्ज मेडलिस्ट, जापान, और 19वें एशियाई खेलों के गोल्ड मेडलिस्ट, चीन, निश्चित रूप से इस टूर्नामेंट में सबका ध्यान खींचेंगे जबकिभारतीय महिला हॉकी टीम भी खिताब की प्रबल दावेदार है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट में, किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। हम इन मैचों का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि ये हमें एशिया की कुछ सबसे खतरनाक टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता को परखने में मदद मिलेगा । बेशक, हम हर मैच जीतना चाहते हैं और यहाँ अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालीफायर्स मैच भी रांची में आयोजित होंगे और उसके पहले यह टूर्नामेंट भारत के लिए महत्वपूर्ण है। रांची में होंगे। कप्तान के दृष्टिकोन का समर्थन करते हुए, मुख्य कोच जानेके शोपमान ने कहा, ओलंपिक्स क्वालीफायर्स के लिए इन मैचों में खेलना एक बड़ा अवसर है। यह हमें दूसरी टीमों का अध्ययन करने और जानने का अनुमति देता है कि खिलाड़ी कैसे अपनी सौंपी गई भूमिका का पालन करते हैं। हमारे हाल के प्रदर्शन से उम्मीद है और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन को देखने के लिए उत्साहित और उत्सुक हूं। भारत का पहला मैच थाईलैंड के साथ 27 अक्टूबर 2023 को होगा। फिर उनका मुकाबला मलेशिया के साथ 28 अक्टूबर को होगा। इसके बाद, वह अपने तीसरे मैच में 30 अक्टूबर को चीन के खिलाफ मुकाबला करेंगा।फिर वह 31 अक्टूबर 2023 को जापान के साथ भारत मैच खेलेगा। टीम का आखिरी पूल मैच कोरिया के साथ 2 नवम्बर होगा ।इसके बाद नॉकआउट स्टेज के मैच होंगे। मैच सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 एसडी और एचडी पर प्रसारित किए जाएंगे, साथ ही सोनीलिव पर भी लाइव स्ट्रीम भी होगा।



23 वीं झारखंड राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रारंभ

## टीम चैंपियनशिप में पुरुष में रांची, महिला में पूर्वी सिंहभूम एवं युथ अन्डर 17 बालक वर्ग में गढ़वा बने चैंपियन

**एजेंसियां**

**रांची:** 23 वीं झारखंड राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता जो धनबाद टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में नेहरू कंप्लेक्स कोयला नगर में दिनांक 25/10/2023 से 29/10/2023 तक आयोजित है, उक्त प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य सतर्कता अधिकारी अमन राज, विशिष्ट अतिथि डी आई जी (सी आई एस एफ) विनय काजला, झारखंड टेबल टेनिस संघ के सचिव समर जीत सिंह, उपाध्यक्ष, सैबल गुप्ता, धनबाद जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव सह झारखंड टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष साकेत सिन्हा, झारखंड टेबल टेनिस संघ के सह सचिव सुदिप्ता मुखर्जी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सदस्य कमलेश कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में 12 जिलों के कुल 180 खिलाड़ी भाग ले रहे हैंप्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए टीम चैंपियनशिप के फाइनल में अंडर17 बालक वर्ग में गढ़वा नें पूर्वी सिंहभूम को 3-2 से, एवं पूर्वी सिंहभूम नें रांची को 3-1 से,पुरुष वर्ग के फाइनल में रांची नें पूर्वी सिंहभूम को 3-0 से महीला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम नें धनबाद को 3-0 से हराकर चैंपियन बने` वहीं युथ अन्डर 17 बालक वर्ग में रांची एवं गिरिडीह , पुरुष वर्ग में गढ़वा एवं हजारीबाग एवं महिला वर्ग में रांची एवं गढ़वा को तृतीय स्थान प्राप्त हुओप्रतियोगिता में मुख्य रेफरी की भूमिका किरण बिहारी शुक्ला, सहायक रेफरी संदीप साहा, अंपायर, अंजली रानी, एल एन मित्रा, रविंद्र कुमार, गोकुल कुमार, अतानु गुप्ता, श्वाती कुमारी, वैभव शर्मा, सि के सिंह, एवं आशीष बनर्जी नें निभाई प्रतियोगिता का समापन दिनांक 29/10/2023 को होगो मौके पर धनबाद जिला टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष अजय कुमार महाजन, संजीव सागर, विनोद कुमार सिन्हा, चिराग महाजन, कृपा शंकर, विभिन्न जिलों से आए कोच मैनेजर एवं खिलाड़ी मौजूद थे कार्यक्रम का सफल संचालन सादाब अहमद नें किये।



एस0 आर0 रुंगटा बी-डिविजन लीग, 2023-24

## रायवल क्लब गुवा ने स्टूडेंट क्लब चाईबासा को हराया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर आज खेले गए ग्रुप-सी के लीग मुकाबले में रायवल क्रिकेट क्लब गुवा की टीम ने स्टूडेंट क्लब चाईबासा को दो विकेट से पराजित कर तगड़ा झटका दिया। रायवल क्लब की यह लगातार दूसरी जीत है। आज की जीत के साथ ही इसके चार अंक हो गए हैं और अंक तालिका में यह पहले पायदान पर है तथा इसके क्वार्टर फाइनल में खेलने की संभावना बढ़ गई है। वहीं आज की अप्रत्याशित हार से स्टूडेंट क्लब चाईबासा के क्वार्टर फाईनल में पहूँचने की राह कठिन हो गई है। दुर्गा पूजा के पांच दिनों के अवकाश के बाद आज खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट क्लब चाईबासा ने पूरे 30 ओवर खेलकर नौ विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रेहान आफरिदी ने चार चौकों एवं एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 35 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में उद्घाटक बल्लेबाज मो० साकिब ने पाँच चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 30 रन, सजरुल होदा ने 16, तौसिफ एहसान ने 14, अंकित शर्मा ने 11 तथा कप्तान मो० वसीम ने 10 रन बनाए।

रायवल क्लब की ओर से कप्तान विक्की सिंह ने एक बार फिर घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 21 देकर पाँच बल्लेबाजों को चलता किया। अभिमन्यु को दो तथा राज लकड़ा एवं मनीष कारुवा को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य को हलांकि रायवल क्लब ने 25.3 ओवर में ही हासिल कर लिया ।

## खेल जगत अपडेट्स »

### खेल विज्ञान पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस 14 से 15 दिसम्बर तक दिल्ली में होगी

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा खेल विज्ञान पर राष्ट्रीय स्तर की सातवीं कॉन्फ्रेंस का आयोजन 14 से 15 दिसंबर को प्रगति मैदान में स्पोर्ट्स इंडिया 2023 के साथ किया जायेगा। आज यहां पेफी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांफ्रेंस की पत्रिका का लोकार्पण कुश्ती जगत के विख्यात खिलाड़ी अर्जुन एवं द्रोणाचार्य अवार्डी संदीप मान और अर्जुन अवार्डी राजीव तोमर ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. पीयूष जैन ने बताया की हर वर्ष की भांति पेफी के द्वारा इस कांफ्रेंस का आयोजन प्रगति मैदान में स्पोर्ट्स इंडिया 2023 के साथ मिलकर किया जा रहा है जिसमें देश भर से खेल विज्ञानी, देश में खेलों के विकास में विज्ञान का योगदान पर चर्चा करेंगे और नई-नई रिसर्च फाइंडिंग के बारे में खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षकों को जागृत किया जाएगा जिससे वह अपने खिलाड़ियों की परफॉरमेंस बड़ा कर उन्हें मैडल के लिए तैयार कर सकें। उन्होंने बताया की पूरे विश्व में खेल विज्ञान के क्षेत्र में क्रान्ति हुई है जिसका फायदा खिलाड़ियों को मिल रहा है इसीलिए विकसित देश हमसे अधिक मैडल ला रहे है, अब हमारे देश में भी इस तरह की गतिविधियों की भी जरूरत है जिससे हमारे खिलाड़ी और अधिक मैडल ला सकें और निश्चित रूप से यह कांफ्रेंस खेल विज्ञान के जगत में एक मील का पत्थर साबित होगी। अर्जुन एवं द्रोणाचार्य अवार्डी सुजीत मान और राजिव तोमर ने कहा कि खेल विज्ञान की खिलाड़ी के कौशल बढ़ाने में अहम भूमिका होती है और हर खिलाड़ी के लिए यह एक महत्वपूर्ण विषय है जिसके द्वारा वह अपने कौशल में निखार लाकर विश्व स्तर पर अपने नाम कमा सकता है मेडल ला सकता है और देश का नाम रोशन कर सकता है। मुझे ×खुशी है की पेफी के द्वारा इस तरह की कांफ्रेंस का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है।

# विनोद भानुशाली की थ्रिलर फिल्म में नजर आयेंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी विनोद भानुशाली निर्मित और सेजल शाह द्वारा निर्देशित थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की थ्रिलर फिल्म 90 के दशक की एक रोमांचक फिल्म होगी। यह फिल्म भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और बॉम्बे फेबल्स द्वारा निर्मित होगी।इस फिल्म की शूटिंग आज मुंबई में शुरू हुई, जिसमें लगभग 40 दिनों का शूट शेड्यूल होगा।नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा,मैं विनोद भानुशाली द्वारा निर्मित इस अविश्वसनीय फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं। एक शानदार निर्माता से निर्देशक के रूप में सेजल शाह का परिवर्तन प्रेरणादायक है, और मैं ह्यसीरियस मेनह्न के बाद फिर से उनके साथ काम करने के लिए खुश हूं। यह फिल्म भावनाओ का रोलरकोस्टर राइड होगा जो फिल्म से जुडी टीम और ऑडियंस के लिए यादगार सफर होगा। विनोद भानुशाली ने कहा कि , भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ऐसे कंटेंट का निर्माण करने के लिए डेडिकेटेड है जो दर्शकों को पसंद आए। सेजल शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हमारा सहयोग एक जबरदस्त सिनेमाई अनुभव देने की क्षमता रखता है जो लोगों के दिल को छु जायेगा। सेजल शाह ने कहा,मैं इस परियोजना का नेतृत्व करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे शानदार अभिनेता के साथ काम करना और विनोद भानुशाली और पूरी टीम का समर्थन इसे निर्देशन के क्षेत्र में एक रोमांचक कदम बनाता है।

# अभिषेक बनर्जी की फिल्म स्टोलन की क्लिप रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई:** अभिनेता अभिषेक बनर्जी की फिल्म स्टोलन की क्लिप रिलीज कर दी गयी है। जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में फिल्म स्टोलन दिखायी जाने वाली है। यह फेस्टिवल 29 अक्टूबर, 31 अक्टूबर और 02 नवंबर को निर्धारित है। स्टोलन के निर्माताओं ने मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल की स्क्रीनिंग से पहले इस फिल्म की क्लिप का अनावरण किया है।यह थ्रिलर फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है।फिल्म के मुख्य अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने रिलीज की गई क्लिप और फिल्म के बारे में अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा,यह मेरे लिए सबसे दर्दनाक दृश्य था, शारीरिक रूप से नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से।फिल्मांकन के बाद जो सवाल मेरे मन में रहा वह था। इंसान इंसानों के प्रति इतना क्रूर कैसे हो सकता है? क्या हम एक ही टीम से नहीं हैं? स्टोलेन ने मेरे सामने ऐसे बहुत से प्रश्न रखे और उनके उत्तर भी दिए। निर्माताओं ने सच्ची घटनाओं पर आधारित एक विचारोत्तेजक कहानी के साथ एक मनोरंजक सिनेमाई यात्रा बनाई है। यह एक कच्ची, गहन और प्रामाणिक फिल्म है जो आपको बांधे रखती है। हमें उम्मीद है कि फिल्म आपके दिलों की धड़कनें बढ़ा देगी। स्टोलन करण तेजपाल द्वारा निर्देशित और जंगल बुक स्टूडियो के गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में शुभम और मिया मेल्ज़र भी मुख्य भूमिका में हैं।



# भगवान श्रीराम की भूमिका निभाना सम्मान की बात होगी : रणबीर कपूर

**एजेंसियां**

मुंबईः बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर का कहना है कि सिल्वर स्क्रीन पर भगवान श्रीराम की भूमिका निभाना उनके लिए सम्मान की बात होगी। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म रामायण को लेकर चर्चा है। कहा जा रहा है कि रणबीर कपूर इस फिल्म में भगवान श्रीराम की भूमिका में होंगे। रणबीर कपूर ने इस फिल्म को लेकर कई अहम जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने कहा कि रामायण एक बड़ा प्रोजेक्ट हैं। उस पर बहुत सारा काम करना होगा। अब तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। मैं चाहता हूं कि जल्द सब कुछ तय हो जाए। फिलहाल मैं कई और कहानियां भी सुन रहा हूं।यदि सब सही रहा, तो रामायण मेरी अगली फिल्म हो सकती है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहता हूं। भगवान श्रीराम की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।



### सारिपोधा सनिवारम में नजर आयेगी नानी और प्रियंका मोहन की जोड़ी

**मुबई :** दक्षिण भारतीय स्टार नानी और प्रियंका मोहन की जोड़ी फिल्म सारिपोधा सनिवारम में नजर आयेगी। नानी और प्रियंका मोहन की आने वाली फिल्म सारिपोधा सनिवारम का मुहर्त हो गया है। इस मुहर्त में निर्देशक विवेक आत्रेया के साथ फिल्म के कलाकार और क्रू सदस्य शामिल हुए। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के टाइटल 'सारिपोधा सानिवारम' का खुलासा किया था, जिसे पहले नानी31 के नाम से जाना जाता था। मुहूर्त की तस्वीरें साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, टीम सारिपोधा सनिवारमपूजा समारोह में सभी मुस्कुराए!।

## 100 मिलियन क्लब में शामिल हुआ नीलकमल सिंह का गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला

**एजेंसियां**

**मुंबई:** नीलकमल सिंह और शिल्पी राज का गाना चढ़ल जवानी रसगल्ला ने 100 मिलियन क्लब एंट्री कर ली है। गाना चढ़ल जवानी रसगल्ला को मई में टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया था।गाने के म्यूजिक वीडियो में नम्रता मल्ला नजर आती हैं, वहीं नीलकमल सिंह भी इस गाने में जमकर मस्ती करते नज़र आये हैं। इस गाने को मिली सफलता के लिए टी-सीरिज हमार भोजपुरी के प्रोजेक्ट मैनेजर सोनू श्रीवास्तव ने ×खुशी जाहिर की और कहा कि 100 मिलियन का आंकड़ा छू लेना बड़ी बात है।



## खुशबू तिवारी केटी और माही श्रीवास्तव का गाना 'दुलहवा गोर चाही' वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से हुआ रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई:** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना दुलहवा गोर चाही रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'दुलहवा गोर चाही' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ हे। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि शायद माही श्रीवास्तव की शादी करने की बातचीत घरवाले कर रहे होंगे तो वह अपने मनचाहे सपनों के राजकुमार के बारे में अपनी भाभी से दिल की बात करती है कि उसे कैसे दूल्हा चाहिए... इस गाने में माही श्रीवास्तव अपनी भाभी से कह रही हैं कि 'घर परिवार से होखे हाई फाई, कुछउ के काम ना भउजी हो चाही... हमरा शादी के गंउवा में शोर चाही हो, दुलहवा गोर चाही हो... सखी से बेजोड़ चाही हो...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'दुलहवा गोर चाही' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर खुशबू तिवारी केटी है। वीडियो सांग में माही श्रीवास्तव है। गीतकार यादव राज के लिखे इस गीत को मधुर संगीत से संगीतकार राहुल यादव ने सजाया है।



## प्रदेश >> अपडेट

### करंट लगने से आटा चक्की संचालक की मौत

**बस्ती :** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे हर्रैया थाना क्षेत्र मे आटा चक्की चलाते समय करंट की चपेट मे आने से चक्की संचालक की गुरूवार को मौत हो गयी । यह जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रो ने बताया कि हर्रैया थाना क्षेत्र के रेहरवा गांव मे श्यामू गुप्ता (46) आटा चक्की चलाता है । आज वह जब चक्की चलाकर गेहूं पीस रहा था तभी वह करंट की चपेट मे आ गया और उसकी मौत हो गयी है। मृतक श्यामू गुप्ता लगभग 08 वर्षो से आटा चक्की चलाता था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मंडी फीस डेढ़ रुपये से 1 रुपये की

**भोपाल** :राज्य सरकार ने प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में लगने वाली मंडी फीस की दर प्रत्येक सौ रुपये में डेढ़ रुपये से घटाकर एक रुपये कर दी है। मंडी फीस के विभाजन के बारे में अलग से आदेश जारी किये जायेंगे।

### उपयंत्री सेवा से बर्खास्त

**भोपाल** :राज्य शासन ने जल संसाधन विभाग के जनपद पंचायत पृथ्वीपुर जिला टीकमगढ़ में पदस्थ रहे उपयंत्री एमएस यादव को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इस उपयंत्री के खिलाफ लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया था और विशेष न्यायालय ने उसे पांच वर्ष की सजा सुना दी थी है। इसी आधार पर अब इस उपयंत्री को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

### आनलाईन गेमिंग पर अब लगेगा 18 प्रतिशत जीएसटी

**भोपाल** :राज्य सरकार ने आनलाईन गेमिंग पर जीएसटी लगाने के लिये गत 27 सितम्बर 2023 को राज्यपाल के माध्यम से अध्यादेश जारी किया था और अब इसे लागू करने की तिथि 1 अक्टूबर 2023 अधिसूचित कर दी है। जब तक केंद्र सरकार अलग से इस पर टैक्स न बढ़ाये तब तक आनलाईन गेमिंग पर मिलने वाले लाभों पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला जायेगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू पुलिस ने सिधरा इलाके में एक महिला सहित दो मादक पदार्थ तस्करों को अवैध पोस्त भूसे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नियमित नाका ड्यूटी के दौरान उनकी टीम ने नगरोटा से सिधरा की ओर जा रहे तस्करों को रोका, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने तलाशी के दौरान दोनों तस्करों के पास से 14 किलोग्राम पोस्ता भूसा (सात किलोग्राम का प्रत्येक बैग) बरामद किया। तस्कर अमृतसर के निवासी गुरमेल सिंह और उत्तर प्रदेश के जिला पिलधित के नियोरिया तहसील निवासी मुस्कान हैं। उनको गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले से संबंधित आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### कार, खड़े ट्रक से टकरायी, तीन की मौत

**मैहर :** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार के टकरा जाने से तीन लोगों की मृत्यु हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रीवा से जबलपुर जा रहे लोगों की कार कल रात्रि नादन थाना क्षेत्र के बरहिया गांव के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गयी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी।

### जुआ खेलते एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**कटनी:** मध्यप्रदेश के कटनी जिले के स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के बंधी गांव में पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख 33 हजार 500 रुपये, एक कार और वन्य प्राणी का मांस जब्त किया है, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत बंधी गांव में बल्लन तिवारी के घर मे बड़े जुआ फड़ संचालित होने की पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन को सूचना मिली थी।

---

**घटना**

### हथियारबंद अपराधी अब तक पकड़ में नहीं आया तलाश जारी

# सामूहिक गोलीबारी में 22 मारे गये

- हथियारबंद अपराधी का चित्र जारी
- लोगों को घरों में रहने की सलाह
- हमलावर प्रशिक्षित सैनिक हो सकता है

**राष्ट्रीय खबर**



**लेविस्टनः** गुरुवार को एक बंदूकधारी की बड़े पैमाने पर तलाश की जा रही थी, जिसके बारे में एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राज्य मेन में सामूहिक गोलीबारी में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए, जो इस साल की सबसे घातक घटना है। पुलिस ने कहा कि रॉबर्ट कार्ड, जिसे निगरानी फुटेज में लेविस्टन शहर में एक गेंदबाजी गली में जाते समय एक विस्तारित क्लिप के साथ अर्ध-स्वचालित हथियार की ओर इशारा करते हुए देखा गया था, सशस्त्र और खतरनाक माना जाना चाहिए। कानूनी एजेंसियों के मुताबिक वह अपराधी एक प्रमाणित आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक और अमेरिकी सेना रिजर्व का सदस्य है। लेविस्टन शहर के पार्षद रॉबर्ट मैक्कार्थी ने बताया कि कानून प्रवर्तन ने 22 लोगों की मौत की पुष्टि की है, कई लोग घायल हुए हैं, स्थानीय मीडिया ने बताया है कि कई स्थानों पर गोलीबारी हुई है।

लेविस्टन के कई इलाकों को बंद कर दिया गया, व्यवसायों को बंद करने का आग्रह किया गया और लोगों को जगह-जगह शरण लेने का आदेश दिया गया, क्योंकि भयानक बंदूक हिंसा का संकट एक बार फिर अमेरिकी समुदाय में फैल गया।

मेन के सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारी माइक सॉसचुक ने कहा कि वह मरने वालों की संख्या बताने के लिए तैयार नहीं हैं, उन्होंने इसे बहुत अस्थिर स्थिति बताया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस बंदूकधारी की तलाश में सड़कों पर अभियान चला रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इस मामले की जांच करने के लिए, श्री कार्ड का पता लगाने के लिए हमारे पास वस्तुतः सैकड़ों पुलिस अधिकारी मेन राज्य में काम कर रहे हैं। शहर के पार्षद मैक्कार्थी ने कहा, घायलों की देखभाल के लिए सेंट्रल मेन के आसपास से बचाव वाहन पहुंचे, और दो लेविस्टन अस्पतालों ने इससे निपटने के लिए हर ऑफ-ड्यूटी स्टाफ सदस्य को बुलाया है जो वे कर सकते थे। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति जो बिडेन ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री के सम्मान में एक राजकीय रात्रिभोज से हटकर मेन के गवर्नर, उसके दो सीनेटरों और एक स्थानीय कांग्रेसी को संघीय समर्थन की पेशकश करने के लिए फोन किया। गुरुवार तड़के, सशस्त्र पुलिस को सेंट्रल मेन मेडिकल सेंटर की सुरक्षा करते देखा गया, जहां कुछ घायलों का इलाज किया जा रहा था।


बयानों के अनुसार, बेट्स कॉलेज सहित कई मेन स्कूल बोर्ड और शैक्षणिक संस्थानों ने कहा कि वे गुरुवार को कक्षाएं आयोजित नहीं करेंगे।

पुलिस और बचाव दल कथित तौर पर एक सक्रिय शूटर के जवाब में स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 7:15 बजे स्पेयरटाइम रिक्रिएशन बॉलिंग एली पर पहुंचे, और फिर उन्हें स्कीमेंजेस बार एंड ग्रिल में एक और शूटिंग की रिपोर्ट मिली। पुलिस ने बॉलिंग एली पर 40 वर्षीय कार्ड की कई तस्वीरें जारी कीं, जहां वह अपनी राइफल उठाए हुए द्वार से गुजरते हुए शांत दिखाई दे रहा है। पुलिस ने कहा, यदि आप उसके ठिकाने के बारे में जानते हैं तो कृपया कानून प्रवर्तन से संपर्क करें।

सॉस्चुक ने कहा कि अधिकारियों को लिस्बन में एक रुचि का वाहन मिला है जिसकी वे तलाश कर रहे थे - एक सफेद स्पोर्ट यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) - लेविस्टन से लगभग आठ मील (12 किलोमीटर) दूर एक शहर, जहां के निवासियों को भी चेतावनी दी गई थी सड़कों से दूर रहें।

---

## राम मंदिर पूरे देश का, अपना बताने में जुटी भाजपा : कमलनाथ




**एजेंसियां**

**छिंदवाड़ा :** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय होने के बीच मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज कहा कि श्री राम मंदिर पूरे देश का है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी इसे सिर्फ अपना बताने में जुटी है। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि राम मंदिर क्या भाजपा का मंदिर है। ये पूरे देश का है, सनातनियों का है। भाजपा इसे अपना मंदिर बताने में जुटी है। इसके पहले आज सुबह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संदर्भ में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ह्रवर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने वाली है। राम मंदिर में आराध्य भगवान श्री रामलला का विराजमान होना, सनातन की शुभता, शुभत्व और मंगल का प्रतीक है; यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं भावनाओं का सम्मान है।

---

### एनसीएल के जनरल मैनेजर एवं डिप्टी मैनेजर ने मांगी रिश्वत,

## सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर





- सीबीआई निरीक्षक यूपी सिंह को इस प्रकरण की विवेचना सौंपी गई है
- शिकायत कर्ता यह रिश्वत नहीं देना चाहता था

**डॉ. नवीन जोशी**

**भोपालः** सीबीआई ने ब्लाक बी एरिया एनसीएल गोरबी जिला सिंगरौली के जनरल मैनेजर सैयद गोहरी एवं डिप्टी मैनेजर चन्द्रमोहन गुप्ता द्वारा बैढ निवासी संजीव कुमार सिंह से दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने पर भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत एफआईआर दर्ज की है। यह रिश्वत बैढ के ग्राम मुहेर में शिकायत कर्ता की 50 डिस्मिल भूमि अधिग्रहण में तय मुआवजा राशि 2 करोड़ 6 लाख 48 हजार 133 रुपये की फाईन निपटाने के लिये मांगी गई थी। शिकायत कर्ता यह रिश्वत नहीं देना चाहता था इसलिये उसने शिकायत की जिस पर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई निरीक्षक यूपी सिंह को इस प्रकरण की विवेचना सौंपी गई है।

---

## यूक्रेन में रोमानियाई स्वयंसेवक सैनिक की मृत्यु



**राष्ट्रीय खबर**


**कियेबः** अंतरराष्ट्रीय सेना के एक हिस्से के रूप में लड़ने वाला रोमानिया का एक स्वयंसेवक यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति में मारा गया है। रोमानियाई मीडिया स्रोतों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे रूस का यह आरोप एक बार फिर सच साबित होता है कि दरअसल यूक्रेन को आगे कर पश्चिमी देश ही रूस के खिलाफ यह युद्ध लड़ रहे हैं और इसमें विदेशी सैनिकों की भी भागीदारी है। रोमानिया के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि यूक्रेनी अधिकारियों ने उसे रोमानियाई नागरिक की मौत के बारे में सूचित किया था। 27 वर्षीय रोमानियाई रुडोल्फ विटमैन का जन्म और पालन-पोषण अराद शहर में हुआ था। उनकी रुचि युद्धकला में थी और उन्होंने फ्रांसीसी अंतर्राष्ट्रीय सेना में लगभग पांच साल बिताए हैं। 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरूआत के बाद, उन्होंने यूक्रेन की तरफ से लड़ने का फैसला किया।जो लोग उन्हें जानते हैं उनका कहना है कि यूक्रेन में बिताए एक साल के दौरान उन्होंने यूक्रेनी भाषा सीख ली। उसकी प्रेमिका इवान्ना यूक्रेन में रहती है। इससे पहले अक्टूबर में यूक्रेन में एस्टोनिया और फिनलैंड के स्वयंसेवकों की मौत की खबर आई थी। एक ब्रिटिश सांसद के पुत्र की तस्वीर भी रूसी सेना ने जारी कर दी थी, जिसे बाद में गिरफ्तार भी कर लिया गया था। रूसी सेना ने अपने ऊपर हुए कई हमलों के लिए भी विदेशी सेना को जिम्मेदार ठहराया था। इसी क्रम में यह आरोप लगाया गया था कि ब्लैक सी के रूसी पोत पर हमले के लिए वे विदेशी पोत जिम्मेदार थे, जो काफी दूर तो थे लेकिन वहां से सारा हमला संचालित किया जा रहा था। इस रोमानिया के मारे गये सैनिक के बारे में और कुछ विशेष जानकारी सार्वजनिक नहीं की गयी है।

---

### नयी चुनौतियों से निपटने के लिए

## संचालन तैयारियों को पुख्ता करने की जरूरत: राजनाथ

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नयी चुनौतियों से प्रभावशाली ढंग से निपटने के लिए संचालन तैयारियों को पुख्ता करने की जरूरत पर बल दिया है। सिंह ने गुरुवार को यहां वायु सेना के कमांडरों के दो दिन के सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं के सैन्य अभियानों में तालमेल पर भी जोर दिया है। उन्होंने इस मौके पर वायु सेना कमांडरों से तेजी से बदल रही वैश्विक भू-राजनैतिक स्थिति पर नजर रखने तथा भारत के संदर्भ में उसका मूल्यांकन करने को भी कहा। रक्षा मंत्री ने कहा कि हवाई युद्ध क्षेत्र में युद्ध के नये तरीके सामने आ रहे हैं और रक्षा तैयारियों को मजबूत बनाने के लिए उनका विश्लेषण करने तथा सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने वायु सेना से हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल और एयरोस्पेस के क्षेत्र में आगे बढने को कहा। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने रक्षा मंत्री को वायु सेना की संचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान भी इस अवसर पर मौजूद थे।

---

**बचाव पद्धति**

### पूरे इजराइल में 10 आयरन डोम बैटरियां हैं

# इजरायल का आयरन डोम ने फिर अनेक जानें बचायी

**राष्ट्रीय खबर**

**तेल अवीबः** अचानक इजरायल पर होने वाली हजारों रॉकेटों की बारिश से अपने नागरिकों को बचाने के लिए इजरायल ने फिर से अपनी जिस बचाव पद्धति पर भरोसा किया, उसे ही आयरन डोम कहा जाता है। इस बार भी हमास का हमला होने के बाद इस तकनीक को चालू किये जाने की वजह से इजरायल के हजारों लोगों की जान बच गयी वरना रॉकेटों से विस्फोट से असंख्य लोग मारे जा सकते थे। विश्लेषकों का कहना है कि मिसाइल रक्षा प्रणाली इजराइल के शस्त्रागार में सबसे महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है और इसने पिछले दशक में विभिन्न संघर्षों में अनगिनत नागरिकों की जान बचाई है। यह अत्यधिक प्रभावशाली है। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि मई में इस्लामिक जिहाद द्वारा दागे गए रॉकेट हमले के दौरान सिस्टम ने 95.6 प्रतिशत सफलता दर का दावा किया था। आयरन डोम पर विकास पहली बार 2007 में शुरू हुआ। 2008 और 2009 में परीक्षणों के बाद, पहली आयरन डोम बैटरियां 2011 में तैनात की गईं। तब से सिस्टम को कई बार अपग्रेड किया गया है।आयरन डोम को आने वाले प्रोजेक्टाइल को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक रडार से लैस है जो रॉकेट का पता लगाता है और फिर एक कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम का उपयोग करता है जो तुरंत गणना करता है कि आने वाला प्रोजेक्टाइल खतरा पैदा करता है या किसी गैर आबादी वाले क्षेत्र पर



हमला करने की संभावना है। यदि रॉकेट कोई खतरा पैदा करता है, तो आयरन डोम हवा में नष्ट करने के लिए जमीन से मिसाइलें दागता है। जमीन पर मौजूद लोगों के लिए, सीधा अवरोध एक तेज धमाके जैसा लगता है और कभी-कभी इसे जमीन से महसूस किया जा सकता है।रेथियॉन और सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, पूरे इजराइल में 10 आयरन डोम बैटरियां हैं, जिनमें से प्रत्येक में तीन से चार लॉन्चर शामिल हैं।

यह प्रणाली परिवहन योग्य है और इसे स्थापित करने में केवल कुछ घंटों की आवश्यकता होती है, और मिसाइल इंटरसेप्टर स्वयं अत्यधिक गतिशील होते हैं। वे 3 मीटर (लगभग 10 फीट) लंबे हैं; इनका व्यास लगभग 6 इंच (15 सेमी) है; सुरक्षा विश्लेषण समूह आईएचएस जेन्स ने 2012 में कहा था कि लॉन्च के समय इसका वजन 90 किलोग्राम (198 पाउंड) था। माना जाता है कि हथियार में 11 किलोग्राम उच्च विस्फोटक हो सकता है। इसकी सीमा 4 किमी से 70 किमी (2.5 मील से 43 मील) तक है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए डिजाइन की गई वायु रक्षा प्रणालियों के विपरीत, आयरन डोम बिना गाइड वाले रॉकेटों को निशाना बनाता है जो कम ऊंचाई पर रहते हैं - जिस प्रकार को अक्सर गाजा में आतंकवादी समूहों द्वारा दागा जाता है।युद्ध के समय, आयरन डोम को संचालित करने की लागत तेजी से बढ़ सकती है।

---

## न्यूज फटाफट

### पूर्वी इंडोनेशिया में भूकंप के झटके

**जकार्ता :** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:44 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 1 मापी गयी है। भूकंप का केन्द्र मालुकु बारात दया जिले से 176 किलोमीटर उत्तर पूर्व में समुद्र तल के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की।

### इजरायली टैंकों , सेना ने हमास के ठिकानों पर हमला किया

**येरूशलम :** इजरायली टैंकों और पैदल सेना ने उत्तरी गाजा में घुस कर हमास के कई ठिकानों, बुनियादी ढांचे और टैंक रोधी मिसाइल प्रक्षेपण चौकियों पर हमला किया है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने गुरुवार सुबह इसकी घोषणा की। आईडीएफ ने कहा लड़ाई के अगले चरण की तैयारी में। आईडीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सैनिक उस क्षेत्र से बाहर निकल गए हैं और इजरायली क्षेत्र में लौट आए हैं।

### चीन ने रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए बारह समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**बीजिंग** :कोलंबिया और चीन ने अर्थशास्त्र, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में 12 नए सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कोलंबियाई राष्ट्रपति प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की बीजिंग यात्रा के बाद प्रशासन ने एक बयान में कहा, ''कोलंबिया और चीन आर्थिक, निवेश, वाणिज्यिक, तकनीकी, पर्यावरण, वैज्ञानिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में 12 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने और महत्वाकांक्षी सहयोग के निर्माण में आगे बढ़े।'' बयान के मुताबिक, समझौतों से कोलंबियाई कृषि उत्पादों की चीनी बाजार तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी और रेलवे परिवहन के विकास को प्राथमिकता के साथ उद्योग और बुनियादी ढांचे में चीनी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, चीन कोलंबिया में परिवर्तन और डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ डेटा संरक्षण और सुरक्षा का भी समर्थन करेगा।

### न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 0259 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी है। भूकंप का केंद्र, 29.92 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.49 डिग्री पश्चिम देशांतर पर जमीन से 38.7 किलोमीटर की गहराई पर निर्धारित था।

### इटली हमास को मानता है आतंकवादी संगठन:ताजानी

**रोम** :इटली के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने बुधवार को कहा कि रोम फिलिस्तीनी आंदोलन हमास को एक आतंकवादी संगठन मानता है, और वह तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के हालिया बयान के बाद उसके राजदूत को बुलाने के अनुरोध का अध्ययन करने का इरादा रखता है। एर्दोगन ने बुधवार को कहा कि हमास फिलिस्तीनी लोगों की आजादी के लिए लड़ रहा है। इटली के परिवहन मंत्री माटेओ साल्विनी ने एर्दोगन के बयान को घृणित बताया। उन्होंने कहा कि वह ताजानी को आधिकारिक विरोध भेजने और तुर्की के राजदूत को तलब करना चाहते हैं। इटालियन समाचार एजेंसी अस्कान्यूज ने ताजानी के हवाले से कहा,''मैं साल्विनी के अनुरोध को सुनूंगा, मैं यह समझने के लिए उनसे बात करूंगा कि उनके प्रस्ताव क्या हैं, लेकिन एक बात निश्चित है इटली के लिए, हमास एक आतंकवादी संगठन है।''

### बाइडेन ने लेविस्टन गोलीबारी के बारे में मेन के गवर्नर से बात की

**वाशिंगटन** ;अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लेविस्टन शहर में हुई सामूहिक गोलीबारी के बारे में मेन के गवर्नर जेनेट मिल्स और राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों से टेलीफोन पर बात की है। गोलीबारी में कथित तौर पर कम से कम 22 लोग मारे गए। व्हाइट हाउस ने एक बयान में यह जानकारी दी है। व्हाइट हाउस ने बुधवार देर रात कहा ''राष्ट्रपति ने लेविस्टन, मेन में हुई गोलीबारी के बारे में मेन के गवर्नर जेनेट मिल्स, सीनेटर एंगस किंग और सुसान कोलिन्स और कांग्रेसी जेरेड गोल्डन से व्यक्तिगत रूप से फोन पर बात की और इस भयानक हमले के मद्देनजर पूर्ण संघीय समर्थन की पेशकश की।''

### फिलीपींस में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**मनीला :** फिलीपींस के क्यूजोन प्रांत के एक दूरदराज के गांव में हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन वायु सेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। फिलीपीन वायु सेना के सार्वजनिक मामलों के कार्यालय के प्रमुख कर्नल मा कॉन्सुएलो कैस्टिलो ने कहा कि मंगलवार रात गांव में हुए भूस्खलन में दबे चार लोगों के शव बुधवार को निकाले गए। प्रांत के स्थानीय और सैन्य अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि भूस्खलन से पहाड़ की तलहटी में पांच घर दब गए। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों में एक गर्भवती महिला, उसका पति और दो अन्य पुरुष, पहाड़ी किसान थे। अधिकारियों ने कहा कि भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ।

### मंगोलिया की राजधानी में आग लगने से सात लोगों की मौत

**उलानबटोर :** मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में गुरुवार को एक इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी है। आपातकालीन एजेंसी ने कहा कि आग उलानबटोर के सोंगिनोखैरखान जिले में स्थानीय समयानुसार 03:50 बजे लगी। एजेंसी ने कहा कि जैसे-जैसे ठंड का मौसम आता है, घरों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। लोग घर को गर्म रहने के लिए आग जलाते हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### सचिन यादव ने भरा अपना नामांकन पत्र

**खरगोन :** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं खरगोन जिले के कसरावद विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सचिन यादव ने आज यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। यादव ने भगवान श्री हनुमान जी का आशीर्वाद लिया और खरगोन के रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उनके बड़े भाई एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। पिछले पांच दिनों में कश्मीर में घुसपैठ की यह दूसरी घटना है जिसे नाकाम किया गया है।

## आज का इतिहास

- 1795 : अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1806 : फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
- 1920 : भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म।
- 1947 : जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
- 1959 : पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
- 1968 : मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- 1978 : मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 1984 : भारत के प्रतिभाशाली आल राउंडर क्रिकेटर इरफान पठान का जन्म।
- 1995 : यूक्रैन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयंत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णत: बन्द किया गया।
- 1997 : एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2 | रांची शुक्रवार | 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

27.10.2023


## राज्यपाल बनाये जाने के बाद पहली बार दिल्ली गये रघुवर

रांचीः झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास आज दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली में वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। उन्हें पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपेंगे। रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल के रूप में 31 अक्टूबर को शपथ ग्रहण करेंगे। जानकारी हो कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

**प्रेस कांफ्रेंस** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान कोच और उपकप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# हमारा खेल पर फोकस, हर मैच महत्वपूर्ण : कप्तान

- अपने खेल से सभी को करेंगे प्रभावित : सविता
- झारखंड में टूनार्मेंट का आयोजन हमारे लिए बड़ी बात : सविता
- टूनार्मेंट की तैयारी, स्वागत और मौसम से कोच प्रभावित



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** मोरहाबादी स्थित मरंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित होनेवाले झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्राफी-2023 को लेकर आज भारतीय टीम की कप्तान, उपकप्तान और कोच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सविता और कोच ने प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर मीडिया से जानकारी साझा की।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा कि हम काफी दिनों के बाद भारत में बड़ा टूनार्मेंट खेलने जा रहे हैं, इसे लेकर हमारी टीम काफी उत्साहित है, उन्होंने कहा कि हम अपने खेल से सभी को प्रभावित करेंगे। हमारा खेल पर फोकस, हर मैच महत्वपूर्ण कप्तान, भारतीय महिला हॉकी टीम

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान ने कहा कि हमारी तैयारी अच्छी चल रही है, हमारे लिए हर मैच महत्वपूर्ण और हमारा मैच दर मैच टीम की रणनीति के अनुसार प्रदर्शन करने का प्रयास रहेगा।

झारखंड में टूनार्मेंट का आयोजन हमारे लिए बड़ी बात - सविता, कप्तान, भारतीय महिला हॉकी टीम नेशनल गेम्स के दौरान रांची में हॉकी प्रेमियों के मिले समर्थन को याद कर कप्तान काफी खुश नजर आयीं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हॉकी को सम्मान मिल रहा है। उन्होंनें कहा कि हमारे लिए यह बड़ी बात है कि झारखंड में टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच ने कहा कि हम हर मैच से कुछ न कुछ सीखते हैं। पिछली प्रतियोगिता से भी हमने काफी कुछ सीखा है और इंडिया के लिए इंडिया में खेलना अद्भुत क्षण होता है। उन्होंने कहा कि वो टूनार्मेंट को लेकर तैयारी मौसम और स्वागत से काफी प्रभावित है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान ने कहा कि हम टूनार्मेंट के दौरान अपने प्रदर्शन पर फोकस करेंगे, हम किसी भी टीम को कम नहीं आंक सकते।

# राज्य में मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 50 लाख 59 हजार 746

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** झारखंड में मतदाताओं की संख्या में करीब नौ लाख की वृद्धि हुई है। चुनाव आयोग के द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण में यह संख्या सामने आयी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन प्राधिकारी कार्यालय के अनुसार 27 अक्टूबर को राज्य में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। जिसके अनुसार, राज्य में मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 50 लाख 59 हजार 746 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 28 लाख 24 हजार नौ है। वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 22 लाख 35 हजार 359 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित होने के बाद इस पर 9 दिसंबर तक आपत्ति दर्ज की जा सकती है। जिसमें सुधार 26 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा। चुनाव आयोग के द्वारा 28-29 अक्टूबर और 4-5 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नए नाम जोड़ने के अलावे किसी तरह की मतदाता सूची से संबंधित शिकायत को मतदान केंद्र पर दर्ज किया जा सकता है। इस बार के मतदाता सूची को लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित हुए अंतिम मतदाता सूची के आंकड़ों की तुलना में लगभग 2.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन प्राधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में कमी देखी जा रही है। जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या में आंशिक वृद्धि देखी गयी है।

# 36 सीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

**राष्ट्रीय खबर**




**रांचीः** सरकार ने दुर्गा पूजा की छुट्टियों के तुरंत बाद राज्य भर के 36 अंचलाधिकारियों का तबादला किया है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। आज जारी अधिसूचना के मुताबिक विकास आनंद को पुटकी धनबाद के अंचलाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। मनोज कुमार को जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम के अंचलाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। कोडरमा के अंचल अधिकारी अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से चतरा सदर का अंचलाधिकारी के पद पर स्थानांरित किया गया है। हजारीबाग में पदस्थापित दीपक प्रसाद को ईचागढ़ सरायकेला, रविकुमार को टुंडी धनबाद के अंचलाधिकारी पद पर पदस्थापित किया गया है। खगेन महतो को महागामा गोड्डा के अंचलाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं तृप्ती विजया कुजूर को बालूमाथ लातेहार के अंचलाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। चुरचू के सीओ शशिभूषण सिंह को हजारीबाग सदर, अनूप कच्छप को झींकपानी कोलेबिरा, प्रतीक्षारत पुष्पक रजक को पोडैयाहाट के गोड्डा, प्रतीक्षारत आलोक वरुण केसरी को गोड़डा के ठाकुरगंगटी और प्रतीक्षारत राजेश डुगडुग, को बेगवाद, गिरिडीह का सीओ बनाया गया है। वहीं प्रतीक्षारत सुनील कुमार को गढ़वा के नगरउतारी, प्रतीक्षारत यामुन रविदास को पलामू के हरिहरगंज, प्रतीक्षारत रवीन्द्र कुमार पाण्डेय को कोडरमा के डोमचांच, प्रतीक्षारत शंभु राम अधिकारी, कुन्दा चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत संजय पाण्डेय को गिरिडीह के जमुआ, प्रतीक्षारत राकेश भूषण सिंह को गढ़वा के भंडरिया, प्रतीक्षारत कमल किशोर सिंह को कोडरमा सदर, प्रतीक्षारत श्रीगती अमृता कुमारी को देवघर के मोहनपुर का सीओ बनाया गया है। वहीं प्रतीक्षारत श्रीकृष्ण मुरारी तिर्की को पलामू के सतबरवा, प्रतीक्षारत प्रताप मिंज को रांची के बेड़ो, प्रतीक्षारत सुनील कुमार झा को गढ़वा के खरौंधी का, प्रतीक्षारत पंकज कुमार को लोहरदगा के पेशरार का, प्रतीक्षारत श्रीमती मधुश्री मिश्रा को सिमडेगा के जलडेगा, प्रतीक्षारत राकेश सहाय को चतरा के गिद्धौर में सीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि प्रतीक्षारत धनंजय गुप्ता को हुसैनाबाद, प्रतीक्षारत संतोष कुमार शुक्ला को पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा, प्रतीक्षारत अशोक कुमार सिन्हा को साहिबगंज के राजमहल का, प्रतीक्षारत विकास कुमार को दुमका के काठीकुंड, पुटकी के सीओ सुदीप एक्का को धनबाद में ही बलियापुर, चतरा के रणवीर कुमार को पलामू के मोहम्मदगंज, बालूमाथ के मो आफताब आलम को गढ़वा के कांडी, तरहसी के केदार नाथ सिंह को गोड्डा के बोआरीजोर का, कैरो के कमलेश उरांव को सिमडेगा के ठेठईटांगर और ठेठईटांगर से समीर कच्छप को स्थानांतरित करते हुए अंचल अधिकारी, बांसजोर, सिमडेगा के

## पुलिस को मिले 12 नए स्कॉर्पियो

रांचीः अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूनार्मेंट की मेजबानी के लिए राजधानी पूरी तरह तैयार है। 27 अक्टूबर से मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहली बार वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होगी, जो 5 नवंबर तक चलेगी। चैंपियनशिप में भाग लेने वाली सभी टीमें रांची पहुंच चुकी हैं। वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर आज गुरुवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रांची पुलिस को 12 पुलिस वाहन पायलट और स्कॉट सौंपे हैं। सभी वाहनों को फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर एसएसपी और सिटी एसपी ने रवाना किया। 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलनेवाली चैंपियनशिप में कुल 20 मैच खेले जायेंगे। 27 अक्टूबर से दो नवंबर तक लीग मैच खेले जायेंगे। प्रतिदिन तीन मैच होंगे। पहला मैच शाम 4:00 बजे से, दूसरा मैच शाम 6:15 बजे से, जबकि तीसरा मैच रात 8:30 बजे से खेले जायेंगे। स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। यानी दर्शक निःशुल्क सभी मैचों का लुत्फ उठा सकेंगे।

# इंजोत डहर फिल्ममेकिंग कार्यशाला का सचिव वंदना डडेल ने किया शुभारंभ

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** इंजोत डहर एवं ट्राईबल सिनेमा ऑफ इंडिया के संयुक्त संयोजन में फिल्ममेकिंग कार्यशाला की शुरूआत आज दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को सत्य भारती ऑडिटोरियम में हुआ।कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यअतिथि श्रीमती वंदना डाडेल, प्रधान सचिव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने अपनें संदेश में इंजोत डहर के पहल की सराहना की और सभी फिल्मकारों को सामाजिक सरोकार से जुडी फिल्मों के निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही झारखंड फिल्म जगत की तरक्की के लिए यथा संभव शासकीय सहभागिता की बात रखी। इस कार्यक्रम में झारखंड फिल्मजगत के वरिष्ठ फिल्मकार श्री मेघनाथ , फिल्मकार श्री दीपक बारा, सत्य भारती के निर्देशक फॉ एलेक्स, इंजोत डहर से श्री जॉन होरो, अमृत टोप्पो, मंजू तिर्की, संयुक्त सचिव आनंद खालखो एवं कार्यशाला के प्रतिभागियों नें हिस्सा लिया। 10 दिन की कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्टोरी लेखन, स्क्रीनिंग, कैमरा एंगल, प्रोडक्शन से लेकर पोस्ट-प्रोडक्शन की बारीकियों से अवगत कराया जायेगा। प्रथम दिन की कार्यशाला में श्री मेघनाथ जी नें फिल्मों के इतिहास, तकनीकी जानकारी दी गई। आने वाले दिनों में फिल्मों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित जनों के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस कार्यशाला का समापन 04नवंबर को रंगारंग समारोह के साथ होगा जिसमें प्रतिभागियों द्वारा निर्मित शॉट फिल्मों का प्रदर्शन, झारखंड फिल्म जगत के प्रतिष्ठित जनों का सम्मान एवं संगीत संध्या 'देशी टर्नओवर' में ऑल्विन रोजारियो और मिकस्ड फ्रूट जैम ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति से होगा।






## तियाना बुधिया एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंची

रांचीः झारखंड के रांची की 9 वर्षीय टियाना बुधिया दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंचने वाली झारखंड की सबसे कम उम्र की बेटी और भारत की सबसे कम उम्र की युवतियों में से एक बन गई है। टियाना 5 अक्टूबर 2023 को माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर पहुंची, जो 5364 मीटर (17598 फीट) की ऊंचाई पर है। उसने अपने पिता अनिरुद्ध बुधिया और उनके दोस्तों मयंक आर्य के साथ 11 दिनों में 130 किमी से अधिक की पूरी यात्रा पूरी की।

# हेंसापोड़ा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में पांच दिनों से पेयजलापूर्ति बंद कराया

**राष्ट्रीय खबर**



**रामगढ़ :** रजरप्पा के नजदीक हेंसापोड़ा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों ने पेयजलापूर्ति ठप करा रखा है। पेयजलापूर्ति ना हो इसके लिए ग्रामीणों ने पानी टंकी परिसर क्षेत्र में ताला बंदी कर रखी है। इस सम्बन्ध में बताया जाता है कि ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि पानी टंकी परिसर क्षेत्र में एक समुदाय के मजदूरों ने अन्यत्र जगह से प्रतिबंधित मांस मंगाकर वहां बनाया और खाया। पश्चात मांस के कुछ अंश को पानी टंकी में डाल दिया और वही पानी क्षेत्र में सप्लाई होती रही। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई, तो ग्रामीण विरोध करते हुए गए और परिसर क्षेत्र में मौजूद मजदूर के साथ मारपीट की। इसकी सूचना किसी ने 100 डायल कर पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, परन्तु तबतक लोग क्षेत्र के प्रमुख द्वार में ताला लगाकर वहां से जा चुके थे। ग्रामीणों ने बताया कि आशंका पर ग्रामीणों ने तत्काल टंकी के पानी को बहा दिया और पानी सप्लाई बंद करा दी।

**पिछड़ापन** गरीबी की मामले में देश में झारखंड दूसरे स्थान पर आता है

# राज्य की 2.5 करोड़ आबादी पांच किलो चावल पर निर्भर

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** जिस राज्य में अकूत खनिज संपदा हो और जिसका विभाजन भी विकास के नाम पर ही हुआ हो, लेकिन स्वतंत्र राज्य बनने के 23 साल होने पर भी राज्य की गिनती देश के दूसरे गरीब राज्यों में हो, तो इससे बड़ा दुर्भाग्य दूसरा नहीं हो सकता है। वर्ष 2000 में झारखंड का बिहार से विभाजन हो गया, लेकिन विकास के नाम पर आज भी पिछड़े है। देश के गरीब राज्यों के गिनती में झारखंड बिहार के बाद दूसरे नंबर पर आता है। एक आंकड़े के अनुसार झारखंड की 42 फीसदी आबादी गरीबी के हिस्से में आती है। राज्य में 2023 के आबादी के अनुसार अनुमानतः जनसंख्या चार करोड़ छह लाख है। इसके में आधे के करीब लोग गरीबी में जीते हैं। 16.99 प्रतिशत यहां बेरोजगारी दर है। गरीबी का अंदाजा इस पर लगाया जा सकता है कि यहां 2.5 करोड़ की जनसंख्या सरकार द्वारा उपलब्ध पांच किलो चावल पर निर्भर हैं। यहां लाल कार्डधारी लोगों की आवादी दो करोड़ 29 लाख 72 हजार है, जबकि अंत्योदय कार्डधारी लाभुकों की संख्या 34 लाख 53 हजार 247 है। लाल कार्डधारी लाभुकों को केंद्र की ओर से परिवार के प्रत्येक सदस्य के हिस्से पांच किलो अनाज में से तीन किलो चावल और दो किलो गेहूं प्रत्येक माह उपलब्ध कराती है, अंत्योदय योजना के लाभुकों को प्रत्येक माह 35 किलो चावल उपलब्ध कराया जाता है। ये योजनाएं केंद्र सरकार की ओर से संचालित हैं, जबकि राज्य सरकार ग्रीन कार्ड के माध्यम से लोगों को पांच किलो चावल उपलब्ध कराती है। ग्रीन कार्डधारी लाभुकों की संख्या 14 लाख 37 हजार 653 है। सफेद कार्डधारियों की संख्या 13 लाख 62 हजार 22 है। सबसे अधिक लाल कार्डधारी लाभुक गिरिडीह जिले में है, जहां 17 लाख 79 हजार 904 है, जबकि धनबाद जिला दूसरा स्थान रखता है। यहां लाख कार्डधारियों की संख्या 17 लाख 56 हजार 201 है।